सूर्योदय 6:09 सूर्यास्त 6:18

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.0 न्यू | 27.2 अधि |
| धर्मशाला | 18.0 न्यू | 31.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84544.31 |
| निफ्टी | 25790.95 |
| सोना 73,340 | चांदी 92,500 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




जसप्रीत बुमराह के अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में 400 विकेट पूरे

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 21 सितंबर 2024 | 6 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 275, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### मां और बहन के पास शिमला पहुंचे राहुल गांधी



**शिमला।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को शिमला पहुंचे हैं। दो दिन पहले ही उनकी मां सोनिया गांधी और बहन प्रियंका गांधी भी पहुंची हैं। ये तीनों अगले कुछ दिन प्रियंका गांधी के छराबड़ा स्थित घर पर ही रुकने वाले हैं। 15 सितंबर को कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी भी शिमला पहुंची थीं। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के शहर से करीब 13 किलोमीटर दूर छराबड़ा में प्रियंका गांधी का निजी आवास है।

### केजरीवाल के लिए केंद्र से मांगा सरकारी आवास



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। किसी भी सरकारी पद से इस्तीफा देने के बाद नेता/कर्मचारी को सरकार की तरफ से मिल रही सुविधाओं से मुक्त होना होता है। अब अरविंद केजरीवाल को सीएम आवास खाली करना है, लेकिन इन सबके बीच 'आप' ने केंद्र सरकार से पार्टी ने पूर्व सीएम के लिए एक सरकारी आवास की मांग की है।

### पाक में आतंकी हमले में 6 सुरक्षा कर्मियों की मौत

**पेशावर।** अफगानिस्तान की सीमा से सटे पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में वीरवार रात को आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा चौकी पर किए गए हमले में छह सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। एक अन्य घटना में दक्षिणी वजीरिस्तान जिले के ही अजाम वरसाक इलाके में शुक्रवार को आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ हुई, जिसमें सात आतंकवादी मारे गए, जबकि दो सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बद्दी हत्याकांड में गिरफ्तार 17वां आरोपी सट्टेबाजी का किंगपिन -पेज 3
- धर्मशाला में होगा इलेक्ट्रोहोम्योपैथी विवि का शिलान्यास: डॉ. सुरेंद्र -पेज 4
- पेंशनर्स मांगें पूरी न होने पर करेंगे प्रदेशव्यापी आंदोलन -पेज 6
- द्रंग में पुलिस चौकी स्थापित करने के लिए महिलाओं का प्रदर्शन -पेज 9
- भारत में पहली बार कम रेट पर बिक रहे आईफोन-16 -पेज 13


### सीएम सुक्खू की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में लिए कई बड़े फैसले

# राज्य में बनेंगी तीन बड़ी बिजली परियोजनाएं, भरे जाएंगे 180 पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) को राज्य में तीन बड़ी बिजली परियोजनाएं बनाने की मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से कुल 2680 किलोवाट बिजली उत्पादन किया जाएगा। जंगी थोपन जल विद्युत परियोजना से 780 मेगावाट, रेणुकाजी से 1630 मेगावाट और थाना प्लौन पंप स्टोरेज जल विद्युत परियोजना से 270 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। वहीं, मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों में 180 पद भरने को भी मंजूरी दी।

मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग को पोस्ट कोड 903 और 939 के परिणाम घोषित करने के लिए अधिकृत किया है। जांच एवं अदालती कार्यवाही के अंतिम परिणाम के दृष्टिगत पोस्ट कोड 903 के पांच पद और पोस्ट कोड 939 के तहत छह पद रिक्त रखे गए हैं। सोलन में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद को राज्य स्तर पर स्कूल और शिक्षक प्रशिक्षण के लिए स्तरोन्नत करने को भी मंजूरी दी गई।



मंत्रिमंडल बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### वन रक्षकों के 100 रिक्त पद भरने का निर्णय

**वन** विभाग में सहायक वन रक्षकों के 100 रिक्त पद भरने, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 33 पद भरने को मंजूरी दी गई। लाहौल-स्पीति के सिस्सू में नया पुलिस थाना खोलने तथा विभिन्न श्रेणियों के 18 पद भरने तथा चंबा के हथली में नई पुलिस चौकी के लिए छह पद भरने को भी स्वीकृति दी गई। इसके अलावा मंडी में गृह विभाग में दो पुलिस उपाधीक्षक, जिला कारागार में औषधि वितरक, सहायक निदेशक तथा प्रयोगशाला सहायक के तीन पद भरे जाएंगे। महाधिवक्ता कार्यालय में विभिन्न श्रेणियों के 10 पदों को भरने समेत कसौली, जाबली व बीबीएन में ईएसआई अस्पतालों में 6 पद भरने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा फॉरेंसिक सेवा विभाग में भी छह पद भरे जाएंगे।

### देहरा व पांवटा साहिब अस्पताल में क्रिटिकल केयर ब्लॉक होंगे स्थापित

**मंत्रिमंडल** ने कांगड़ा जिले के नागरिक अस्पताल देहरा और सिरमौर जिले के नागरिक अस्पताल पांवटा साहिब में 50 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक स्थापित करने को मंजूरी दी, ताकि उन्हें आधुनिक देखभाल सुविधाओं से सुसज्जित किया जा सके। देहरा में एचपीएसईबीएल के अधीक्षण अभियंता और खंड चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया है।

### मंत्रिमंडलीय उपसमिति बनेगी

**मंत्रिमंडल** ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समितियों के सुदृढ़ीकरण के लिए सिफारिशें प्रदान करने संबंधी मंत्रिमंडलीय उपसमिति के गठन को स्वीकृति प्रदान की। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा इस उपसमिति के सदस्य होंगे।

# विश्वकर्मा योजना भारत के कौशल को जीवित रखने का रोडमैप: मोदी

**एजेंसी, मुंबई**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के वर्धा में राष्ट्रीय पीएम विश्वकर्मा कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनी का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की और महाराष्ट्र सरकार की आचार्य चाणक्य कौशल विकास केंद्र योजना की शुरुआत की।

मोदी ने कहा कि आज ही के दिन 1932 में महात्मा गांधी ने छुआछूत के खिलाफ अभियान शुरू किया था। उन्होंने विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूरा होने पर इसे विकसित भारत के संकल्पों को नई ऊर्जा देने वाला बताया।

उन्होंने कहा कि आज अमरावती में पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया गया है। भारत अपने कपड़ा उद्योग को वैश्विक बाजार में शीर्ष पर ले जाने के लिए काम कर रहा है और अमरावती का 'पीएम मित्र पार्क' इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक साल में 18 अलग-अलग पेशों के 20 लाख से ज्यादा लोगों को विश्वकर्मा योजना से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में 60 हजार से ज्यादा लोगों को कौशल प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है। इसके अलावा, विश्वकर्मा बंधुओं को 15 हजार रुपए का ई-वाउचर और बिना गारंटी के 3 लाख रुपए तक का लोन भी मिल रहा है।

### कांग्रेस और महा विकास अघाड़ी सरकार ने किसानों को बदहाली में धकेला

**मोदी** ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में कांग्रेस और महा विकास अघाड़ी सरकार ने किसानों को बदहाली में धकेला। उन्होंने कहा कि हमने कांग्रेस की दलित और पिछड़ा विरोधी सोच को खत्म कर दिया है। पिछले एक साल के आंकड़ों के अनुसार, एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के लोग विश्वकर्मा योजना का लाभ उठा रहे हैं।

### पाकिस्तान से जुड़ी विवादित टिप्पणी करने का मामला

# कर्नाटक हाईकोर्ट के जज को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**महिला वकील पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी**

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के एक जज को फटकार लगाई है और साथ ही कर्नाटक उच्च न्यायालय से जज की विवादित टिप्पणी पर रिपोर्ट मांगी है। दरअसल कर्नाटक उच्च न्यायालय के जज वेदव्यसचार श्रीशनंदा ने एक मामले पर सुनवाई करते हुए बेंगलुरु के समुदाय विशेष बहुल इलाके को 'पाकिस्तान' बता दिया था। साथ ही सुनवाई के दौरान जज ने महिला वकील पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की पीठ ने संवैधानिक अदालतों के जजों की टिप्पणी के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय करने की जरूरत बताई। पीठ में मुख्य न्यायाधीश के अलावा जस्टिस एस खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस एच रॉय भी शामिल हैं। पीठ ने मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए कहा कि जब अदालती कार्यवाही को मॉनिटर करने में सोशल मीडिया की भूमिका काफी अहम हो गई है तो ऐसे में जरूरत है कि न्यायिक टिप्पणियां अपेक्षित शिष्टाचार के अनुरूप हों। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति द्वारा की गई टिप्पणियों पर मीडिया रिपोर्ट्स ने ध्यान आकर्षित किया है। हम कर्नाटक उच्च न्यायालय से अनुरोध करते हैं कि वह उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से निर्देश प्राप्त करने के बाद एक रिपोर्ट पेश करें। सुप्रीम कोर्ट अब बुधवार को इस मामले पर सुनवाई करेगा।

# नड्डा ने तिरुपति लड्डू मुद्दे पर रिपोर्ट मांगी, कहा-होगी उचित कार्रवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से बात की है और तिरुपति लड्डू मुद्दे पर पूरी रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि केंद्र इस मामले की जांच करेगा और उचित कार्रवाई करेगा।

नायडू ने दावा किया है कि पिछली जगन मोहन रेड्डी सरकार के दौरान तिरुपति मंदिर के लड्डू बनाने के लिए पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। इस दावे के बाद एक बड़ा राजनीतिक विवाद पैदा हो गया है। युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि मुख्यमंत्री राजनीतिक लाभ के लिए 'घृणित आरोप' लगा रहे हैं, जबकि तेलुगु देशम पार्टी ने इस दावे के समर्थन में एक प्रयोगशाला रिपोर्ट प्रसारित की है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, "मुझे सोशल मीडिया के जरिए इस मुद्दे के बारे में पता चला। मैंने आज चंद्रबाबू नायडू से बात की और पूरी रिपोर्ट भेजने को कहा।' उन्होंने कहा कि रिपोर्ट मिलने के बाद इसकी जांच की जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल हुआ हैक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल शुक्रवार को हैक कर लिया गया है। खबरों के मुताबिक, इसमें यूएस स्थित कंपनी रिपल लैब्स की क्रिप्टोकरंसी को बढ़ावा देने वाले वीडियो चलाए गए हैं। हैक किए गए चैनल पर एक वीडियो की लाइव स्ट्रीमिंग भी की गई। इस वीडियो में शीर्षक है, 'ब्रेड गार्लिंगहाउस रिपल' ने एसईसी के 2 बिलियन डॉलर के जुर्माने पर प्रतिक्रिया दी। सुप्रीम कोर्ट संविधान पीठों के समक्ष सूचीबद्ध मामलों और जनहित से जुड़े मामलों की लाइव सुनवाई को स्ट्रीम करने के लिए यूट्यूब का उपयोग करता है।

**मार्केट** चार साल के बाद ब्याज दर में कटौती से घरेलू बाजार में आई तेजी

# सेंसेक्स पहली बार 84,000 पार

**एजेंसी, मुंबई**



बीएसई सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को शुरुआती सौदों में 84,000 अंक के रिकॉर्ड स्तर के पार पहुंच गया। निफ्टी ने भी अपने नए रिकॉर्ड उच्च स्तर को छूआ। वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा चार साल से अधिक समय के बाद अपनी ब्याज दर में कटौती से घरेलू बाजार में तेजी आई है।

शुरुआती सौदों में 30 शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 975.1 अंक उछलकर 84,159.90 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 271.1 अंक की बढ़त के साथ 25,686.90 अंक के नए सर्वकालिक शिखर पर रहा। सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति, टाटा स्टील, लार्सन एंड टूब्रो, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, नेस्ले, भारती एयरटेल और अदाणी पोर्ट्स के शेयर सबसे अधिक मुनाफे में रहे। केवल टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयर में गिरावट आई। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की-225 और हांगकांग का हैंगसेंग फायदे में रहे, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजार वीरवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे।

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74.66 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) वीरवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 2,547.53 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।






# शिमला-बिलासपुर



## न्यूज ब्रीफ

### एसएफआई को महाविद्यालय से किया जाए बैन : कुणाल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संजौली इकाई द्वारा महाविद्यालय का माहौल खराब करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संजौली इकाई के इकाई मंत्री कुणाल ने कहा कि संजौली महाविद्यालय में एसएफआई के कुछ शरारती तत्वों द्वारा महाविद्यालय का माहौल खराब किया गया, महाविद्यालय में अनुशासन और दूर-दूर से आए छात्रों की पढ़ाई का माहौल भी खराब किया जा रहा है, उसके खिलाफ महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की जाए। इतना ही नहीं बल्कि कुछ बाहरी शरारती तत्वों द्वारा भी महाविद्यालय में आकर कॉलेज के प्रोफेसर के साथ बत्तमीजी व गेट पर खड़े कॉलेज स्टाफ के साथ हाथापाई करते है और बिना आज्ञा के अंदर जाते हैं। परिषद प्रशासन अनुरोध करती है की इस सभी शरारती तत्वों के खिलाफ जल्द ही कोई कार्रवाई की जाए ताकि महाविद्यालय फिर से सुचारू रूप से चल सके। ऐसे में उन्हें महाविद्यालय से जल्द से जल्द बैन कर दिया जाए।

### शूटिंग रेंज छात्रों के लिए बड़ा अवसर करेगी प्रदान : ललिता



**दशमी रावत, रोहडू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। वहीं आराधना स्कूल रोहडू के चेयरमैन वीरेंद्र सिंह बांश्टू गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहे। इस खेल महोत्सव का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर दिग्विजय चौहान की देखरेख में विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय सीमा में शूटिंग रेंज का भी उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन समारोह में वीरेंद्र सिंह बांश्टू के निरीक्षण में कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने बताया कि यह शूटिंग रेंज न केवल खेलों में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान करेगी, उनके शारीरिक और मानसिक विकास में भी सहायक साबित होगी।

### कुश्ती में चियोग की छात्राओं ने झटके पांच स्वर्ण पदक



**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग की पांच छात्राओं ने जिला स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में पांच गोल्ड मैडल जीत कर एक मिसाल कायम की है। इन छात्राओं के स्कूल में पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया और प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने इन छात्राओं को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।

### चौपाल बस स्टैंड व अस्पताल से कचरा किया एकत्रित



**चौपाल, नेरवा।** राजकीय महाविद्यालय चौपाल की एनएसएस इकाई तत्वाधान में नगर पंचायत चौपाल के सहयोग से एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' थीम के तहत चौपाल में सफाई अभियान चलाया। अभियान की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविंद्र चौहान द्वारा की गई। इस मौके पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने चौपाल बस स्टैंड व अस्पताल परिसर की सफाई कर चार बौरे प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया। इस अभियान की अगवाई कार्यक्रम संयोजिका सहायक आचार्य प्रियंका ठाकुर द्वारा की गई। इस मौके पर कॉलेज का समस्त शिक्षक व गैर शिक्षक स्टाफ भी मौजूद रहा। इससे पूर्व गुरूवार को इस अभियान की शुरुआत पर कॉलेज प्राचार्य द्वारा सभी स्वयंसेवियों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई।

### स्वारघाट में युवक से 21.83 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस की विशेष टीम ने स्वारघाट क्षेत्र में एक युवक से 21.83 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने मौके पर ही युवक को गिरफ्तार कर लिया है और मामला दर्ज का आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्वारघाट क्षेत्र के समीप एक युवक के पास चिट्टे की गुप्त सूचना थी। ऐसे में पुलिस ने सारी जांच पड़ताल की और युवक को रास्ते में पकड़ लिया। ऐसे में पुलिस को देखकर युवक घबरा गया और वहां से भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने तुरंत प्रभाव से युवक की चैकिंग की तो युवक से काफी मात्रा में चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान सुनील कुमार उम्र 27 साल पुत्र स्व. चुड्डा राम, निवासी वीपीओ गलोठ, तहसील नालागढ़, जिला सोलन के रूप में हुई है। उधर, बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन जारी है।



### घवांडल में मनाया राष्ट्रीय पोषण माह दिवस



**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी।** श्री नैना देवी जी की घवांडल पंचायत के समीपी गांव बड़ारन की आंगनबाड़ी केंद्र में सातवां राष्ट्रीय पोषण माह दिवस का आयोजन किया गया। वृत श्री नैना देवी जी में यह पोषण माह एक सितंबर से तीस सितंबर तक चलेगा। इस आयोजन में गांव की सभी महिलाओं और लाभार्थियों ने भाग लिया। आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता ने सुमन देवी ने सभी एकत्रित महिलाओं को पोषण माह के बारे में जानकारी दी। तथा सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि पोषण माह का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। तथा पौष्टिक आहार का जीवन में क्या महत्व है। गर्भवती महिलाओं धात्री व किशोरियों को अनीमिया के बारे में जानकारी दी। पोषण भी पढ़ाई भी तथा पूरक आहार वृद्धि निगरानी पर्यावरण संरक्षण इस पर भी उन्होंने जानकारी दी। इस आयोजन में लगभग गांव की 15 महिलाओं ने भाग लिया।

### कुठाकर में दी बैंक योजनाओं की जानकारी



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा कल्लरी द्वारा वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन कुठाकर गांव में प्रबंधक दिनेश चोपड़ा की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में बैंक की विभिन्न योजनाओं जैसे सशक्त महिला ऋण योजना, जिसकी पहली किस्त राशि 21 हजार, दूसरी किस्त 51हजार तथा तीसरी किस्त 10,1000 रूपए, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, किसान क्रेडिट व पशुपालन इत्यादि योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। शिविर में लोगों को लेन देन के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही डिजीटल बैंकिंग से संबंधित उत्पन्न होने वाले कठिनाइयों के बारे में बताया गया। बैंक प्रबंधक दिनेश चोपड़ा ने लोगों को सपनों के संचयन के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव की महिलाएं स्वयं सहायता समूह बनाकर बैंक से बचत एवं ऋण संबंधित योजनाओं का भरपूर लाभ उठा सकती है। इस दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए बैंक द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न वितिय संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# 4 तहसीलदारों और 19 नायब तहसीलदारों के हुए तबादले

**अनंत ज्ञान, शिमला**



प्रदेश सरकार ने 4 तहसीलदारों सहित 19 नायब तहसीलदारों के तबादले किए हैं। इसके अलावा 2 तहसीलदारों के तबादले रद्द भी किए गए हैं। इससे संबंधित अधिसूचना सरकार ने शुक्रवार को जारी की है। इसके तहत तहसीलदारों में रवीश चंदेल को नौराधार से ऊर्जा निदेशालय, हरीश कुमार को बमसन से मुल्तान, कंचन देवी को कल्पा से कसौली तथा राकेश कुमार को चुराह से धर्मशाला लगाया गया है।

वहीं, 19 नायब तहसीलदार भी बदले गए गए हैं। इसके तहत नानक राम को जांगला से पूह, देश राज को बमसन से संधोल, संजय कुमार को टौणीदेवी से पालमपुर, अमृत कुमार को पालमपुर से टौणीदेवी, रमन कुमार को एसएनटी सर्कल हमीरपुर से बंगाणा, सुरेंद्र कुमार को बंगाणा से भरौली, जोगिंदर सिंह को टिक्कन से टौणीदेवी, देव वृत कपिल को बागाचनोगी से सुजानपुर, जितेंद्र सिंह को डल्हौजी से मजझीन तथा राजवीर को कलोल से सुंदरनगर भेजा गया है। इसी तरह राजिंदर सिंह को कोटगढ़ से रामशहर, भूपिंदर सिंह को तेलका से भवारना, संजीव कुमार का भवारना से अम्ब, कमलेश कुमार का अम्ब से भलेई, अनिल कुमार का भरवाई से पंचरुखी, अरुण कुमार को पंचरुखी से भरवाई, तेज राम को कुल्लू से सराहां, अंशुल कश्यप को संगड़ाह से ठियोग तथा नवीन कुमार को ठियोग से संगड़ाह तबदील किया गया है।

### 2 तहसीलदारों के तबादले किए रद्द

2 तहसीलदारों के तबादला आदेशों को रद्द किया गया है। इसके तहत पहले अजय कुमार को होली से ज्वाली तथा विनोद कुमार को जवाली से होली लगाया गया है, जिसे अब रद्द कर दिया गया है।

### हिमाचल में जल्द होगी 200 डॉक्टरों की भर्ती

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा 200 चिकित्सकों की भर्ती के ऑफलाइन प्रस्ताव पर भर्ती करने से इनकार के बाद हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने ऑनलाइन भर्ती प्रस्ताव भेज दिया है।

ऐसे में अब प्रदेश के विभिन्न सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती की प्रक्रिया का रास्ता साफ हो गया है। हिमाचल प्रदेश लोकसेवा आयोग ने सभी विभागों को स्पष्ट रूप से कह दिया है कि जो भी भर्ती प्रस्ताव आयोग को भेजा जाए ऑनलाइन भेजा जाए। ऑफलाइन भेजे जाने वाले भर्ती प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 200 चिकित्सकों के पदों को अनुबंध आधार पर भरा जाना है। प्रदेश में जिला अस्पतालों से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की कमी है।

## अवैध मस्जिद मामले को लेकर करणी सेना ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते करणी सेना के सदस्य।

करणी सेना ने प्रदेश में अवैध मस्जिदों को लेकर उग्र रूप धारण कर लिया है। इस मुद्दे पर करणी सेना के आह्वान पर हिन्दू संगठनों ने गुरुवार को नेरवा बाजार में प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन के दूसरे दिन करणी सेना ने एसडीएम चौपाल को ज्ञापन सौंप कर 15 दिन के भीतर कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि यह कार्रवाई न की गई तो करणी सेना अन्य हिन्दू संगठनों के साथ मिलकर इसके बाद प्रदेश भर में उग्र आंदोलन चलाकर सनातन को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने से गुरेज नहीं करेगी।

करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश खुरांटा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम चौपाल को ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि उपमंडल चौपाल के अंतर्गत बनी समस्त मस्जिदों की पैमाइश करवाई जाए तथा जो सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से बनी है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

करणी सेना ने सर्कार को चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के भीतर कार्रवाई न की गई तो हिंदू संगठनों के साथ मिल कर प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसमें किसी भी तरह के नुक्सान की जिम्मेदारी सरकार की होगी। प्रतिनिधिमंडल में उषा चौहान,रिट्टू बेस्ट,सन्नी शर्मा,राज पाल व अमित शर्मा आदि करणी सेना के सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## एचपीयू शिमला के प्रो. महावीर शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में शामिल

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर महावीर सिंह ने विश्व स्तर के दो फीसदी शीर्ष वैज्ञानिक की सूची में स्थान पाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की रैंकिंग-2024 में वे वैश्विक स्तर के दो फीसदी शीर्ष वैज्ञानिकों में से एक बन गए हैं। उनके एप्लाइड फिजिक्स (मैटेरियल साइंस) के क्षेत्र में उपलब्धियों और मैग्नेटिक नैनो टेक्नोलॉजी में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें यह सम्मान और स्थान मिला है। यह न केवल हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है कि यहां के एक विश्वविद्यालय के शिक्षक वैज्ञानिक को विश्व स्तर की रैंकिंग में स्थान मिला है।

## सफाई कर्मचारियों की शीघ्र बुलाई जाएगी बैठक : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान, शिमला**



विक्रमादित्य को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला स्थित गयेटी थियेटर में 'दी जॉर्ज इंस्टीट्यूशन फॉर ग्लोबल हैल्थ' संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिमला शहर की खूबसूरती के लिए सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में सफाई कर्मियों का बहुत बड़ा योगदान है। इसलिए वर्तमान सरकार सफाई कर्मचारियों के साथ मजबूती के साथ खड़ी है और मंत्री होने के नाते यह जिम्मदारी बनती है कि उनकी मांगों एवं समस्याओं का निपटारा शीघ्र हो।

इसी को ध्यान में रखते हुए सफाई कर्मचारी युनियन के साथ शीघ्र ही एक बैठक आयोजित की जाएगी। दी जार्ज इंस्टीट्यूशन फॉर ग्लोबल हेल्थ संस्था द्वारा शहर में सफाई कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कचरा प्रबंधन एवं आ रही दिक्कतों से संबंधित जानकारी देने के लिए एक लघु फिल्म 'अ डॉकुमेंटरी ऑफ़ द वर्क एंड लाइफ ऑफ वेस्ट' भी दिखाई।

### दो आरोपियों से चिट्टा बरामद

**दशमी रावत, रोहडू।** पुलिस थाना चिडगांव के अंतर्गत पुलिस टीम ने पैट्रोलिंग के दौरान वीरवार शाम साढे सात बजे के करीब आंध्रा पावर हाऊस के पास सुंधा निवासी निशांत शर्मा (31) से 2.58 ग्राम व डिस्वानी निवासी अंशुल (20) से 1.89 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। एसडीपीओ रोहडू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## समग्र शिक्षा निदेशक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राज्य समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा व प्रारंभिक शिक्षा निदेशक आशीष कोहली ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) शामलाघाट शिमला में आयोजित किए जा रहे जेबीटी प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में नवनियुक्त जेबीटी अध्यापकों का 15 दिन का शुरुआती प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 सितंबर को प्रारम्भ हुआ है। इसमें जिला शिमला, किन्नौर और लाहोल-स्पीति के 136 नवनियुक्त अध्यापक हिस्सा ले रहे हैं।

इन 136 अध्यापकों को दो ग्रुपों में बांटा गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पांचवें दिन समग्र शिक्षा राज्य परियोजना निदेशक राजेश शर्मा व प्रारंभिक शिक्षा निदेशक आशीष कोहली विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर डाइट के प्रधानाचार्य जय देव नेगी ने दोनों निदेशकों का स्वागत किया और प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में प्रकाश डाला। इस दौरान समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा और प्रारंभिक शिक्षा निदेशक आशीष कोहली ने जेबीटी अध्यापकों को प्रशिक्षण से संबंधित दिशा-निर्देश दिए और इस ट्रेनिंग में उपस्थित अध्यापकों के साथ अपने विचार साझा किए।

समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों के साथ ज्ञान बांटने से है, यह अध्यापक पर निर्भर करता है कि बच्चों को क्या पढ़ाया जाए और कैसे पढ़ाया जाए।

## भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुकूल हो शिक्षा : डॉ. कृष्ण

**अनंत ज्ञान, शिमला**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य।

पूरा विश्व भारत की विशेषता के बारे में जानना चाहता हैं। दुनिया भारत के बारे में अधयन्न करना चाहती है आखिर वह कौन सी बात है जो भारत को समर्थ और शक्तिशाली बना कर रखा है।

भारतीय संगीत, योग, वेद उपनिषद , रामायण, रामचरितमानस आदि हमारी मानवता की आधारशीला हैं यही से व्यक्ति का सामाजिक निर्माण होता हैं श्रेठ समाज के निर्माण में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उक्त बाते विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की अखिल भारतीय कार्यकारिणी बैठक का शुभारम्भ करते हुए डॉ. कृष्ण गोपाल सह सरकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कही। बैठक में विद्या भारती द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों 'अभिनव पंचपदी अधिगम पद्दति' तथा लोक माता देवी अहिल्या का विमोचन किया गया जिसका प्रकाशन विद्या भारती ने किया है।

# मांगों को लेकर बिलासपुर में गरजे पेंशनर्स

## शहीद स्मारक के पास किया धरना-प्रदर्शन, प्रदेश सरकार के विरुद्ध की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



पेंशनर्स कल्याण संघ के बैनर तले रैली निकालते विभिन्न पेंशनर्स संघों के सदस्य।

पेंशनर्स कल्याण संघ के बैनर तले जिला के विभिन्न पेंशनर्स संघों ने अपनी मांगों को लेकर शहीद स्मारक के पास करीब साढ़े तीन घंटे धरना-प्रदर्शन किया तथा प्रदेश सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। सभी वक्ताओं ने एक सुर में प्रदेश सरकार से उनकी मांगों को पूरा करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पेंशनरों की समस्याओं का समाधान करने की अपेक्षा हर महीने 10 तारीख को पेंशन दिए जाने का प्रावधान कर दिया, जिससे पेंशनरों को उम्र के इस पड़ाव में भारी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले पेंशनरों के साथ सरकार ऐसा व्यवहार सहन योगय नहीं है। इसके बाद पेंशनरों ने शहीद स्मारक से लेकर उपायुक्त कार्यालय तक रैली भी निकाली तथा उपायुक्त के माध्यम से जिला पेंशनर संघ के प्रधान जगदीश दिनेश की अगुवाई मं मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी प्रेषित किया। ज्ञापन में पेंशनरों की मांगों को पूरा करने के लिए शीघ्र संयुक्त सलाहकार समिति गठित कर बैठक बुलाने की मांग की गई।

इसके अतिरिक्त एक जनवरी, 2016 के बाद सेवानिवृत हुए पेंशनरों को बकाया राशि का शीघ्र भुगतान करने, पेंशनरों के लंबे समय लंबित पड़े मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान करने का आग्रह किया गया। तर्क दिया कि बढ़ती उम्र के कारण पेंशनरों को कई बीमारियां लग चुकी हैं। ऐसे में मेडिकल बिलों का भुगतान न होने से काफी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। पेंशनरों ने लंबे समय से लंबित 12 प्रतिशत डीए का भुगतान करने, अन्य राज्यों की तर्ज पर रूपांतरण अवधि को 15 वर्ष से घटाकर 10 साल आठ महीने करने, पेंशनरों को हर महीने की पहली तारीख को पेंशन का भुगतान करने की मांग की गई। चेतावनी दी गई है कि यदि पेंशनरों की मांगों का समाधान निकालने के लिए शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो पेंशनर प्रदेश स्तरीय आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। जिसकी सारी जिम्मेवारी प्रदेश सरकार की होगी। वहीं, जिला प्रशासन ने किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया था।

## तीसरे दिन पानी पर तैरते हुए मिला अमन कुमार का शव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

गणेश विसर्जन के दौरान अपने दोस्तों संग गोबिंदसागर झील में तैराकी करने के लिए गए अमन कुमार का शव शुक्रवार को मिल गया है। शुक्रवार सुबह के समय अमन का शव स्वयं ही गोबिंदसागर झील में तैरता हुआ दिखाई दिया। दो दिन तक लगातार गोताखोरों द्वारा सर्च करने के लिए बावजूद भी अमन का शव नहीं मिला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिलासपुर में शव को भेज दिया और मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

**पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपा**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह के समय जिला के मंडीभराड़ी पुल के समीप धराड़सानी में गोबिंदसागर झील में एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया। ऐसे में तुरंत प्रभाव से इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला और शव की शिनाख्त तीन दिन पहले डूबे अमन कुमार की हुई। उधर, खबर की पुष्टि करते हुए बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि शव मिल गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस सारे मामले की जांच में जुटी है।

### पुलिस की टीम और गोताखोर दो दिन से तलाश कर रहे थे

**आपको** बता दें कि पुलिस और गोताखोरों की टीम द्वारा दो दिन से सर्च अभियान चलाया हुआ था, जिसमें बीबीएमबी की ओर से आए गोताखोरों द्वारा झील में शव को ढूंढा जा रहा था, लेकिन वीरवार शाम तक शव नहीं मिला था। परंतु शुक्रवार सुबह ही स्वयं शव झील के उपर तैरता हुआ दिखाई दिया। गौरतलब है कि बीते बुधवार शाम को अमन कुमार उम्र 17 साल पुत्र विजय राम निवासी गांव धराड़सानी तहसील झंडूता बिलासपुर अन्य दो दोस्तों के साथ धराड़सानी में गणेश मूर्ति विसर्जन में शामिल हुआ। इसके बाद दोस्तों के साथ झील में नहाने के लिए कूद गया। दोस्त तो बाहर निकल आये, लेकिन अमन डूब गया। स्थानीय मोटर बोट चालक और तैराकों ने उसे ढूंढने की कोशिश की लेकिन नहीं मिला। बुधवार शाम को भी आपदा प्रबंधन टीम ने खोज अभियान चलाया था। लेकिन शव नहीं मिला और वीरवार पूरा दिन गोताखोर शव को ढूंढते रहे।

### संयुक्त संघर्ष मोर्चा की 25 को होगी बैठक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा जिला बिलासपुर की जिला स्तरीय बैठक आगामी 25 सितंबर को 11 बजे अंबेडकर भवन घुमारवीं में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए जिला महासचिव आचार्य नंद लाल ने बताया कि बैठक का संचालन खंड घुमारवीं के प्रधान दिलाराम करेंगे जबकि अध्यक्षता जिला प्रधान एवं सेवानिवृत्त डीएसपी सीताराम कौंडल करेंगे। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष कर्म सिंह, भगत सिंह, बर्फी देवी, प्रदेश संगठन महामंत्री जगजीत सिंह विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में मार्गदर्शन करेंगे। इस बैठक में जिला के पांचों खंडों की समस्त कार्यकारिणी वंचित वर्गों के हितैषी संगठनों के पदाधिकारी, ओबीसी वर्ग के बुद्धिजीवी तथा अल्पसंख्यक वर्ग के बुद्धिजीवी वर्ग सादर आमंत्रित हैं।

### डंगार चौक पर की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत डंगार पंचायत ने प्रवासी पंचायत मे पंजीकृत लोगों व स्थानीय लोगों, टैक्सी यूनियन, बाजार के व्यापारियों ने श्रमदान कर बाजार में सफाई की। डंगार चौक व्यापार मंडल ने अनीता धीमान पंचायत प्रधान ने की अध्यक्षता में यह अभियान शुरू किया गया। शुक्रवार को डंगार चौक के आसपास के क्षेत्र में डंगार चौक के व्यापारियों ने व डंगार पंचायत की प्रधान अनीता धीमान व सदस्यों व पंचायत सचिव ने डंगार पंचायत में रह रहे प्रवासियों ने स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई की।



## डॉ . जसवाल ने घुमारवीं में संभाला बीएमओ का पदभार

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



सिविल अस्पताल घुमारवीं में डॉक्टर महेश जसवाल ने खंड चिकित्सा अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया है। डॉ. जसवाल हमीरपुर के रहने वाले हैं तथा सचिवालय से स्थानांतरित होने के बाद उन्होंने इस पदभार को संभाला है। कार्यभार संभालने के साथ ही उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण किया। साथ ही मरीजों से मिलकर उनके कुशलक्षेम पूछा। इस मौके पर उन्होंने अस्पताल के प्रति अपनी कई प्राथमिकताओं को साझा करते हुए अस्पताल में बेहतर व्यवस्था बनाए जाने की बात कही। साथ ही अस्पताल में जो कमियां हैं, उन्हें भी दूर करने के लिए उचित कदम उठाने की बात की। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सबसे ज्यादा परेशानी मरीज के साथ आए तीमारदारों को उठानी पड़ती है। अस्पताल में ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी, ताकि मरीज के साथ आए तीमारदारों को अस्पताल में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। (अनंत ज्ञान)

**जानकारी** घुमारवीं महाविद्यालय में वेब डेवलपमेंट पर सेमिनार का किया आयोजन

## विद्यार्थियों को दी वेब डिजाइनिंग और एआई की जानकारी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय घुमारवीं में एचईआईएस के बीसीए तथा पीजीडीसीए विभाग की ओर से विद्यार्थियों के लिए वेब डेवलपमेंट यूसिंग फुल स्टैक विषय एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राम कृष्ण तथा एचईआईएस सचिव डॉ. सुरेश शर्मा को-ऑर्डिनेटर ऑफ बीसीए विभाग डॉ. सूर्यकांत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. राम कृष्ण के कर कमलों से हुआ। उन्होंने कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में मोहाली चंडीगढ़ स्थित पायसॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी वाइस प्रेसिडेंट हरीश चावला, वरिष्ठ डेवलपर तथा अर्शदीप कौर का स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. सुरेश शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना, जागरूक करना तथा रोजगार के अवसरों को उपलब्ध करवाना महाविद्यालय का उद्देश्य है। इस सेमिनार में विद्यार्थियों को आईटी कंसल्टेंसी, चैटजीपीटी, वेब डिजाइनिंग, मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे टेक्नोलॉजी के बारे में अवगत करवाया गया तथा यह विद्यार्थियों के लिए यह सेमिनार बहुत ही उपयोगी रहा। कार्यक्रम में लगभग 90 विद्यार्थियों ने भाग लिया इसमें बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अमरपाल सिंह, प्रोफेसर प्रियंका और प्रोफेसर रोहित, लैब तकनीशियन सचिन भारद्वाज उपस्थित रहे।




# बद्दी हत्याकांड में गिरफ्तार 17वां आरोपी सट्टेबाजी का किंगपिन

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी के ट्रक यूनियन स्थित पंचकूला के के युवक की हत्या मामले में पुलिस ने 17वें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान योगराज लबाना (30) पुत्र ओमप्रकाश निवासी खड्कुआ तहसील कालका जिला पंचकूला से हुई। आरोपी बद्दी में अवैध सट्टे का बड़ा किंगपिन है जो कि लाखों रुपए का रोजाना जगह-जगह पर सट्टे का कारोबार चलाता था।

पुलिस ने आरोपी योगराज को युवक की हत्या मामले में गिरफ्तार किया ह, जिन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। शुक्रवार को जिला पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि इस मामले में

कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें 2 युवक नाबालिग भी शामिल थे।



इल्मा अफरोज ने बताया कि मामले में कुछ और नाम शामिल है और पुलिस जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करेगी। पुलिस के अनुसार योगराज लबाना एरिया में सट्टे का प्रमुख सरगना था और यहां उसे सट्टे का किंगपिन माना जाता है।

योगराज लबाना बद्दी के काठा, ट्रक यूनियन बद्दी, शिवालिक नगर झाड़माजरी व कोका कोला कंपनी के समीप सहित तीन दर्जन स्थानों पर सट्टे का कारोबार चलाता है। योगराज लबाना पर पुलिस पर हत्याकांड वाले पहले ही दिन से पुलिस की पैनी नजर थी और एसपी बद्दी ने टीमें बनाकर उसे हिरासत में लेने का जाल बिछाया हुआ था। गौरतलब रहे कि बीते माह बद्दी ट्रक यूनियन के समीप पंचकूला के युवक राहुल राय की 17 के करीब युवकों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी थी जबकि दो साथियों को गंभीर रूप से घायल किया था।

पुलिस ने तुरंत मामले की जांच शुरू की तो एक के बाद एक गिरफ्तारी करते हुए अधिकतम आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### अब तक गिरफ्तार आरोपियों में 2 युवक नाबालिग भी शामिल

### भीड़ में आरोपियों की पहचान करना था चुनौती

**बद्दी** पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस के पास भीड़ में आरोपियों की पहचान कर पाना चुनौती बना हुआ था क्योंकि घटना के समय मौके पर दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद थे। ऐसे में बद्दी पुलिस ने हर आरोपी की पहचान कर पूरे मामले को सुलझाया।

### 30 लाख का सट्टे का करता था कारोबार

**सुत्रों** से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी योगराज एक माह में बद्दी व बरोटीवाला के एरिया में करीबन 30 लाख का कारोबार करता था जिसे एरिया में सट्टे का किंगपिन भी कहा जाता है। आरोपी हत्याकांड के बाद से ही फरार चल रहा था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# एसएफओआईओ में असिस्टेंट डायरेक्टर बनी बद्दी की बेटी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक नगर बद्दी की बेटी ने बडी उड़न भरी है और केंद्र सरकार में बडा मुकाम पाया है। बद्दी शहर के वार्ड-7 की रीता सचदेवा पुत्री मदन लाल निवासी ने यूपीएससी द्वारा आयोजित की गई परीक्षा में बाजी मारी और केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण विभाग सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन विभाग में सहायक निदेशक का पद प्राप्त किया है। रीता सचदेवा ने यह उपलब्धि पहले प्रयास में हासिल की।

रीता सचदेवा के बड़े भाई एडवोकेट डा. संदीप सचदेवा ने बताया की रीता बचपन से ही एक होनहार छात्रा रही है वो हर काम को बड़ी ही लगन व मेहनत से करती है। हाल ही में रीता पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट में लीगल रिसर्च के पद पर थी । रीता ने अपनी स्कूलिंग बीएल सेंट्रल पब्लिक स्कूल बद्दी से की उसके बाद वो अपनी पढ़ाई के लिए डीएवी चंडीगढ़ व पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से एलएलबी व एलएलएम की पढ़ाई की है ।

रीता ने अपनी सफलता के पीछे अपने परिवार का सहयोग बताया रीता ने कहा कि हर स्टूडेंट की सफलता के पीछे उसका परिवार होता है उसने अपनी सफलता के श्रेय अपने पिता मदन लाल माता कृष्णा देवी भाई संदीप सचदेवा स्वर्गीय भाई महेश सचदेवा व सभी परिवार के सदस्यों को दी।

पिता मदन लाल ने कहा कि हमारी बेटी ने बद्दी ही नहीं बल्कि प्रदेश का नाम रोशन किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अग्निवीर भर्ती के तहत कांगड़ा और चंबा का परिणाम घोषित



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर के भर्ती निदेशक कर्नल मनिष शर्मा (सेना मेडल) ने बताया कि अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी और अग्निवीर ट्रेड्समैन ऑनलाइन लिखित परीक्षा व शारीरिक परीक्षा का फाईनल परिणाम घोषित कर दिया गया हैं। चयनित उम्मीदवार अपना परिणाम भारतीय सेना के अधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। उन्होंने कांगड़ा और चंबा जिला के सभी चयनित उम्मीदवारो से अनुरोध किया कि 26 सितंबर को सुबह 8 बजे सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर मे दस्तावेज सम्बंधित अगामी कार्यवाही हेतू अनिवार्य रुप से उपस्थित रहें।

### 25 को भाजपा प्रदेश में 2 लाख सदस्य बनाएगी : बिहारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला ।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में अभी तक भाजपा की प्राथमिक सदस्यता का आंकड़ा 5 लाख 7 हजार 525 पहुंच गया है। यह सदयता अभियान की दृष्टि से बहुत ही मजबूत आंकड़ा है, प्रदेश में लगातार जनता का समर्थन भाजपा को सदस्यता अभियान के माध्यम से मिल रहा है। सच में वस्तु स्तिथि यह है की जनता कांग्रेस सरकार की कूनीतियों, झूठे वादे, आर्थिक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार, महंगाई, कानून व्यवस्था के नकारात्मक प्रबंधन से त्रस्त है। उन्होंने कहा की सुल्हा विधान सभा क्षेत्र में 24368 और गगरेट में 22189 प्राथमिक सदस्य बना लिए गए है। यह दोनो विधानसभा क्षेत्र उत्तम कार्य कर रही है। बिहारी लाल ने भाजपा की आगामी योजना का हवाला देते हुए कहा की 25 सितंबर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर एक ही दिन में भाजपा पूरे प्रदेश में 2 लाख प्राथमिक सदस्य बनाएगी। इसी के साथ भाजपा का सदस्यता आंकड़ा 25 सितंबर को 8 लाख हो जाएगा। उन्होंने बताया की सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में भाजपा के 7 मोर्चे, 18 प्रकोष्ठ , भाजपा प्रदेश, जिला, मंडल के मूल संगठन को बलशाली बनाते हुए सदस्यता अभियान को तेज गति प्रदान करेगा।

### बिझड़ी बाजार में बीच सड़क हुई मारपीट



**एसके ठाकुर, बड़सर ।** उपमंडल बड़सर के बिझडी बाजार में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब पंजाब नंबर की एक गाड़ी से उतरे लोग स्कूटी सवार युवाओं को पीटने लगे । बीच बाजार हंगामा होते देख स्थानीय दुकानदारों ने जब बीच बचाव करना चाहा तो हंगामा और बढ़ गया। हद तो तब हो गई जब मौके पर पहुंचे वार्ड पंच व उप प्रधान से भी यह लोग उलझ पड़े । इसी बीच लगभग आधे घंटे तक ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई रही तथा सड़क के दोनों और जाम लग गया । अंत में मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मचारियों ने गाड़ी को साइड में कराया तथा पंजाब नंबर की गाड़ी तथा उसमें सवार सभी लोगों को पुलिस सहायता कक्ष ले जाया गया। इस दौरान वार्ड पंच उप प्रधान तथा अन्य लोग भी पुलिस सहायता कक्ष बिझडी पहुंचे तथा क्षेत्र में शांति भंग करने तथा मारपीट करने के आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है द्य अंतिम समाचार मिलने तक पुलिस द्वारा आगामी कार्यवाही की जा रही थी। पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने बताया की मौके पर जाकर पुलिस ने दोनों पक्षों को कड़ी चेतावनी देकर मामले को शांत कर दिया है।

### बंबर ठाकुर ने भाजपा पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कांग्रेस पार्टी के राज्य वरिष्ठ महासचिव एवं पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने कहा है कि भाजपा के केंद्री व राज्य में बैठे बड़े -बड़े नेता इस बात को बड़े गर्व और होहल्ले के साथ कहते हैं कि उनकी पार्टी भाजपा कथित ' विश्व की सबसे बड़ी पार्टी ' बन गई है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए बंबर ठाकुर ने कहा कि यद्यपि इस बात का कभी कोई निष्पक्ष आकलन नहीं हुआ है कि वास्तव ही में भाजपा इतनी बड़ी पार्टी हो गई है जितनी बड़ी होने का वे दावा करते हैं । क्यों कि अपनी पार्टी के भव्य कार्यालयों में पार्टी रजिस्टर पर नाम लिखने से कोई छोटा या बड़ा नहीं होता है बल्कि इसका सार्वजनिक मापदंड तो उसके नेताओं के आचार-व्यवहार व वाणी से स्पष्ट प्रमाणित होता है, जिससे ही अनुमान लगता है कि वह कथित किसी बड़ी पार्टी के नेता हैं। बंबर ठाकुर ने कहा कि यदि चुनाव के समय भाजपा के केंद्रीय नेताओं द्वारा देश को आजाद करवाने वाले सबसे महत्त्वपूर्ण नेताओं महात्मा गांधी , जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्भ भाई पटेल और सुभाष चंद्र बोष जैसे नेताओं की पार्टी के प्रति प्रकट किए गए उद्गार देखें जाए तो स्पष्ट प्रमाणित होता है कि जिस पार्टी के नेताओं द्वारा देश की आजादी तथा एकता व अखंडता के लिए बलिदान देने वाले महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की पार्टी पर इस प्रकार के बेहूदे व शर्मनाक आरोप सरेआम लगाए जाते हैं, वह बड़ी नहीं बल्कि सबसे निकृष्ट पार्टी है।

# पंजाब विधानसभा की लोक उपक्रम समिति हिमाचल विधानसभा पहुंची

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पंजाब विधानसभा की लोक उपक्रम समिति सभापति सरबजीत कौर मानुके की अध्यक्षता में हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय पहुंची। समिति ने इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शिष्टाचार भेंट की। समिति सदस्यों में डॉ. जसबीर सिंह संधु, मोहम्मद जमील-उर-रेहमान, अमित रत्न कोफाटा, नीना मितल तथा एडवोकेट विरेन्द्र कुमार गोयल शामिल थे।



भेंट के दौरान पउंजाब विधान सभा समिति सदस्यों ने विधान सभा अध्यक्ष को समिति की कार्यप्रणाली क्रिया-कलापों तथा समिति द्वारा बैठकों के किस तरह निर्णय लिए जाते हैं के बारे अवगत करवाया। पँजाब विधान सभा समिति ने कुलदीप पठानियां को समितियों के गठन तथा सत्र की बैठकों बारे भी अवगत करवाया।

इस अवसर पर कुलदीप पठानिया ने समिति को हिमाचल विधानसभा की लोक उपक्रम समिति की कार्यप्रणाली, ई- विधान प्रणाली, सत्र संचालन तथा सदन की बैठकों के बारे अवगत करवाया। समिति को जानकारी देते हुए कुलदीप पठानियां ने कहा कि हमने अभी महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि समिति की बैठकें अब ऑन लाईन तरीके से आयोजित हुआ करेंगी। समिति का कोई भी सदस्य कहीं से भी विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समिति की बैठक से जुड़ सकता है तथा अपना योगदान दे सकता है इससे समिति का कार्य वाधित भी नहीं होगा तथा कोरम की समस्या भी नहीं रहेगी।

कुलदीप पठानिया ने कहा कि विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समिति बैठकों का सिलसिला 5 दिन पहले शुरू हुआ है।

# 300 यूनिट बिजली फ्री की गारंटी देकर सत्ता में आई कांग्रेस ने बढ़ाए बिजली के दाम : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार हर दिन गलत फैसले ले रही है। अपने फैसले लेते वक्त न तो मुख्यमंत्री और नहीं सरकार के मंत्री और विधायक प्रदेश के लोगों से किए गए किसी भी वादे के बारे में सोच रहे हैं। जिन गारंटियों के दम पर कांग्रेस सत्ता में आयी उन गारंटियों को लागू करके लोगों को सुविधाएं देना तो दूर मिल रही सुविधाओं को छीन रही है।

उन सुविधाओं पर लोगों की पहुंच कठिन कर रही है। ये प्रदेश की जनता से सरासर धोखा है भारतीय जनता पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कांग्रेस के आला नेता समेत स्थानीय नेताओं ने जगह जगह जाकर प्रदेश के लोगों को 10 गारंटी दी थी। जिसमें से एक गारंटी थी की सत्ता में आने पर सभी प्रदेशवासियों को 300 यूनिट बिजली फ्री देंगे। कांग्रेस सत्ता में तो आई, लेकिन उसे सत्ता में आने के बाद कभी गारंटियों की याद नहीं आई।



सबसे पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूर्व भाजपा सरकार द्वारा दी जा 125 यूनिट फ्री बिजली को बंद कर दिया। अब सरकार ने नया फरमान जारी किया है की यदि कोई भी प्रदेश 300 यूनिट से ज्यादा बिजली खर्च करेगा तो उससे बिजली के दाम बढ़ाकर वसूले जाएंगे। जयराम ठाकुर ने कहा की सत्ता हथियाने के लिए कांग्रेस ने 300 यूनिट फ्री बिजली देने का जो वादा प्रदेश के लोगों से किया था उसके बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट करें और बताएं कि किन परिस्थितियों में प्रदेश के लोगों को 300 यूनिट फ्री बिजली देने की बात कही गई थी।

जब चुनाव सिर पर हों तो जनता को ठगने के लिए किसी भी स्तर पर जाकर झूठ बोला जाये और चुनाव समाप्त होते ही लोगों पर कर का बोझ डाला जाए। महंगाई का बोझ डाला जाए। अकारण ही विभिन्न सेवाओं के शुल्क में वृद्धि कर दी जाए। चुनाव के समय बड़ी बड़ी घोषणाएं करते वक्त क्या कांग्रेस के नेताओं ने ऐसे वादों के क्रियान्वयन पर होने वाले खर्च का अध्ययन नहीं किया था? क्या कांग्रेस ने सिर्फ हवा हवाई घोषणाएं की थी?

# शिक्षा के साथ खेलों को भी नियमित समय दें युवा : रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने छात्राओं का आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी नियमित समय दें ताकि वह मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहकर देश के बेहतर नागरिक बन सके। रोहित ठाकुर आज सोलन के कण्डाघाट की राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में आयोजित 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की छात्राओं की जिला स्तरीय तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ करने के उपरांत खिलाड़ियों एवं अन्य को संबोधित कर रहे थे। तीन दिवसीय इस खेल-कूद प्रतियोगिता में सोलन जिला के 46 स्कूलों की 543 छात्राएं वालीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, योग तथा शतरंज में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगी। रोहित ठाकुर ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए मानसिक एकाग्रता, नियमित व्यायाम एवं परिश्रम आवश्यक है। यह सभी हमें विभिन्न खेलों से आसानी से प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि खेल हमें व्यवस्थित तरीके से जीवन जीना सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों में प्रतिभा विद्यमान होती है और इस प्रतिभा को पहचान कर आज के छात्र-छात्राएं न केवल सफलता का सर्वोच्च शिखर प्राप्त कर सकते हैं अपितु देश के विकास में मुख्य सहायक भी बन सकते हैं।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ नाटी पर झूमते हुए।

रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ाना है।

# पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रथम वर्षगांठ पर कंगना और इंदु गोस्वामी पहुंची मंडी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर देश के पचास जगहों पर 'पीएम विश्वकर्मा योजना' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पीएम नरेंद्र मोदी ने योजना के लाभार्थियों से वर्चुअली मुलाकात की तथा कुछ से संवाद भी किया।

वहीं जिला की आईटीआई मंडी में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मंडी सांसद कंगना रनौत व राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान सांसद कंगना रनौत ने योजना के तहत लाभान्वित लोगों को प्रमाण पत्र और ऋण जारी किया।

इस दौरान कंगना रनौत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर 2023 को 13 हजार करोड़ रुपये के बजट के साथ 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' की शुरुआत की थी। योजना का उद्देश्य देश के शिल्पकारों को आर्थिक मदद मुहैया कर उनकी स्थिति में व्यापक सुधार करना है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत लाभार्थियों को लाखों रुपए का लाभ मिलता है।

अपने संबोधन में कंगना रनौत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आधुनिक भारत का शिल्पकार कहा जाता है और इसमें कोई दो राय नहीं क्योंकि हमारे भारत को जो इतिहास व भविष्य लिख रहा है वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही है। मोदी ने पिछले दस वर्षों से अपने संकल्पों से दूर दृष्टि से पूरे भारत की कायाकल्प कर दी है। कंगना रनौत ने कहा कि भारत में कुछ ऐसी भी प्राचीन धरोहरें है जिनको पूरा विश्व मानता है कि यह इंसानों का काम ही नहीं है।

# कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा में दी झूठी गारंटियां : रजत ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मंडी**



कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए जनता को भ्रमित करने वाले झूठे वादों और गारंटियों का एक लंबा ढांचा प्रस्तुत किया है, जो वास्तविकता से परे और केवल मतदाताओं को लुभाने के उद्देश्य से हैं।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश सह प्रवक्ता व धर्मपुर के युवा नेता रजत ठाकुर ने कहा कि पिछली बार हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस ने ऐसे ही वादे किए थे और दस गारेंटियां दी थीजिन्हे सता हथियाने के बाद एक भी वादे को पूरा नहीं कर सकी और विभिन्न बहाने लगा कर वादों को पूरा करने से मुकर गई, और अब वही रणनीति हरियाणा में दोहराई जा रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में, कांग्रेस ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, 5 लाख नौकरियां देने, और महिलाओं को 1500 -1500 रू देने जैसे बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन वास्तविकता में इनमें से अधिकांश वादे धरातल पर नहीं उतरे।

# अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला 11 से 15 नवंबर तक होगा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश विधान सभा विनय कुमार ने जिला सिरमौर के रेणुका जी में 11 से 15 नवंबर, 2024 को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेले के सफल आयोजन के लिए श्री रेणुका जी विकास बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में उपाध्यक्ष ने कहा की श्री रेणुकाजी अंतरराष्ट्रीय मेला है, जो हिमाचल प्रदेश ही नहीं अपितु हमारे राज्य के साथ लगते अन्य राज्यों की धार्मिक आस्था का प्रतीक है। मेले की महत्वता को देखते हुए इसके सफल आयोजन का दायित्व मेला समिति के सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्यों का है।

बैठक में उपाध्यक्ष ने मेले के दौरान स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने को कहा ताकि क्षेत्र की पवित्रता व आगंतुकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मेले में पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल दिया जाना चाहिए और मेले को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्लास्टिक प्रयोग पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए गए।

## चिंताजनक प्रदेश में एक सप्ताह के अंदर 20 केस पॉजिटिव आए, स्वास्थ्य विभाग हुआ अलर्ट

# अब स्क्रब टायफस के जाल में फंसी देवभूमि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

देवभूमि को एक के बाद एक बीमारी जकड़ती जा रही है। जलजनित रोगों में से ही ही एक और बिमारी स्क्रब टायफस सक्रिय हो गई है। इस बार हिमाचल में एक सप्ताह के अंदर 20 केस पॉजिटिव आए है। चिकित्सक का मानना है कि स्क्रब टायफस पिछले साल की अपेक्षा इस बार काफी तेजी से फैल रहा है। अगर लोगों द्वारा लापरवाही बरती तो स्क्रब जान भी ले सकता है। वैसे हर साल स्क्रब टायफस से मौतें होती है। तेजी से फैल रही बीमारियों ने अब सरकार व विभाग की चिंता बढ़ा दी है। स्क्रब से निपटना एक चुनौती बन सकता है। इन दिनों स्क्रब टायफस के मामले रोजाना आ रहे है। प्रदेश में 15 जून से 15 अक्टूबर तक बरसात का मौसम रहता है। इस दौरान किसानों को अपने खेत में भी काम पर जाना पड़ता है अगर इस दौरान किसान सावधानी से काम नही करेंगे तो जानलेवा बीमारी स्क्रब टायफस से ग्रस्त हो जाएंगे और समय पर इलाज नहीं मिला तो मौत भी हो जाती है। रोजाना आ रहे स्क्रब के मामलों के चलते स्वास्थ्य विभाग ने सर्तकता बरतने के निर्देश दिए है। ताकि इन जानलेवा बीमारी से बचा जा सके। बरसात के दिनों में जलजनीत विमारियां भी अधिक फैलती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सर्तक रहने की सलाह दी है। ध्यान रहे कि अगर कोई लोग घास काटता है तो वे चिकित्सक को बताएं। ताकि चिकित्सक समय से उसका इलाज कर सके।



### स्क्रब टायफस के लक्षण

**स्क्रब** टायफस होने पर मरीज को तेज बुखार जिसमें 104 सेर 105 तक जा सकता है। जोड़ों में दर्द और कंपकपी ठंड के साथ बुखार शरीर में ऐंठन अकडन् या शरीर का टूटा हुआ लगना अधिक संक्रमण में गर्दन बाजू कूल्हों के नीचे गिल्टियां का होना आदि इसके लक्षण है।

### स्क्रब टायफस से बचने के उपाय

**लोग** सफाई का विशेष ध्यान रखे। घर व आसपास के वातावरण को साफ रखे। घर व आसपास कीटनाशक दवा का छिड़काव करे। मरीजों को डॉक्सीसाइक्लन और एजिथ्रोमाईसिन दवा दी जाती है। स्क्रब टायफस शुरूआत में आम बुखार की तरह होता है, लेकिन यह सीधे किडनी और लीवर पर अटैक करता है। यही कारण है कि मरीजों की मौत हो जाती है।

### 6 साल में यह रहा पॉजिटिव व मौतों का आंकड़ा

बीते तीन सालों में स्क्रब टायफस के पाजिटिव मामले आने के साथ साथ मौतें भी हुई है। 2018 में हिमाचल में 1940 पॉजिटिव मरीज व 21 मरीजों की मौत हुई। वहीं 2019 में 1597 पॉजिटिव मरीज व 14 लोगों की मौत हुई। इसके अलावा 2020 में 565 पॉजिटिव मरीज के साथ 6 लोगों की मौत और 2021 में अब तक 150 से अधिक लोग स्क्रब टायफस से ग्रसित हुए है।

वहीं 2022 और 2023 में 2 हजार से अधिक लोग पॉजिटिव आए है और 30 से अधिक लोगों की मौत हुई है। वहीं इस साल भी 100 से अधिक मामले पॉजिटिव आ चुके है।

**उत्तर रेलवे**

सं.-320-वि./क.वि./अम्बाला/ई.आई.जी. दिनांक 20.09.2024

**भारतीय रेलवे (सार्वजनिक अधिसूचना)**

रेलवे लाईन में उत्तर रेलवे के निम्ननिर्दिश्ट में स्थित परिसरों के सभी उपयोग कर्ताओं को एदत द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि निम्ननिर्दिश्ट सैक्शन के सक्षम तिथि को या इसके बाद 2500 वोल्टेज 50 HZ ए.सी. ओवर हैड ट्रैक्शन वायर्स कार्यान्वित की जाएगी, उक्त तिथि को या बाद में ओवर हैड ट्रैक्शन लाईन हमेशा के लिए लाइव मानी जाएं एवं उक्त ओवर हैड लाईन के समीप कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति काम करने या समीप में नहीं जाएगा।

| क्रम सं. | सैक्शन | डिवीजन | तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | ऊना हिमाचल स्टेशन परिसर में अतिरिक्त लूप लाईन साथ में दो टर्न आऊट लोकेशन कि.मी. 119/11 (कि.मी. 119/686.50) से कि.मी. 120/15 (कि.मी. 120/925.50) के बीच में इलैक्ट्रिफिकेशन किया गया है | अम्बाला | 19.09.2024 |

वरि. मंडल विद्युत अभि./क.वि.
उ.रे., अम्बाला डिविजन
अम्बाला छावनी

## न्यूज ब्रीफ

### पेंशनर्स संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**अनंत ज्ञान, जवाली।** जिला पेंशनर्स संघ की जवाली इकाई के अध्यक्ष सुखदेव शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को तहसीलदार जवाली विनोद कुमार टंडन के माध्यम प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि 1-1-2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स की लंबित एरियर एक मुश्त दिया जाए, जेसीसी का शीघ्र गठन किया जाए। इसके अलावा 6 पे कमीशन और डीए का भुगतान किया जाए। संघ ने मेडिकल बिलों का भी भुगतान किया जाए, साथ ही पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले के अनुसार कंम्यूटेड पीरियड को 15 वर्ष से 10 वर्ष किए जाने की जोरदार मांग की है। इस मौके पर रत्न धीमान, शंभु धीमान, गोपाल कृष्ण, रणजीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, सुभाष चंद, लेख राज, विनोद कुमार, चमन किशोर वरोटियां आदि मौजूद रहे।

### सिलेंडर में आग लगने से मची अफरा-तफरी

**अनंत ज्ञान, जवाली।** ग्राम पंचायत पनालथ में सुबह ही गैस सिलेंडर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई तथा लाख कोशिश के बावजूद भी सिलेंडर में लगी आग पर काबू न होने से आसपास के घरों के लोग भागकर दूर चले गए। बाद में अग्निशमन विभाग जवाली की टीम ने मौका पर पहुंचकर सिलेंडर में भड़की आग को बुझाया अन्यथा सिलेंडर फटने से कोई बड़ा हादसा हो जाता। प्राप्त जानकारी अनुसार सुमना देवी निवासी देहरी शुक्रवार सुबह खाना बनाने के लिए गैस जलाने लगी तो सिलेंडर में अचानक आग लग गई। सिलेंडर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने पानी मे भिगोकर बोरियां सिलेंडर के ऊपर फैंकी लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद अग्निशमन विभाग जवाली को सूचित किया गया तो अग्निशमन विभाग की टीम ने मौका पर पहुंचकर सिलेंडर में भड़की आग को बुझाया। हालांकि मकान का कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन अगर सिलेंडर फटता तो बड़ा हादसा घटित हो जाता।



### स्वयंसेवियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ




**अनंत ज्ञान, डरोह।** थुरल कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य कमल कुमार द्वारा स्वयंसेवियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके साथ आर्ट्स ब्लॉक की सफाई, मैदान की साफ सफाई, कैंटीन एरिया की सफाई की गई। इस कार्यक्रम में 30 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। कॉलेज परिसर की साफ-सफाई के साथ-साथ स्वयंसेवियों को आगामी स्वच्छता अभियान के लिए आवश्यक दिशा -निर्देश भी दिए गए।

# धर्मशाला में गरजे पेंशनर्स, निकाली रैली

## चेतावनी: प्रदेश सरकार ने पेंशनर्स की मांगें नहीं मानी तो सड़कों पर उतरकर करेंगे उग्र प्रदर्शन

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश सरकार के पेंशनर्स को 10 तारीख के बाद दी जाने वाली पेंशन के विरोध व अन्य लंबित मांगों को लेकर जिला पेंशनर्स एसोसिएशन ने एकजुट होकर धर्मशाला में सरकार के खिलाफ रैली निकाल रोष प्रदर्शन किया। शुक्रवार को पेंशनरों ने शहीद स्मारक से लेकर कचहरी चौक तक रैली निकाली रैली व धरना प्रदर्शन किया।

रैली में विभिन्न विभागों के पेंशनरों को संबोधित करते हुए जिला पेंशनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि पिछले वर्ष पेंशनरों ने अपनी मांगों को लेकर शिमला सचिवालय में मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंप अपनी समस्याओं व मांगों के बारे अवगत करवाया था, लेकिन आज एक वर्ष बीत जाने के बाद पेंशनरों की मांगो पर मुख्यमंत्री ने विचार नहीं किया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार कुछ दिनों के भीतर पेंशनरों की मांगें नहीं मानती है, तो पेंशनर्स शिमला में जाकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। (अनंत ज्ञान)






अपनी मांगों को लेकर धर्मशाला में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते जिला पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्य। पेंशनर्स ने शहीद स्मारक से कचहरी चौक तक रोष रैली निकाली।

### हर महीने पहली तारीख को दी जाए पेंशन

**सुरेश** ने कहा कि पेंशनर्स एसो. की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 23 अगस्त को शिमला में हुई थी, जिसमें फैसला लिया था कि मुख्यमंत्री से अपील की जाए कि वह 15 सितंबर से पहले पहले पेंशनर्स की लंबित मांगों को मानने बारे फैसला लें, पेंशनर्स को बातचीत के लिए बुलाएं और पेंशनर्स की जेसीसी का गठन करें तथा पेंशनर्स को हर महीने पहली तारीख को पेंशन देने बारे दिशा-निर्देश जारी करें, नहीं तो प्रदेश के सेवानिवृत्त कर्मचारी सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

### न एरियर दिया और न डीए की किस्त

**सुरेश** ठाकुर ने कहा कि सरकार ने 1 जनवरी, 2016 से लेकर 31 जनवरी, 2022 तक का सेवानिवृत्त कर्मचारियों का संशोधित ग्रेच्यूटी व लीव इंक्रीमेंट व कम्युटेशन का एरियर नहीं दिया है साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा हिमाचल के पेंशनर्स व कर्मचारियों को 12 प्रतिशत महंगाई भत्ते की तीन किस्तों की अदायगी नहीं कि है। इतना ही नहीं सुरेश ठाकुर का कहना है कि सरकार ने पेंशनर्स की जेसीसी का आज दिन तक गठन नहीं किया है और न ही पेंशनर एसोसिएशन को बातचीत के लिए लाया है। उन्होंने प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार पेंशनर्स की संख्या को कम न आंके और उनकी मांगों को दरकिनार करना सरकार को भारी पड़ सकता है।

### पेंशनर्स ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कांगड़ा।** पेंशनर्स संघ खंड कांगड़ा के लगभग 10 सदस्यों द्वारा शुक्रवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। इसमें पेंशनर संघ खंड कांगड़ा ने अपनी लंबित मांगों का विवरण दिया है। संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन का अवलोकन करने के उपरांत एसडीएम कांगड़ा ने मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को भेजने का आश्वासन दिया है, जिस पर संघ के प्रतिनिधियों द्वारा एसडीम कांगड़ा का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

### दैहण में 7 बोतल देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भवारना पुलिस थाना के तहत दैहण लिंक रोड पर विजेंद्र सिंह निवासी दैहण जिला कांगड़ा से 7 बोतल देसी शराब (कुल 5250 मिलीलीटर) मार्का वीआरवी संतरा नंबर 1 बरामद की गई । इस संदर्भ मे अभियोग जेर धारा 39 (1)ए हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम पंजीकृत पुलिस थाना भवारना किया गया है।

# गधोरल में जांचा 40 लोगों का स्वास्थ्य

## द हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**राकेश डोगरा, डरोह**

विकास खंड भवारना के अंतर्गत गधोरल गांव में शुक्रवार को द हंस फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर में 40 लोगों के स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। इसके साथ-साथ निशुल्क दवाइयां दी गईं एवं शुगर, रक्तचाप आदि के निशुल्क टेस्ट भी किए गए।

मोबाइल मेडिकल यूनिट-3 इकाई भवारना के द्वारा स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूक भी किया गया। साथ ही साथ स्थानीय ग्रामीणों को सेवा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया गया। इस शुभ कार्य के लिए स्थानीय लोगो ने द हंस फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। इस बीच सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में सारी सुविधाएं उपलब्ध होने के कारण शहरों में स्वास्थ्य संबंधी ज्यादा परेशानी देखने को नहीं मिलती है। परंतु इसके विपरीत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाएं अंतिम व्यक्ति तक मिलना मुश्किल होती हैं। यही कारण है कि द हंस फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रही है। चिकित्सक विकास कंठवाल ने लोगों को पोषक पदार्थों के बारे में विशेष जानकारी मुहैया करवाई।

शिविर में चिकित्सा अधिकारी विकास कंठवाल, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी वनिता चौहान, फार्मेसिस्ट रोहित शर्मा, लैब टेक्नीशियन कमल कुमार, पायलट मंगल देव आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



गधोरल में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में जांच करवाने के लिए आए लोग व मेडिकल टीम।

### रंजीत राणा को चुना गया पीटीए प्रधान

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ कॉलेज में शुक्रवार को अभिभावक-अध्यापक संघ की नई कार्यकारिणी के के लिए आम सभा की बैठक आयोजित की गई। इसमें पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन 2024-25 के लिए किया गया। नई कार्यकारिणी का गठन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रदीप कुमार कौंडल की देखरेख में किया गया। इसमें रंजीत राणा को प्रधान पद के लिए चुना गया, वहीं उपप्रधान के लिए शिवानी सूद, सहसचिव के लिए कुलदीप राणा, मुख्य सलाहकार के लिए रविंद्र कुमार और महाविद्यालय से डॉक्टर केवल कृष्ण को सचिव, डॉ. स्वाति महाजन, डॉ. अमित कौड़ा तथा डॉक्टर सुशील कुमार को सदस्य चुना गया। इसके अलावा अभिभावकों में सुनीता देवी, बीना देवी और सुरेश कुमार को सदस्य चुना गया।

# सांसद ने महिला सुरक्षा के लिए कार्य करने के लिए किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर उपमंडल के अधीन राजपूत कल्याण सभा का सम्मेलन पालमपुर में आयोजित किया गया, जिसमें राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी ने मुख्यातिथि के रूप मे शिरकत की। इस सम्मेलन में सुलह, बैजनाथ व पालमपुर क्षेत्रों के गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन कार्य एडवोकेट मिलाप सिंह राणा ने किया। कार्यक्रम के दौरान राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी ने अपने संबोधन में राजपूत कल्याण सभा को महिला सुरक्षा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वह चाहती हैं कि राजपूत सभा महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे लाने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान सुलह विधानसभा क्षेत्र से एक्स सर्विसमेन सेल के अध्यक्ष चंचल राणा ने अपने सहयोगियों के साथ इंदु गोस्वामी से मंच पर शिष्टाचार भेंट की। इंदु गोस्वामी ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में आने का आश्वासन दिया।

# 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत रोपे पौधे

## गुरुकुल स्कूल सदवां के बच्चों ने पोस्टर्स के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**संजीव महाजन, नूरपुर**

'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत गुरुकुल पब्लिक स्कूल सदवां में स्कूल चेयरमैन ज्योति शर्मा व प्रधानाचार्य कुमुद शर्मा की अध्यक्षता में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस अभियान के तहत स्कूल के बच्चों ने अपने अध्यापकों के साथ मिलकर श्री डिब्केशवर महादेव शिव मंदिर सुलयाली में जाकर मंदिर के सौंदर्यीकरण को बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण को लेकर वहां पौधरोपण किया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने पोस्टर बना लोगों पर्यावरण संरक्षण को संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल की अध्यापिका नविता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत गुरुकुल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि व इस अभियान को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। अभियान से जुड़ रहे हैं तथा इस अभियान के तहत ही स्कूल ने श्री डिब्केशवर महादेव शिव मंदिर सुलयाली पौधरोपण किया। पौधरोपण से हम पर्यावरण की संरक्षण करेंगे। (अनंत ज्ञान)



### गोनिका स्कूल के बच्चों ने किया एयरपोर्ट का भ्रमण

**गगल।** गोनिका स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने अध्यापकों के साथ कांगड़ा एयरपोर्ट का भ्रमण किया। एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने कहा है कि बच्चों ने एयरपोर्ट पर छोटी-छोटी तमाम जानकारियां हासिल कीं, जिसमें बच्चों को एयरपोर्ट के बीच आने जाने वाले यात्रियों के बारे में बताया कि कैसे यहां हवाई यात्रियों के बोर्डिंग पास सुरक्षा और कैसे हवाई अड्डे के अंदर चेक इन के बारे में अवगत करवाया सुरक्षा। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने एयरपोर्ट के प्रांगण में पौधरोपण भी किया।

# तीन दिन से बस नहीं आने से लोग परेशान

## खासकर स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पेश आ रहीं दिक्कतें

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

डाडासीबा से तलवाड़ा-पठानकोट डिपो की हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस पिछले तीन दिनों से रूट पर न आने से यात्रियों खासकर स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार, वीरवार व शुक्रवार को यात्री व स्कूली बच्चे अपने गंतव्य पर जाने के लिए बस स्टैंड पर खड़े रहे, लेकिन बस नहीं आई।

परिवहन निगम की यह पहली बस सुबह 6:30 बजे डाडासीबा से स्यूल खड्ड, मेहड़ा, घाटी होते हुए तलवाड़ा जाती है। सुबह के समय इस बस में संसारपुर टैरस में उद्योगों में काम करने वाले कर्मचारी सफर करते हैं व स्कूल और कॉलेज के बच्चे भी इस बस में सफर करते हैं। यह बस न आने से कामगारों, स्कूली व कॉलेज के विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं, संसारपुर टैरस उद्योगों में काम करने वाले लोगों व स्थानीय लोगों ने कहा कि रविवार को संसारपुर टैरस के उद्योगों में छुट्टी नहीं होती है। यही बस सुबह पहली व शाम को आखिरी बस होने के कारण कई लोगों को घरों तक पहुंचने का साधन है। लोगों ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि रविवार को भी इस बस को सुचारु रूप से चलाया जाए। वहीं, विद्यार्थियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि बस इस रूट पर भेजी जाए, ताकि हम समय पर अपने स्कूल तक पहुंच सकें। उधर, पठानकोट डिपो के आरएम गोपाल से बात की गई तो उन्होंने बताया वह छुट्टी पर थे। इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। जहां तक रविवार की बात है तो बस को डिपो से रविवार को बस को रूट पर नहीं भेजने के आर्डर हैं।

# निहारी के कई ग्रामीण भाजपा में शामिल

**शालिनी शर्मा, रक्कड़**

जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत निहारी मे शुक्रवार को पूर्व सांसद सुरेश चंदेल की अध्यक्षता में दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जसवां-परागपुर में ज्यादातर लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के लिए काफी उत्साहित हैं। सदस्य बनाने के लिए मोबाइल नंबर 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके लोगों को भारतीय जनता पार्टी में शामिल किया जा रहा है। इस दौरान पूर्व सांसद सुरेश चंदेल लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। इस मौके पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रमन शर्मा, उपिंदर धीमान, अनिता संदल, भाग सिंह, प्रभाकर, प्रधान ग्राम पंचायत शांतला राहुल, शिशु गौतम, अक्षय अत्री, शंशाक मेहता, सुशील कुमार, अनीश ठाकुर आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



### शिव मंदिर में की साफ-सफाई




**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** शुक्रवार को डाकघर के कर्मचारियों द्वारा अधीक्षक डाकघर रवींद्र कुमार शर्मा व बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बैजनाथ के ऐतिहासिक शिव मंदिर व परिसर के आसपास साफ-सफाई की गई।

# दयाल नैहरनपुखर पंचायत में किन्नरों की बधाई राशि तय

**सालबिया शर्मा, गरली**

उपमंडल देहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत दयाल नैहरनपुखर द्वारा किन्नरों को दी जाने वाली बधाई राशि निर्धारित कर दी गई है। प्रधान ममता देवी ने कहा कि ट्रांसजेंडर अब गरीब परिवारों से 2100 रुपए, जबकि साधन संपन्न परिवारों से 3100 रुपए से अधिक की बधाई राशि नहीं ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि ट्रांसजेंडर लोगों से 15 से 20 हजार रुपए तक की बधाई राशि मांग रहे हैं, जो कि गरीब लोगों के लिए देना संभव नहीं है। पंचायत प्रधान ने बताया कि यदि कोई ट्रांसजेंडर निर्धारित राशि से ज्यादा राशि की मांग करता है तो वे इस संदर्भ में एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा, डीएसपी अनिल कुमार, तहसीलदार व पुलिश थाना को भी शिकायत कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



ममता देवी
पंचायत प्रधान

## स्वास्थ्य

### धर्मशाला नगर निगम की मेयर व पूर्व मेयर ने किया इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा शिविर का उद्घाटन

# धर्मशाला में होगा इलेक्ट्रोहोम्योपैथी विवि का शिलान्यास: डॉ. सुरेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करने पहुंची नगर निगम की मेयर नीनू शर्मा और पूर्व मेयर एवं पार्षद देवेंद्र सिंह जग्गी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का पहला संस्थान है जहां इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में रोगियों का उपचार किया जा रहा है।

इसके अलावा यहां चार वर्षीय डिप्लोमा कोर्स संचालित किया जा रहा है, जिसमें चिकित्सा संकाय में बारहवीं उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। संस्थान के निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि भविष्य में यहां विश्व स्तरीय संस्थान की स्थापना करने की योजना पर काम चल रहा है और बहुत जल्द धर्मशाला में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया जाएगा। देश विदेश के शोधकर्ताओं को हिमाचल प्रदेश की वनौषधियों पर अनुसंधान करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नि:संदेह सर्वोदय इंस्टीट्यूट की स्थापना से गाँव बगली का नाम विश्व मानचित्र पर उभर रहा है। उल्लेखनीय है कि इस तीन दिवसीय शिविर के पहले दिन जोड़ों के दर्द संबंधित रोगियों की जांच के बाद निशुल्क दवा वितरण की गई।

स्थानीय पंचायत प्रधानों ने सर्वोदय इंस्टीट्यूट की सराहना करते हुए कहा कि इससे हमारे लोगों को बहुत लाभ हुआ है। संस्थान के प्रबंधक एवं पूर्व प्रधान हरीश कुमार ठाकुर ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और शाल व फूलों से सम्मानित किया। शिविर में 21 सितंबर को पेट संबंधी रोगों के विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करेंगे, जबकि 22 सितंबर को रोटरी आई हॉस्पिटल मारंडा पालमपुर के विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे।



# जन शिक्षण संस्थान में चलाया सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

जन शिक्षण संस्थान कांगड़ा में स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के तहत विद्यार्थियों द्वारा पहले दिन श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया। जन शिक्षण संस्थान कांगड़ा में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा 2024 पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के प्रोफेसर डॉक्टर सतीश ठाकुर रहे। मुख्यातिथि को जन शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष दुष्यंत कायस्था द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

मुख्यातिथि द्वारा विद्यार्थियों को स्वच्छता विषय पर व्याख्यान एवं स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई। समारोह का समापन 2 अक्तूबर गांधी जयंती के दिन होगा। जन शिक्षण संस्थान कांगड़ा के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों द्वारा श्रमदान कर खूब पसीना बहाया। हाथ में फावड़ा व तगाड़ लेकर विद्यार्थी सफाई में जुटे तो दृश्य देखते ही बन रहा था। जन शिक्षण संस्थान परिसर में अवांछित जंगली घास आदि का उन्मूलन किया गया। स्वच्छता अभियान के तहत फैली पन्नी व कूड़ा को उठाकर विद्यार्थियों ने कूड़ेदान में डाल दिया। उन्होंने ने बताया कि गंदगी मुक्त वातावरण किसी भी व्यक्ति के स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वच्छता से ही स्वस्थ शरीर होना संभव है। स्वभाव स्वच्छ, संस्कार स्वच्छ, थीम पर आयोजित अभियान देशवासियों को स्वच्छ भारत के सपने साकार करने की दिशा में प्रेरित करेगा। इस सारे कार्यक्रम अध्यक्षता जन शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर पंकज धीमान ने की।



## न्यूज ब्रीफ

### जय श्री राम के नारों से गूंजा पंचरुखी बाजार



**अजय पाल, पंचरुखी।** देवभूमि संघर्ष समिति पंचरुखी ने शुक्रवार को पंचरुखी चौक में हनुमान चालिसा गाकर जय श्रीराम के नारों के साथ बाजार में रैली निकाली। संघर्ष समिति में शामिल लोगों ने पंचरुखी क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे मुस्लिम समुदाय के लोगों को यहां से जाने के नारे लगाए। रैली में कोई अनहोनी घटना न घटे इसके लिए पंचरुखी थाना के साथ भवारना व पालमपुर थाना से भी पुलिस मौजूद रही।

### वाटर टैंकों की सफाई का अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर जल शक्ति डिवीजन द्वारा वीरवार को पेयजल योजनाओं के स्टोरेज टैंकों की साफ सफाई का अभियान शुरू किया गया। जल शक्ति विभाग के एक्सईएन संजय ठाकुर ने बताया कि विभाग के कर्मचारियों व वाटर गॉर्ड ने मिल कर स्टोरेज टैंकों की सफाई का अभियान शुरू किया। इसमें टैंकों की साफ सफाई कर इसमे ब्लीचिंग पाउडर भी डाला गया। संजय ठाकुर ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े के तहत यह अभियान 2 अक्तूबर तक जारी रहेगा और इस दौरान जल शक्ति डिवीजन के सभी वाटर स्टोरेज टैंकों की साफ सफाई की जाएगी।



### लग बलियाना स्कूल में बताईं डाक योजनाएं

**अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लग बलियाना में शुक्रवार को डाक विभाग द्वारा एक दिवशीय कार्यशाला का आयोजन किया। स्कूल प्रधानाचार्य गोविंद सिह की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर पोस्ट ऑफिस इंस्पेक्टर राजकुमार मौजूद रहे। उन्होंने डाकघर की विभिन्न सेवाओं और आधार शिविर के आयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्कूल के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को डाक विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे कि बचत खाता, सुकन्या समृद्धि योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, आरडी, पीपीएफ और डाक बीमा आदि के बारे में जानकारी दी।



### नौरा कॉलेज के विद्यार्थियों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, डरोह।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट इकाई द्वारा प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए करियर मार्गदर्शन पर छात्रों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रो. गगन जग्गी ने शिरकत की। प्रो. प्रदीप सिंह द्वारा इस कार्यक्रम में छात्रों को करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट इकाई के बारे में जागरूक किया गया, जिसमें उन्होंने छात्रों को उनकी रुचियों और शैक्षणिक पृष्ठभूमि के आधार पर विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान की । इस कार्यक्रम में डॉ. विवेक शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में भूमिका निभाई। उन्होंने छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानकारी देते हुए उनसे जुड़ी विभिन्न संदर्भ पुस्तकों के बारे में भी अवगत करवाया। कार्यक्रम में लगभग 70 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस उपलक्ष्य पर प्रो. मोनिका, प्रो. नेहा, प्रो. मनोज कुमार तथा प्रो. अनिल कपूर भी शामिल रहे ।



### नगरोटा कॉलेज में करवाया जागरूकता कार्यक्रम



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में रेड रिब्बन क्लब के सौजन्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एड्स जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम और समाज में एचआईवी के खतरों के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस महत्वपूर्ण पहल के तहत महाविद्यालय के 18 उत्साही विद्यार्थियों ने नगरोटा बगवां बस स्टैंड पर एक फ्लैश मॉब (आश्चर्य नाटक) का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों ने एचआईवी संक्रमण के विभिन्न खतरों, उसकी रोकथाम के उपायों और इससे संबंधित सामाजिक भ्रांतियों पर प्रकाश डाला। इस नाटक के माध्यम से उन्होंने आम जनता को एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सतर्क और जागरूक किया, साथ ही यह संदेश भी दिया कि सुरक्षित जीवनशैली और सही जानकारी से इस बीमारी से बचाव संभव है।

# धर्मशाला में विहिप और व्यापारियों ने प्रवासियों के खिलाफ खोला मोर्चा

## सुबह 9 बजे से 12 बजे तक बाजार रखा बंद, प्रवासियों के पंजीकरण की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजधानी शिमला के संजौली से मस्जिद विवाद को लेकर उठी चिंगारी ने अब समूचे हिमाचल को उबाल कर रख दिया है। आलम ये कि समूचा हिमाचल कई तरह के सवालों को लेकर सड़कों पर उतर चुका है। खास तौर पर बाहरी राज्यों से आने वाले उन प्रवासियों को लेकर प्रदेश का हर तबका मुखर है, जिन प्रवासियों के पास करने को तो कुछ नहीं मगर किराया हैसियत से भी ज्यादा भर रहे हैं। धर्मशाला व्यापार मंडल ने भी शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के साथ मिलकर समूचे बाजार को बंद रखा, सुबह 9 बजे से लेकर 12 बजे तक व्यापारियों ने न केवल अपने बाजारों को बंद रखा बल्कि सड़कों पर निकलकर हिंदू-हिंदू भाई भाई के भी नारे लगाए और प्रवासियों के खिलाफ मोर्चा खोला। इस दौरान अपनी मांगों को स्पष्ट करते हुये व्यापारी वर्ग ने बताया कि आज धर्मशाला में पिछले कुछ सालों में इतने प्रवासी आ चुके हैं कि जिनकी न तो रजिस्ट्रेशन हुई है और न हीं वैरिफिकेशन बावजूद इसके वो लोग यहां काम धड़ल्ले से कर रहे हैं इनकी यहां आमदनी कम है और खर्चा रुपया जैसा हाल है।

व्यापार मंडल धर्मशाला के अध्यक्ष नरेंद्र जम्वाल ने कहा कि इन प्रवासी व्यापारियों की वजह से जहां उनका धंधा चौपट हो रहा है, वहीं शांतप्रिय हिमाचल की वादियां अब अपराधों के साये में भी आने शुरू हो गई हैं। इस पर प्रदेश सरकार को कड़ा संज्ञान लेने की सख्त जरूरत है। व्यापारी रवि कुमार ने कहा कि उन्हें हैरत है कि यहां जो भी प्रवासी आ रहे हैं वो ज्यादातर देश के बड़े राज्यों से ताल्लुक रखते हैं और एक ही समुदाय विशेष के हैं। उन्होंने सरकार से इस दिशा में उचित कदम उठाने की अपील की है

### नगरोटा बगवां में हिंदू संगठनों ने विशेष समुदाय के खिलाफ किया धरना-प्रदर्शन



**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

हिंदू संगठनों के बैनर तले शुक्रवार को नगरोटा बगवां के व्यापारियों एवं लोगों ने अवैध रूप से रह रहे विशेष समुदाय के लोगों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। सबसे पहले पुराने बस अड्डे सभी नें बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। उसके बाद सैकड़ों की संख्या में हिंदू सांगठनों के लोगों नें भारत माता की, बंदे मातरम व जय श्री राम का उद्घोष करते हुए नीचे लक्ष्मी नारायण मंदिर तक और फिर पुरे बाजार से होते हुए गांधी ग्राउंड तक रैली निकली। रैली में महिलाएं भी मौजूद रहीं। इस दौरान कोई अप्रिय घटना न हो, इसलिए डीएसपी अंकित शर्मा पुलिस कर्मियों के साथ मौजूद रहे। हिंदू संगठन के प्रतिनिधियों नें अंकित शर्मा को हालत से अवगत करवाया। डीएसपी नें कहा कि आपकी आवाज़ प्रशासन तक पहुंच गई है आप किसी तरह अप्रिय घटना के लिए कानून हाथ में न लें । (अनंत ज्ञान)

# अब बैजनाथ और बीड़ क्षेत्र की सीसीटीवी कैमरे करेंगे निगेहबानी

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

आप किसी भी आपराधिक प्रवृत्ति को अंजाम देकर बैजनाथ या फिर बीड़ क्षेत्र से भागने की फिराक में है तो ऐसा आप चाह कर भी नहीं कर सकते क्योंकि आपकी हर हरकत पर सीसीटीवी की पैनी नजर रहेगी। एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने कहा कि सांसद इंदु गोस्वामी के सहयोग से 22 लाख 60000 रुपए की लागत से बैजनाथ क्षेत्र में यह कैमरे लगाए जाएंगे, जबकि साडा की ओर से एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर ने बीड़ क्षेत्र के लिए 5 लाख रुपए की राशि जारी कर दी है। सामरिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाने वाले बैजनाथ के चौबीन चौक, टाशी जोंग, मझेरना चोक, धानग चौक, सेहल चौक में अत्यधिक एनपीआर ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीडर कैमरे लगाए जाएंगे, जबकि एक-एक कैमरा साधारण लगाया जाएगा ए एनपीआर कैमरे प्रत्येक वाहन की स्कैनिंग करके सीधा इसकी रिपोर्ट थाना में स्थापित कंट्रोल रूम में देंगे, जबकि साधारण कैमरे प्रत्येक व्यक्ति की हरकत को कैद करके पुलिस अधिकारियों तक पहुंच जाएंगे। इसी तरह की सुरक्षा की जरूरत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात बीड़ क्षेत्र में भी महसूस की जा रही थी, क्योंकि यहां विदेशियों का आना-जाना लगा रहता है लिहाजा सुरक्षा की दृष्टि से यह कैमरे पुलिस के लिए काफी लाभप्रद होंगे। इस बारे में सांसद इंदु गोस्वामी ने कहा कि उन्हें प्रशासन की ओर से इस प्रकार की मांग की गई थी कि सीसीटीवी लाइव कैमरे लगाए जाने के लिए धन की आवश्यकता है लिहाजा उन्होंने प्रपोजल मिलते ही तुरंत धनराशि जारी कर दी है। डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कैमरे लगाए जाने से पुलिस प्रत्येक गतिविधि पर नजर रख सकेगी और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकेगा। वहीं, बैजनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज कपूर ने सांसद इंदु गोस्वामी का राशि जारी करने के लिए आभार जताया है। (अनंत ज्ञान)



एसपी शालिनी ने दी जानकारी

# मिर्जापुर के पास मिला खून से लथपथ व्यक्ति का शव



**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

पठानकोट में सुजानपुर माधोपुर नेशनल हाईवे गांव मिर्जापुर के पास एक व्यक्ति का शब् खून से लथपथ हालत ने मिला इसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं, पास ही पीर बाबा की दरगाह के सेवक सोमराज द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। सोम राज का कहना था कि चार-पांच लोग गत शाम जहां आए थे और सुबह उन्होंने जब देखा तो एक व्यक्ति मरा पड़ा है। इसके बाद उन्होंने पुलिस थाना सुजानपुर को सूचित किया। थाना प्रभारी हरप्रीत कौर मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया। थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव मिर्जापुर नेशनल हाईवे पर खून से लथपथ एक व्यक्ति का शव पड़ा है, जिस पर उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुलाया और जांच करवाई जा रही है फॉरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### धर्मशाला में जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक में कृषि मंत्री ने दिए निर्देश

# जनसमस्याओं का त्वरित निपटारा करें अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कृषि मंत्री प्रो चंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि आम जनमानस की समस्याओं का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ें।

शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सभागार में जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि लोगों तक प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, विकास कार्यों में तीव्रता आए और जन शिकायतों का त्वरित समाधान हो।

इसके लिए जिला जन शिकायत निवारण समिति की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि जिला में जन शिकायत निवारण समिति की पहली बैठक आयोजित की गई है ताकि लोगों की समस्याओं का त्वरित निदान सुनिश्चित किया जा सके।



### कृषि मंत्री ने पुलिस प्रशासन को नशा निवारण के लिए गंभीर कदम उठाने के दिए निर्देश

**गैर** सरकारी सदस्यों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के बढ़ते प्रचलन का मामला उठाए जाने पर कृषि मंत्री प्रो चंद्र कुमार चौधरी ने पुलिस प्रशासन को नियमित तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि उपमंडल प्रशासन भी नियमित तौर पर चेकिंग अभियान चलाए, ताकि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखा जा सके।

### लावारिश पशुओं से निजात दिलाने के लिए पोर्टल बनाने की तैयारी

**मंत्री** ने कहा कि लावारिश पशुओं के कारण किसानों को काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार अब किसानों के पशुधन की निगरानी के लिए पोर्टल तैयार करने पर विचार कर रही है, ताकि कोई भी किसान अपने पशुओं को लावारिश न छोड़ सके इसकी पोर्टल के माध्यम से निगरानी भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पशु पालन के लिए किसानों को प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि खेतों की सुरक्षा के लिए सरकार के माध्यम से भी सब्सिडी पर तारबंदी इत्यादि की व्यवस्था भी की गई है।

### 287 ग्राम चरस के साथ दो गिरफ्तार

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत कल्लू के दो युवकों को चरस के साथ गिरफ्तार करने का मामला सामने आया है। पुलिस थाना धर्मशाला की टीम ने एएसआई विजय सिंह की अगुवाई में सिद्धपुर में मस्जिद के पास शुक्रवार सुबह नाकाबंदी कर रखी थी। इस दौरान कुल्लू से आ रही एक ऑल्टो कार की शक के आधार पर जांच की गई तो 287 ग्राम चरस बरामद की गई। मामले में कुल्लू जिले के भौजल गांव के 28 वर्षीय चालक टिके राम तथा वाहन में सवार भौजल के ही 29 वर्षीय खेख राम को गिरफ्तार किया गया है।

# इंदौरा में घर से खैर के 191 मोछे बरामद

## वन विभाग ने मामले की जांच के लिए कमेटी का किया गठन

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत गांव राजा खासा से किसी ने डीएसपी इंदौरा संजीव कुमार को सूचना दी कि एक मकान में गैर तरीके से खैरों की शिलाई की जा रही है। सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्होंने थाना प्रभारी आशीष पठानिया तथा अन्य कर्मियों को मौके पर भेजा तथा जांच में पाया गया कि यह खैर के मोछे एक घर में रखे हुए थे, जिस पर उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए रेंज ऑफिसर अभिनव ठाकुर भद्रोया को सूचित किया तथा मौके पर वन विभाग की टीम भी पहुंची।

इस कार्रवाई में रेंज ऑफिसर अभिनव ठाकुर ने बताया के पुलिस द्वारा सूचित किए जाने पर उन्होंने अपने कर्मचारियों को मौके पर भेजा था, जिसके चलते एक कमेटी का गठन किया गया। कमेटी द्वारा यह पाया गया कि यह खैर के मोछे कॉरपोरेशन से लिए गए थे, परंतु इसकी अनुमति विभाग द्वारा नहीं दी गई थी। इसके चलते एक अन्य कमेटी का भी अब गठन कर दिया गया है, जोकि आसपास के जंगलों में भी जा देखेगी कि कहीं यह खैर के मोछे आस पड़ोस के जंगलों से तो नहीं काटे गए हैं।

मामले की पुष्टि करते हुए डीएफओ नूरपुर अमित शर्मा ने बताया कि राजा खासा गांव में कुलबीर सिंह उर्फ काला के घर से बिना अनुमति के खैर के जो 191 मोछे बरामद किए गए हैं, उनको फिलहाल जब्त कर लिया गया है तथा आगामी कार्रवाई के लिए टीम गठित कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)



मौके पर पहुंचकर कागजी कार्रवाई करते पुलिस अधिकारी तथा वन विभाग के कर्मचारी

# टांडा अस्पताल आई महिला ने की दुर्व्यवहार की शिकायत

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

टांडा अस्पताल में शुक्रवार को दुर्व्यवहार का एक और मामला सामने आया है। जानकारी के मटौर गांव की वीना देवी ने अपने साथ हुए दुर्व्यवहार की लिखित शिकायत एमएस टांडा को दी है। उन्होंने बताया कि वह अपनी दवाई लेने के लिए टांडा आई थीं। घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद जब उनका नंबर आया तो उन्हें आगे से यह कहा गया कि आपकी दवाई देख रहे हैं। आप साइड में खड़े रहे, परंतु जब उन्होंने दवाई के बारे पूछा तो अस्पताल में स्थित डिस्पेंसरी में तैनात एक महिला कर्मचारी व स्टाफ ने उनके साथ बदतमीजी की और कहा कि यहां दवाई नहीं है। उन्होंने इस घटना पर एमएस टांडा से मिलकर इसकी लिखित शिकायत कर दी है। इस पर जब टांडा मेडिकल कॉलेज के एमएस डॉक्टर अशोक वर्मा से बात की तो उन्होंने कहा कि मामला उनके सामने आया है। तुरंत कार्रवाई करते हुए कर्मचारियों से लिखित में जवाब मांगा गया है। (अनंत ज्ञान)

### सिक्योरिटी गार्ड पर लगाया बुरा बर्ताव करने का आरोप

**कांगड़ा।** टांडा अस्पताल में शुक्रवार को नूरपुर से आए एक मरीज ने बताया कि वह सुबह 9 बजे से क्रस्ना लैब के बाहर बैठकर लैब के खुलने का इंतजार कर रहे थे। लैब सुबह 11:30 पर खुली और एकाएक वहां पर मरीजों की लंबी कतार लगनी शुरू हो गई। वह कतार में खड़े रहे और अपनी बारी का इंतजार करने लगे। वहां मौजूद सिक्योरिटी गार्ड ने उनसे बिना मतलब के बहसबाजी शुरू कर दी और उन्हें लाइन से बाहर कर दिया और कहने लगा कि अब इंतजार करो। उन्होंने कहा कि वह इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे। इस बारे में एमएस अशोक वर्मा ने कहा कि मेरे पास शिकायत आई है। लैब के इंचार्ज को बुलाकर इस बारे छानबीन की जाएगी।

# सड़क हादसे में एक की मौत, चार घायल

**अनंत ज्ञान, पठनकोट**

शुक्रवार की सुबह गांव भटवां के निकट दो कारों की जोरदार टक्कर होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी व बहन सहित दूसरी कार में सवार दंपती घायल हो गए। हादसे के बाद सभी को उपचार के लिए सीएचसी बधानी में भर्ती करवाया गया। मृतक की पहचान मनोज कुमार निवासी गांव बधानी के रूप में हुई है, जबकि घायलों में रमा निवासी गांव बधानी, बिंदु निवासी गांव पंजुपुर, दंपती फूल सिंह व शकुंतला देवी निवासी दिल्ली के रूप में हुई है। हादसे की जानकारी देते हुए घायल बिंदु ने बताया कि वह अपने भाई-भाभी के साथ कार में सवार होकर चंबा जा रहे थे। अभी गांव भटवां के निकट ही पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में उनके भाई मनोज के सिर में गहरी चोट आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि व ननद, भाभी घायल हुए हैं।



दूसरी कार में सवार घायल फूल सिंह ने बताया कि वे डलहौजी से अपने घर दिल्ली की ओर जा रहा थे। उनकी कार के आगे दो बाइक चल रही थीं, उन्हें क्रॉस करने लगे तो आगे से अचानक आई कार से उनकी कार की टक्कर हो गई। पुलिस चौकी दुनेरा के प्रभारी दलवीर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

### देसी शराब की 24 बोतलें बरामद

**गगल।** पुलिस ने डिकटु झियोल में सड़क किनारे खड़ी स्कूटी से देसी शराब की 24 बोतलें बरामद की हैं। गगल पुलिस थाना के प्रभारी उधम सिंह ने बताया के गश्त के दौरान एक स्कूटी सड़क किनारे खड़ी थी और स्कूटी चालक अश्वनी कुमार पुलिस को देखकर भाग गया, लेकनि पुलिस ने उसे पकड़ भी लिया। जब पुलिस ने स्कूटी की डिक्की को खोला, तो उसमें देसी शराब की 24 बोतलें निकलीं।

**जागरूकता**

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सर्पदंश उपचार प्रबंधन पर विशेष कार्यशाला का आयोजन

# सांप काटे तो व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाएं : सीएमओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग कांगड़ा द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के मीटिंग हाल में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय सर्पदंश दिवस के उपलक्ष्य में मेडिकल ऑफिसर्ज व हेल्थकेयर वर्कर्स के लिए सर्पदंश उपचार प्रबंधन पर विशेष कार्यशाला, जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी द्वारा की गई।

जानकारी देते हुए डॉ. राजेश गुलेरी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सर्पदंश जागरूकता दिवस हर वर्ष 19 सितंबर को मनाया जाता है, जो कि 2018 में सर्प दंश एक उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए शुरू हुआ था तथा जो विकासशील देशों में मुख्य रूप से ग्रामीण समुदायों के गरीब लोगों, विशेषकर कामकाजी आयु वर्ग के लोगों और बच्चों को प्रभावित करता है। डॉ. गुलेरी ने बताया कि 19 सितंबर को मनाया जाने वाला आईएसबीएडी हमें सांप के काटने के खतरों के बारे में ही नहीं बल्कि सरीसृपों के बारे में भी अपनी गलत धारणाओं और मिथकों को दूर करने के लिए आमंत्रित करता है।



इस अवसर पर जिला के मेडिकल ऑफिसर्स व हेल्थकेयर वर्कर्स के लिए सर्पदंश उपचार प्रबंधन पर विशेष कार्यशाला का भी आयोजन किया गया । डॉ. गुलेरी ने इस दिवस के व केवर्ष 2024 के थीम 'सर्पदंश के कारण होने वाली विकलांगता' के बारे जानकारी देते हुए बताया कि सर्पदंश के कारण शारीरिक, तंत्रिका संबंधी, मनोवैज्ञानिक जैसी विकलांगताएं हो सकती हैं। डॉ. गुलेरी ने कहा कि सर्पदंश के कारण होने वाली विकलांगताओं के बारे में बहुत कम रिपोर्ट की जाती है।

सीएमओ डॉ. गुलेरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सांप का काटना एक वैश्विक स्वास्थ्य चिंता का विषय है जो मुख्य रूप से उन क्षेत्रों में ग्रामीण समुदायों को प्रभावित करता है जहां जहरीले सांप प्रचलित हैं, जिनके काटने से मृत्यु, विकलांगता और भारी पीड़ा हो सकती है। डॉ. गुलेरी ने कहा कि चुनौती और भी स्पष्ट हो जाती है क्योंकि इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष होता है। इन ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों को स्थानीय सांप प्रजातियों, उनकी आदतों और आवासों के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए। डाक्टर गुलेरी ने कहा कि सांप के काटने के बाद क्या होता है? इस बारे तत्काल कार्रवाई का मतलब जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर हो सकता है।

डॉ. गुलेरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर चिकित्सा सुविधाओं तक त्वरित पहुंच की कमी होती है, जिससे समुदायों के लिए यह जानना महत्वपूर्ण हो जाता है कि कैसे प्रतिक्रिया दी जाए। डॉ. गुलेरी ने कहा कि सांप के काटने के बारे में जागरूकता बढ़ाकर, हम मानव-सांप संघर्ष को कम कर सकते हैं और अपनी जैव विविधता की रक्षा भी कर सकते हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### अच्छे स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार सबसे जरूरी : डॉ. तमन्ना



**रंगस।** जोलसप्पड़ पंचायत में पोषण माह के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा 'पोषण मेला' आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता आयुर्वेदिक अस्पताल जोलसप्पड़ की डॉ. तमन्ना ढटवालिया ने की। उन्होंने बताया कि पोषण माह के दौरान प्रतिदिन विषय तथा गतिविधि आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और इसी कड़ी में 'पोषण मेला' भी आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक एवं संतुलित आहार सबसे जरूरी है। गर्भ से लेकर 2 साल तक की आयु के 1000 दिन किसी भी बच्चे की जिंदगी के सुनहरे दिन होते हैं। इस दौरान गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा शिशुओं के खानपान, स्वच्छता तथा स्वास्थ्य जांच पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बंदना ने लोगों को विभागीय योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय आंगनबाड़ी कर्मचारियों तथा आम महिलाओं ने हिमाचली पारंपरिक एवं पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बंदना कुमारी, रिंकल, अनीता, नजीर बेगम, सुदर्शना और सुमन सहित पूर्व प्रधान सोमा देवी के अलावा अन्य महिलाएं भी मौजूद थीं।

### आईटीआई भोरंज के छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव बताए



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोरंज में रेड रिबन क्लब की ओर से इस संस्थान के नोडल ऑफिसर राज कुमार अनुदेशक द्वारा जागरूकता कार्यक्रम संस्थान के प्रधानाचार्य राजेश कुमार के सौजन्य से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस थाना भोरंज से एएसआई संजीव पुंडीर उपस्थित रहे। इस जागरूकता कार्यक्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोरंज के संजीव कुमार धीमान अनुदेशक, संजीव ठाकुर, सरोज कुमारी अनुदेशिका, संजय कुमार अनुदेशक, विशाल शर्मा, मानेश्वर सिंह व अरुण कुमार भी उपस्थित रहे। एएसआई संजीव पुंडीर ने प्रशिक्षणार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ट्रैफिक नियमों के बारे में भी प्रशिक्षणार्थीयों को अवगत करवाया गया।

### गुग्गा धाम के लिए भक्तों ने किया प्रस्थान



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मंगली गुग्गा जाहरवीर से आज गुग्गा जी के भक्तों की यात्रा गुग्गा जाहरवीर के पवित्र धाम हनुमानगढ़ (राजस्थान) के लिए रवाना हो गई। यह यात्रा मंगली गुग्गा जाहरवीर के पुजारी सुनील राणा की अगुवाई में रवाना हुई जिसमें काफी संख्या में गुग्ग के भक्त शामिल थे। सुनील राणा ने बताया कि तीन दिवसीय इस यात्रा के दौरान वे गुग्गा के दरवार में सदैव मेहर बनाए रखने के लिए प्रार्थना करेंगे। मंगली गुग्गा जाहरवीर के प्रति लोगों की भारी आस्था इसलिए भी है कि यदि किसी व्यक्ति को सांप ने काट लिया हो तो वह यहां आकर ठीक. हो जाता है। लोग अपनी नई फसल सबसे पहले गुग्गा के दरबार में आकर चढ़ाते हैं।

### दो बहनों का जिला स्तरीय वॉलीबॉल टीम में चयन



**अनंत ज्ञान, नादौन।** रावमापा कन्या नादौन की दो सगी बहनों मनीषा और तनिष्का का चयन जिला स्तरीय अंडर-19 वॉलीबाल टीम में हुआ है। ये दोनों बहनें अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिला हमीरपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। इनके चयन से स्कूल में खुशी का माहौल है। स्कूल के संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया ने बताया कि छात्राओं की इस सफलता में शारीरिक अध्यापक विनोद कुमार की मेहनत और समर्पण की अहम भूमिका रही है, जो छात्राओं के साथ सुबह और शाम के अलावा अवकाश के दिनों में भी घंटों अभ्यास करवाते रहे हैं। स्कूल की प्रिंसिपल मंजू रानी, उपप्रधानाचार्य परमजीत सिंह सहित समस्त अध्यापकों ने बधाई दी है। मनीषा और तनिष्का अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपने प्रदर्शन से स्कूल और जिले का नाम रोशन करेंगी।

### ब्याड़ स्कूल में 107 किशोरियों के खून की जांच



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्याड़ में एनीमिया कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 11 से लेकर 18 वर्ष तक की किशोरियों के टेस्ट किए गए। इस कैंप में वृत्त पर्यवेक्षिका रीता देवी, अंजली वर्मा, अर्पणा डोगरा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा रानी व स्कूल की महिला शिक्षकों ने इस कैंप में भरपूर सहयोग दिया। इस कैंप में कुल 107 किशोरियों के खून की जांच की गई जिसमें कुछ किशोरियों में खून की कमी भी पाई गई। वृत्त पर्यवेशिका रीता देवी ने बताया कि इस कैंप में बेटियों को मौसमी फल और सब्जियां आदि अधिक से अधिक मात्रा में खाने की भी सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि इस जागरूकता शिविर का मुख्य उद्देश्य बेटियों में एनीमिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उसके उपचार के विकल्प पर जानकारी सांझा करना था ताकि बेटियों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए और पोषण के बारे में भी अधिक से अधिक जानकारी सांझा की जा सके।

### सकारात्मकता के साथ करें तनाव का प्रबंधन



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगेहड़ा और सुजानपुर में तनाव प्रबंधन शिविर आयोजित किए। इन शिविरों के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि किशोरावस्था मानव जीवन का सर्वाधिक ऊर्जावान, उत्पादक एवं प्रतिस्पर्धी समय होता है। यह अत्यधिक ऊर्जा एवं प्रतिस्पर्धा किशोरों से अपने व्यवहार में कुशलता और धैर्य की भी अपेक्षा रखती है। क्योंकि, अपने आसपास के बदलते परिवेश से तालमेल स्थापित करते हुए हमारा शरीर तनाव के रूप में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करता है। तनाव वास्तव में हमारी वह शारीरिक और मानसिक दशा है, जो हमें किसी परिस्थिति विशेष का सामना करने के लिए क्रियाशील बनाती है और तैयार करती है। इस अवसर पर मनोविज्ञानी शीतल वर्मा ने कहा कि तनाव प्रबंधन कार्यशालाओं का उद्देश्य तनाव की इस अति क्रियाशीलता अथवा तत्परता को उचित प्रबंधन के द्वारा सकारात्मकता में बदल कर युवाओं की ऊर्जा का सदुपयोग करना है। उन्होंने किशोरियों को खेलकूद, संगीत एवं सामाजिक रूप से उत्पादक कार्यों में भी अपनी अभिरुचि बढ़ाने के लिए उन्हें प्रेरित किया।

# बेरोजगार युवाओं ने नौकरी भर्ती में हो रही देरी को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, बोले-लंबित पोस्ट कोड की परीक्षाएं जल्द आयोजित करे राज्य चयन आयोग

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

राज्य चयन आयोग की स्थापना को एक वर्ष हो गया है, लेकिन अभी तक केवल ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट की परीक्षा के अलावा कोई अन्य परीक्षा आयोजित नहीं की गई है। इसी बात से नाराज बेरोजगार युवाओं ने शुक्रवार को प्रदेश सरकार के खिलाफ गांधी चौक पर प्रदर्शन किया और उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा।

बेरोजगार युवाओं का कहना है कि राज्य चयन आयोग के पास 86 पोस्ट कोड की परीक्षाएं लंबित हैं जिसके तहत 1150 पद भरे जाने हैं जिसके लिए कोई भी प्रक्रिया शुरू नहीं की जा रही है। कर्मचारी चयन आयोग को भंग करने से बेरोजगार युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। परीक्षाओं की तैयारी बेरोजगार युवा कर रहे हैं, लेकिन अभी तक किसी भी पोस्ट कोड की परीक्षा की तिथि घोषित न करने से हताश हो गए हैं। बेरोजगार युवाओं का कहना है कि दीपक सानन कमेटी ने ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने जैसी उनकी सिफारिशों के कारण परीक्षा प्रक्रिया में देरी करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है।



बेरोजगार युवाओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ गांधी चौक पर प्रदर्शन किया।

उनका कहना है कि राज्य चयन आयोग की स्थापना के बाद एक वर्ष के लिए ऑनलाइन संचालन एजेंसी को अंतिम रूप देने में सक्षम नहीं है।

उन्होंने कहा कि जेओए आईटी, पटवारी, पुलिस कांस्टेबल, क्लर्क आदि जैसे विभिन्न पदों की ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है क्योंकि इन परीक्षाओं में बड़ी संख्या में उम्मीदवार हैं। उन्होंने कहा कि दो वर्षों में कैबिनेट से स्वीकृत सभी पदों को भरें तथा परीक्षा का एक वर्षीय कैलेंडर अग्रिम रूप से जारी करें। उन्होंने कहा कि दो वर्षों में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा लगभग 6500 पदों को स्वीकृत किया गया है, लेकिन इसकी भर्ती प्रक्रिया अभी भी रुकी हुई है। बेरोजगार युवाओं का यह भी कहना है कि सेवानिवृत्त लोगों को फिर से सेवाविस्तार देना सरकार बंद करे।द इससे प्रदेश में 7.08 लाख बेरोजगार युवाओं के भविष्य पर असर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि आउटसोर्स प्रणाली द्वारा कई स्थायी नौकरियां खत्म हो गई हैं। पिछले दो वर्षों में प्रदेश में विभिन्न विभागों में आउससोर्सिंग के माध्यम से लगभग 10 हजार पद भरे गए हैं। युवाओं का कहना है कि पेपर लीक और धोखाधड़ी के मामले प्रदेश में बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे मामलों को निपटने के लिए सख्त कानून बनाया जाए।

## स्कूली बसों में बच्चों की सुरक्षा में कोताही नहीं की जाएगी बर्दास्त : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप ने सड़क सुरक्षा पर निजी स्कूलों की बसों का निरीक्षण करके बच्चों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के आदेश निजी स्कूल प्रबंधकों को दिए हैं और कहा कि बच्चों की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोताही नहीं होने दी जाएगी।

एसडीएम संजय स्वरूप ने उप मंडल स्तरीय सड़क सुरक्षा टीम के साथ शुक्रवार को उपमंडल के न्यू ईरा पब्लिक स्कूल डेरा परोल की बसों का निरीक्षण किया तथा बच्चों से बातचीत करके बसों में बैठने की व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के प्रधानाचार्य, स्कूल प्रबंधक व बसों के चालकों व परिचालकों के बातचीत की और बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि बसों में बैठने वाले बच्चों की लिस्ट बस में होनी चाहिए। इसमें बच्चों के नाम, माता-पिता का नाम, ब्लड ग्रुप, मोबाइल फोन व उनका पता होना चाहिए। इसके अलावा चालक व परिचालक बच्चों को बसों से उतारते वक्त व सड़क पार करवाने में जल्दबाजी न करें।

उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि निजी बसों में चालक व परिचालक बच्चों की सुरक्षा के लिए 6 माह में एक बार आवश्य अपना मेडिकल करवाकर स्कूल में जमा करवाएं। इस दौरान खंड स्तरीय सड़क सुरक्षा कमेटी के सदस्य एवं भोरंज स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा व पुलिस विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।



भोरंज के एसडीएम संजय स्वरूप निजी स्कूल की बस का निरीक्षण करते हुए।

## अपने भवनों के बिजली लोड को अपडेट करवाएं उपभोक्ता : गुप्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल कक्कड़ के सहायक अभियंता अंकज गुप्ता ने आग्रह किया है कि क्षेत्र के जिन उपभोक्ताओं के मकानों, दुकानों और अन्य भवनों का विद्युत लोड ज्यादा है, लेकिन बिजली बोर्ड के रिकॉर्ड में कम दर्ज करवाया गया है, वे इसे अतिशीघ्र अपडेट करवा लें।

उन्होंने बताया कि उपभोक्ता इस बढ़े हुए बिजली लोड से संबंधित प्रक्रिया को बिजली बोर्ड के वेब पोर्टल एचपीएसईबीएल.इन पर पूरा करने के बाद इससे संबंधित दस्तावेजों को आगामी कार्रवाई के लिए विद्युत उपमंडल कक्कड़ के कार्यालय में जमा करवा दें। सहायक अभियंता ने बताया कि भविष्य में जांच के दौरान अगर किसी भवन के विद्युत लोड में अनियमितता पाई गई तो उस उपभोक्ता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## आईएचएम के नए विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया फ्रेशर्स समारोह, मिस्टर फ्रेशर बने मोहित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर के नए विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को फ्रेशर्स समारोह 'मीट एंड मिंगल आरंभ-2024' आयोजित किया गया, जिसमें एडीएम एवं संस्थान के कार्यकारी प्रधानाचार्य राहुल चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर सभी नए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए राहुल चौहान ने कहा कि इस समारोह का उद्देश्य नए और वरिष्ठ छात्रों के बीच आपसी संवाद, सहयोग व मेल मिलाप को बढ़ाना है। संस्थान की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए राहुल चौहान ने कहा कि यहां से शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत कई विद्यार्थी देश-विदेश की बड़ी-बड़ी कंपनियों में अच्छे पैकेज पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि होटल उद्योग के अलावा फ्लाइट किचन, ऑन-बोर्ड उड़ान सेवाएं, भारतीय नौसेना, शिपिंग कंपनियों, अस्पताल एवं संस्थागत केटरिंग सेवाओं, रेलवे आतिथ्य और अन्य केटरिंग सेवाओं में भी प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार की काफी अच्छी संभावनाएं हैं।



कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर को सम्मानित करते गणमान्य।

इससे पहले, विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा कार्यक्रम संबंधी जानकारी दी। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में मोहित को मिस्टर फ्रेशर चुना गया।

## जोल गांव में तेंदुए के हमले से बकरी की मौत लोगों ने की पिंजरा लगाने की मांग

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत धमरोल में वीरवार को तेंदुए ने जोल के जंगल में वार्ड पंच मेहर सिंह की बकरी पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गांव जोल के वार्ड पंच मेहर सिंह बकरियां चराने जंगल में गए थे। शाम के समय जब वे बकरियां लेकर घर आ रहे थे तो जोल गांव के पास बीच मे तेंदुआ जो पहले से ही घात लगाए बैठा था, उसने बकरी पर हमला कर दिया। इस पर मेहर सिंह ने शोर मचाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने जब शोर सुना तो सारे घटनास्थल पर पहुंचे तो शोर सुन कर तेंदुआ घटना स्थल से बकरी को मार कर भाग गया था। बताते चलें कि इससे पूर्व भी बीते वर्षों में तेंदुआ जोल गांव के 2 व्यक्ति को घायल कर चुका है। ग्राम सुधारसभा के प्रधान गौरव कुमार ने बताया कि तेंदुए के कारण लोगों का सुबह-शाम घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने के लिए क्षेत्र में पिंजरे लगाने की मांग की है। उधर, इस बारे वन रक्षक के शुभम ने बताया कि उन्हें घटना की सूचना मिली है। स्थिति का जायजा लेकर आवश्यक हुआ तो घटनास्थल पर पिंजरा लगवा दिया जाएगा।

## एक अक्तूबर से 'समर्थ' कार्यक्रम के तहत सभी उपमंडलों और कॉलेजों में होगी मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) हमीरपुर इस वर्ष भी एक से 15 अक्तूबर तक डिजास्टर रिस्क रिडक्शन यानी आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर जागरूकता कार्यक्रम 'समर्थ' के तहत कई गतिविधियां आयोजित करेगी। उपायुक्त एवं डीडीएमए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने इस दौरान जिले के विभिन्न उपमंडलों और कॉलेजों में मॉक ड्रिल्स भी करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि एक अक्तूबर को तहसील कार्यालय परिसर बिझड़ी, 3 अक्तूबर को बीबीएन कॉलेज चकमोह, 4 को सिद्धार्थ राजकीय डिग्री कालेज नादौन, 5 को मिनी सचिवालय नादौन, 7 को मिनी सचिवालय सुजानपुर, 8 को डिग्री कॉलेज सुजानपुर, 9 को मिनी सचिवालय भोरंज, 10 को आईटीआई भोरंज और होटल प्रबंधन संस्थान हमीरपुर तथा 14 अक्तूबर को एसडीएम कार्यालय परिसर हमीरपुर में मॉकड्रिल की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि इन मॉकड्रिल्स के दौरान होमगार्ड्स की दसवीं वाहिनी हमीरपुर और अग्निशमन विभाग के दल बचाव कार्यों का अभ्यास करेंगे। ये दल विद्यार्थियों और आम लोगों को आपात परिस्थितियों में बचाव एवं राहत कार्यों के प्रति जागरूक करेंगे। उपायुक्त ने सभी एसडीएम, होमगार्ड की दसवीं वाहिनी के कमांडेंट और सभी संबंधित कालेजों के प्रधानाचार्यों को मॉकड्रिल्स में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## आरसेटी के मुफ्त प्रशिक्षण का लाभ उठाएं महिलाएं : डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने महिलाओं और युवाओं से आग्रह किया है कि वे मट्टनसिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के माध्यम से आयोजित किए जाने वाले निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठाकर अपने उद्यम स्थापित करें। इससे वे अपनी आय बढ़ाने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकते हैं।

शुक्रवार को आरसेटी के परिसर में ग्राम पंचायत भटेड़ की महिलाओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि यह संस्थान स्थानीय जरूरतों और रोजगार की संभावनाओं के अनुसार लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को घर में ही अपना रोजगार या उद्यम चलाने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं।



आरसेटी के परिसर में महिलाओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर बोलते उपायुक्त।

उपायुक्त ने कहा कि महिलाएं अपनी आम दिनचर्या के साथ-साथ अपने हुनर एवं कौशल के बल पर छोटी-छोटी आर्थिक गतिविधियां या उद्यम चला सकती हैं। अगर इन आर्थिक गतिविधियों एवं उद्यमों को सुनियोजित ढंग से संचालित किया जाए तथा इनके उत्पादों की अच्छी मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग की जाए तो महिलाएं हमारी अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान दे सकती हैं। इस अवसर पर उपायुक्त ने महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा संस्थान में विभिन्न प्रशिक्षण कोर्सों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल प्रमुख अरविंद सरोच, जिला अग्रणी प्रबंधक टशी नमग्याल, संस्थान के निदेशक अजय कतना, वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीएस भट्टी और अन्य अधिकारियों ने उपायुक्त का स्वागत किया तथा आरसेटी में प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी।

अजय कतना ने बताया कि ग्राम पंचायत भटेड़ की महिलाओं को मशरूम की खेती का प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा उन्हें एक्सपोजर विजिट भी करवाई गई।

## लटका सीर खड्ड के चैनेलाइजेशन का कार्य खड्ड की भेंट चढ़ रही किसानों की भूमि

**एसके शर्मा, जाहू।** हमीरपुर और मंडी की सीमाओं से साथ बहने वाली सीर खड्ड के चैनेलाइजेशन न होने पर इसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। सीर खड्ड के चैनेलाइजैशन न होने की बजह से किसानों की कई हेक्टेयर भूमि खड्ड की भेंट चढ़ चुकी है, परंतु उसके बावजूद भी सरकारों का कोई ध्यान नहीं है। चुनावों के समय नेताओं के भाषणों और चुनावी वादों तक सीमित होकर रह गया है। बरच्छवाड से जाहू तक करीब 15 किलोमीटर खड्ड का चैनेलाइजेशन होना है। यह कार्य 12 सालों में शिलान्यास और विभागीय फाइलों तक ही सीमित है, जबकि चैनेलाइजेशन के निर्माण कार्य के बजट में अढ़ाई गुणा वृद्धि हो चुकी है। इसके बावजूद सरकार चैनेलाइजेशन के लिए बजट जारी नहीं कर सकी है। सीर खड्ड के चैनेलाइजेशन की मांग कई बार विधानसभा में उठ चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की सरकार के समय जल शक्ति मंत्री मंत्री ठाकुर महेंद्र सिंह ने सीर खड्ड के चैनेलाइजेशन का कार्य जल्द शुरू करने की घोषणा की और जल शक्ति विभाग मंडल सरकाघाट ने दोबारा 2022 में करीब 156 करोड़ की डीपीआर तैयार करके केंद्र सरकार को स्वीकृति के लिए भेजी है। उसके बाद केंद्र सरकार की दो एजेंसियों ने सीर खड्ड का निरीक्षण करके इसके तटीयकरण को मंजूरी दी है परंजु बजट न मिलने पर कार्य अधर में लटका हुआ है।

## यूथ क्लब ऊटपुर कल लगाएगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** यूथ क्लब ऊटपुर द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊटपुर में 22 सितंबर को पहला रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह रक्तदान शिविर सुबह 9 से शाम 4 बजे तक चलेगा।

यूथ क्लब के मुखिया राकेश चंद ने बताया कि रक्तदान केवल एक महादान है, बल्कि यह जीवन की रक्षा का एक अनमोल और अमूल्य प्रयास है। जब किसी बीमार व्यक्ति या जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त की कमी हो जाती है तो दानी सज्जनों द्वारा किया रक्तदान उनके जीवन को बचाता है।

## नशे से बचने के लिए खेलें जरूरी : संजय स्वरूप

**अनंत ज्ञान , भरेड़ी**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परोल में अंडर-19 लड़कियों की जिला स्तरीय मेजर खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को शुरू हुई। इसमें जिला के 39 स्कूलों के 345 खिलाड़ी प्रदर्शन करेंगे।

पहले दिन में बास्केटबाल के खेल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी ने शिक्षा ज्योति पब्लिक स्कूल रूढ़ान को 33-7 के अंतर से हराकर प्रथम जीत दर्ज की। तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप ने खिलाड़ियों की मार्चपास्ट सलामी के साथ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्रों के चहुंमुखी विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेलें बहुत जरूरी हैं।



परोल स्कूल में अंडर-19 लड़कियों की मेजर जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज।

इससे पहले स्कूल के प्रधानाचार्य विपिन माहिल ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। स्कूली छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता सुभाष जैलदार, स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष मंजू शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सरताज, कै. कृष्ण चंद, फ्रेंड क्लब के अध्यक्ष राकेश डोगरा, अनिल डोगरा प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज, खेलकूद प्रतियोगिता के समन्वयक शलेंद्र, सहायक समन्वयक सुरेंद्र कुमार, स्कूल अधीक्षक स्वरूप चंद व अन्य उपस्थित रहे।

## पुलिस की भारी तैनाती से करणी सेना नहीं कर पाई विरोध-प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिला के ग्राम पंचायत दड़ूही के मटाहणी में करणी सेना ने विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया था, लेकिन पुलिस की तैनाती के कारण यह विरोध प्रदर्शन नहीं हो पाया। पुलिस ने राज्य चयन आयोग के बाहर सड़क पर बेरिकेडिंग कर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर मटाहणी गांव की तरफ जाने वाली सड़क की घेराबंदी कर ली थी। मटाहणी की तरफ जाने वाली गाड़ियों की सख्ती से जांच पड़ताल की गई। हिंदू संगठन द्वारा विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मटाहणी के कुछ लोगों ने प्रशासन से मिल सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की थी। इस दौरान स्थिति पूर्णता नियंत्रण में रही और शांति बनी रही।

## रोष

### पेंशनरों ने अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त हमीरपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा मांग पत्र

# पेंशनर्स मांगें पूरी न होने पर करेंगे प्रदेशव्यापी आंदोलन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहा है, लेकिन अभी प्रदेश सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रदेश सरकार से नाराज पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने शुक्रवार को गांधी चौक से मिनी सचिवालय हमीरपुर तक रोष रैली निकाली और उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू को ज्ञापन सौंपा।

पेंशनरों द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में लिखा है कि पेंशनभोगियों ने एक उम्मीद की किरण तब नजर आई थी, जब 5 अक्तूबर 2023 को पेंशनरों की संयुक्त समन्वय समिति बनाई गई थी और इसकी बैठक शीघ्र बुलाने का आश्वासन दिया था, लेकिन हमारी सारी उम्मीदें धरी की धरी रह गई, जबकि कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। पेंशनभोगियों को पहली तारीख से पेंशन मिलती थी, लेकिन सितंबर माह में 10 तारीख को मिली। पेंशनरों का कहना है कि सबसे अधिक पेंशनभोगी जो 01.01.2016 को सेवानिवृत्त हुए थे, उन्हें भी वित्तीय संकट से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि एजी हिमाचल प्रदेश की पेंशन रिवीजन की अप्रूवल के बाद भी उन्हें वित्तीय लाभ नहीं दिए।



हमीरपुर के उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजते पेंशनर्स।

उन्होंने बताया कि 16 सूत्रीय मांगपत्र पहले ही मुख्यमंत्री के कार्यालय दिया गया है। उन्होंने बताया कि हमारी कुछ मांगें है, जिन्हें पूरा नहीं किया जा रहा है। इनमें पेंशनरों की संयुक्त समन्वय समिति का गठन कर बैठक आयोजित करना। 01.01.2016 से पेंशनरों के एरियर भत्ते पेंडिंग हैं, उन्हें दिया जाए। छठे पे कमीशन के तहत जो एरियर और 12 प्रतिशत डीए की किस्त है, उसे दिया जाए। इसके अलावा पेंशनरों को प्रत्येक महीने की पहली तारीख को पेंशन दी जाए। पेंशनरों का कहना है कि हमी मांगों पर विचार कर इसे पूरा किया जाए अन्यथा प्रदेश व्यापी आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## हिंदू संगठन 26 को निकालेंगे रैली

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** हिमाचल प्रदेश के शिमला संजौली में अवैध मस्जिद मामले की चिंगारी अब हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण कस्बों तक पहुंच गई है। अब कई लोग जाति-पाति, ऊंच नीच और भाजपा-कांग्रेस वाली राजनीति से ऊपर उठकर सरकार से इस समुदाय विशेष के लोगों पर लगाम लगाने की मांग करने लगे हैं। शुक्रवार को गलोड़ क्षेत्र के लहड़ा गुग्गा मंदिर में हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और समाज के कई बुद्धिजीवी लोगों ने एक बैठक का आयोजन किया। हिंदू संगठन 26 सितंबर को गलोड़ में विशाल रैली का आयोजन करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अश्वनी कुमार व विजय शर्मा ने कहा कि सरकार को चाहिए कि इन लोगों पर जितनी जल्दी संभव हो, कार्रवाई करें।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्राम पंचायत बनीखेत में स्वच्छता बनाए रखने की अपील



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** आज ग्राम पंचायत बनीखेत के पंचायत प्रतिनिधियों, स्थानीय लोगों हिलदारी डलहौजी एवं नगर परिषद् डलहौजी के साथ एक सहयोगात्मक परियोजना है के सहयोग से 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के अंतर्गत ग्राम पंचायत के हॉट स्पॉट वार्ड नं. 4 की सफाई की गई तथा कूड़े करकट को इकट्ठा कर उचित ठिकाने लगाया गया। स्थानीय लोगों से पंचायत प्रतिनिधियों ने अपील की कि भविष्य में उक्त स्थान पर कचरा न फैंका जाए यदि लोगों द्वारा फिर से इस जगह को गंदा किया जाता है तो मजबूरन ग्राम पंचायत को दोषियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी पड़ेगी। प्रधान ग्राम पंचायत अरुण राणा ने पंचायत के लोगों से ग्राम पंचायत को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए सहयोग करने की अपील की।

### लोगों ने निशुल्क मेडिकल कैंप का उठाया लाभ

**आजम डार, तीसा।** विकासखंड चुराह के अंतर्गत ग्राम पंचायत जूनास के दुर्गम गांव करियाड़ी में जिला स्वास्थ्य टीम में पहुंचकर अपने आप में एक नया रिकॉर्ड कायम किया। बता दें की स्वास्थ्य खंड चुनाव में पिछले 1 साल से चल रही संसद मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा लोगों के घर द्वार जाकर निशुल्क इलाज एवं सुविधाएं प्रदान कर रही है। इस बारे में चुरा से ही संबंध रखने वाले डॉक्टर अवधेश पंडित ने बताया कि क्षेत्र के कहीं ऐसे गांव हैं जहां से अस्पताल अत्यधिक दुर पड़ता है। इसलिए उनकी टीम द्वारा चिराग क्षेत्र के दुर्गम हुए अंश हुए इलाकों में घर द्वार जाकर निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं जैसे निशुल्क दवाइयां वितरित एवं मौके पर ही खून जांच संबंधी सुविधा प्रदान कर इलाज किया जाता है।

ग्राम पंचायत प्रधान ने प्रदेश सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग का धन्यवाद किया कि उन्होंने ऐसी योजनाएं चला रखी हैं जो घर द्वार जा जाकर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रही हैं उन्होंने भविष्य में भी ऐसी योजनाओं को जारी रखने के लिए सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग से अपील भी की। इस आयोजन में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाया। (अनंत ज्ञान)

### एफपीओ धर्मपुर की होगी केस स्टडी : सत्तपाल



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर एफपीओ द्वारा योजनबद्ध और तेज गति से किये जा रहे कार्य हिमाचल प्रदेश में सफल एफपीओ की कहानी लिखने के लिए अध्ययन केस स्टडी का विषय है। ये बात राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम द्वारा शिमला में आयोजित ट्रेंनिग में बतौर मुख्य प्रशिक्षीका शिवानी शर्मा ने कही। उन्होंने इतने कम समय में मंडी ज़िला के धर्मपुर में दो साल पहले गठित हुए किसान उत्पादक संघ-एफ़पीओ की दो साल की प्रौग्रेस को जानने के बाद कही और उन्होंने इसकी एक केस स्टडी करने की बात कही जिसके लिए वे आने वाले समय में वहां पर जाकर इस असाधारण उपलब्धि का अध्यन करेंगी। एनसीडीसी के क्षेत्रीय निदेशक भूपेंद्र मंडावी ने बताया कि धर्मपुर एफ़पीओ में हिमाचल प्रदेश में अब तक बने एफ़पीओ में सबसे ज्यादा शेरहोल्डर भर्ती करने योजना बद्ध तरीके से व निरन्तर गतिविधियां करने उत्पादन, किसानों को सेवाएं देने, मोटे अनाज और फ़लों के उत्पाद बनाने, विभागीय तालमेल बिठा कर गतिविधियां आयोजित करने और महिलाओं की बड़े पैमाने पर भागीदारी के चलते ही 15 अगस्त को दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस पर विशेष अतिथि बनाया था और हिमाचल प्रदेश में भी प्रथम श्रेणी में आंका है। एफ़पीओ धर्मपुर के अध्यक्ष सत्तपाल चौहान और सचिव भूपेंद्र सिंह ने इस ट्रेंनिग में भाग लिया और उन्होंने ने बताया कि धर्मपुर के मॉडल को काफ़ी हद तक सराहा गया है जिसके लिए धर्मपुर में इस एफ़पीओ से जुड़े सभी शेरहोल्डर और प्रबन्धक कमेटी के सदस्य बधाई के पात्र हैं।

### एचपी शिवा परियोजना के तहत होगा पौधरोपण

**कविता, पधर।** बागवानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के उद्देश्य से चलाई जा रही बागवानी विभाग की एचपी शिवा परियोजना के तहत द्रंग विस क्षेत्र के बड़ा गांव के बागवान लाभान्वित होने जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक इस परियोजना के तहत अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं तथा महिलाओं को बागवानी से जोड़ना है। इसके तहत बागवानों को नबगीचे लगाने के लिए उपयुक्त पौधे व अन्य सामग्री सहित सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। बागवानों को अमरूद, नींबू, लीची व अनार की बेहतर किस्में उपलब्ध करवाई जा रही हैं। शुक्रवार को परियोजना निदेशक एच पी शिवा डॉक्टर देवेंद्र ठाकुर व जिला उपनिदेशक डॉक्टर संजय गुप्ता ने बड़ागांव के कलस्टर में भूमि पूजन कर अमरूद का पोधा रोपित किया। उन्होंने परियोजना से संबंधित अब तक के हुए कार्य का निरीक्षण कर उपस्थित बागवानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस परियोजना से बागवानों की दशा और दिशा बदलने वाली है। आज का बेरोजगार युवा अपनी आजीविका के लिए खेती बाड़ी छोड़कर शहरों का रुख कर रहे हैं, लेकिन जब उन्हें रोजगार का माध्यम अपने घर पर ही मिलेगा तो उन्हें बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को जितना बागवान बढ़ाना चाहता है बढ़ा सकता है। परियोजना के तहत बागवानों को आवश्यकतानुसार हर प्रकार सुविधाएं भी मुहैया करवाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बांड़ा महोत्सव का किया समापन

# मेले समृद्ध लोक संस्कृति के परिचायक

**ओपी शर्मा, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने गत दिन होली क्षेत्र की ग्राम पंचायत दियोल में आयोजित दो दिवसीय बांड़ा महोत्सव के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया । मुकेश रेपसवाल ने क्षेत्रवासियों को समारोह की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपने संबोधन में कहा कि उत्सव, मेले और त्योहार किसी भी क्षेत्र की समृद्ध लोक संस्कृति के परिचायक होते हैं। उन्होंने युवा वर्ग से अपनी मौलिक लोक कला एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का भी आह्वान किया।



उपायुक्त को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

उपायुक्त ने स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों से विकास कार्य में तेजी लाने को कहा। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि विकासात्मक कार्यों के लिए धन की कमी नहीं है। उन्होंने इस दौरान महिला मंडल नृत्य प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार के रूप में 11 हजार, 8 हजार एक सौ तथा चार महिला मंडलों को पांच- पांच हजार की नगद राशि प्रदान की। इस दौरान उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को मुख्य संरक्षक बांड़ा महोत्सव डॉ. केहर सिंह ठाकुर तथा प्रधान ग्राम पंचायत दियोल अनिल दत्त गौत्तम ने आयोजन समिति की ओर से शॉल-टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

महोत्सव में ग्राम पंचायत दियोल, सूटकर, बनूण, झड़ौता, गुसाल के महिला मंडल प्रतिनिधियों, आदर्श आधुनिक पब्लिक स्कूल, होली वैली पब्लिक स्कूल, माध्यमिक विद्यालय दियोल के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने भाग लिया।

इस दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों एवं महिला मंडलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। उपायुक्त ने इसके पश्चात भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र सलूण, जड़ोता, कुलेठ तथा तैयारी गांव का निरीक्षण कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने होली में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में भी विभिन्न व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय के अतिरिक्त भवन निर्माण को लेकर वन विभाग तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को भूमि स्थानांतरण के लिए विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर संबंधित विभाग को वन संरक्षण अधिनियम के तहत मामला तैयार करने को निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. केहर सिंह ठाकुर, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग मीत शर्मा, खंड विकास अधिकारी अनिल गुराड़ा सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**पंचायत प्रतिनिधियों को डीसी ने विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए आदेश**

### सर्दियों के शुरू होने से पहले मनाया जाता है महोत्सव

बांड़ा महोत्सव जनजातीय क्षेत्र भरमौर के होली इलाके में स्थानीय लोगों द्वारा सर्दियों के प्रवास शुरू करने से पहले मनाया जाता है । महोत्सव को जुदाई से पहले मिलन महोत्सव के रूप में जाना जाता है। महोत्सव के दूसरे दिन तीन मशालें जलाई जाती हैं। मान्यता ये है कि ये मशालें ब्रह्मा, विष्णु, महेश का प्रतीक होती हैं। ये समुदाय की उपजातियों को भी प्रदर्शित करती हैं । गांव के महिलाएं व पुरुष अपनी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर मशाल के सन्मुख नृत्य करते हैं। ये नृत्य मशालों के बुझने तक जारी रहता है ।

## प्रतियोगिताओं से बच्चे नशे की लत से रहते हैं दूर : भजन



टूर्नामेंट के समापन पर मुख्यातिथि के साथ गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

सीनियर सेकेंडरी स्कूल खणी में आयोजित अंडर-19 गर्ल्स खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को बड़ी धूमधाम के साथ समापन हो गया। टूर्नामेंट के समापन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भरमौर के अध्यक्ष भजन ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर स्कूल के बच्चों द्वारा कई रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

गौरतलब है चार दिनों तक चलने वाले इस अंडर-19 गर्ल्स खेलकूद प्रतियोगिता में 12 स्कूलों की 135 छात्राओं ने भाग लिया। खंड स्तरीय इस टूर्नामेंट में विभिन्न विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के समापन समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भजन सिंह ठाकुर ने कहा है कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में खेलकूद की भावना बढ़ती है और नशे की लत से दूर रहते हैं। उन्होंने आयोजनों से भविष्य में अधिक से अधिक इस तरह के टूर्नामेंट आयोजित करवाने की अपील की। छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए उन्होंने कहा है कि आज हर क्षेत्र में लड़कियां बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं और देश-विदेश में अपना नाम चमका रही हैं।

उन्होंने कहा है कि इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन के बाद ही खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होते हैं लिहाजा अभी से ही अधिक से अधिक मेहनत करना शुरू करें और खेल को खेल की भावना से खेलें। इस मौके पर मुख्यातिथि का स्कूल प्रबंधन ने फूलमलाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया । वहीं इस मौके पर विपणन समिति के अध्यक्ष कमलेश ठाकुर बीडीसी सदस्य पवन ठाकुर भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगाली ने जीता मार्चपास्ट का खिताब



विजेता बच्चों के साथ मौजूद अध्यापक व अन्य।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीखेत में आयोजित 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के छात्रा वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ ।

19 छात्रा वर्ग की मार्च-पास्ट का खिताब राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगाली ने अपने नाम किया माननीय मुख्य अतिथि महोदय डलहौजी अनिल भारद्वाज जी के द्वारा मार्च -पास्ट ट्रॉफी प्राप्त करते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नगाली के छात्रा खिलाड़ी इस उपलब्धि के लिए स्कूल के प्रधानाचार्य संदीप राठौर समस्त स्टाफ सदस्यों ने इन बच्चों को बधाई दी है।

स्थानीय स्कूल के डीपीई अविनेश टंडन और बच्चों के साथ अपने गए इंचार्ज शीतल सकलानी कमलो देवी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

## खाई में गिरी गाड़ी पांच लोग घायल

**चंबा।** चुराह उपमंडल के बैरागढ़-देवीकोठी संपर्क मार्ग पर स्कार्पियो वाहन के गहरी खाई में गिरने से इसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों को सिविल अस्पताल तीसा में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज चंबा रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

जानकारी के अनुसार देवीकोठी से बैरागढ़ की ओर आ रही स्कार्पियो सतनाला के पास चालक के नियंत्रण खो देने से गहरी खाई में में जा गिरी। परिणामस्वरूप इसमें सवार भूपेंद्र सिंह व सुदेश कुमार दोनों वासी गांव ध्यास तहसील चुराह, नरेश कुमार वासी गांव सिल्लाघ्राट तहसील चंबा, विजय थापा वासी नेपाल और शाम सिंह वासी गांव प्रघवाल तहसील पांगी घायल हो गए।

## चूड़ी से बक्कल सड़क निर्माण में एक दर्जन गांवों के लोग सुविधा से वंचित

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

ग्राम पंचायत राडी के अंतर्गत बनने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़क चूड़ी से बक्कल निर्माण को लेकर लोगों ने गलत डीपीआर बनाने के आरोप विभाग पर लगाए हैं।

यहां के लोगों का कहना है कि इस सड़क निर्माण के दौरान कई गांवों को सड़क सुविधा से नहीं जोड़ा गया है । जबकि सड़क दूसरे किनारे से होकर बनाई गई है। जिसके कारण करीब एक दर्जन गांवों के लगभग 1500 लोग सड़क सुविधा से वंचित रह गए हैं। लोक निर्माण विभाग मंत्री को लिखे पत्र में लोगों ने इस गांव के लिए अतिरिक्त कैंची मोड लगाकर सड़क पहुंचाने की मांग की है। स्थानीय लोगों में रमेश कुमार मनोज कुमार मनीष कुमार रामशरण खेम कुमार पन्नू राम रविंद्र बिट्टू अरुण अशोक कुमार ने कहा है कि करीब 9.50 करोड़ की लागत से यह सड़क बनाई जा रही है। लेकिन इस सड़क निर्माण के दौरान किसी भी गांव को इससे जोड़ा नहीं गया है।

लोगों का कहना है कि जहां से यह सड़क जा रही है वहां से गांव 3 किलोमीटर ऊपर है। लिहाजा इस सड़क के निर्माण हो जाने के बाद भी इन गांवों के लोगों को सारा सामान पीठ पर उठाकर ले जाना पड़ेगा तो वहीं पर मरीजों को भी पालकी के सहारे उठाकर गांव पहुंचाना पड़ेगा। लोगों ने कहा है की यहां पर तीन अतिरिक्त कैंची मोड लगाकर इन गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ा जाए।

गौरतलब है दशकों बाद गैर जनजातिय क्षेत्र की राडी पंचायत की सबसे दूर दराज गांवों के लिए बड़ी परियोजना के तहत सड़क निर्माण हो रहा है। लेकिन सड़क निर्माण शुरू होने के बाद तकरीबन 1500 लोगों के गांव को सड़क सुविधा से ना जोड़ने से यहां के लोगों में काफी रोष है। लोगों ने पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर व विभाग के उच्च अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की है।

## अध्यात्म ज्ञान का बच्चों को मिल रहा लाभ : पूनम

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

डलहौजी हिलटॉप स्कूल को आर्ट ऑफ लिविंग एजुकेशनल ट्रस्ट के सम्मानित सीईओ शिव प्रसाद का स्वागत करते हुए गर्व हो रहा है, जो पूरे भारत में 1200 से अधिक स्कूलों का संचालन करता है। प्रसाद हमारे परिसर में एडवांस्ड मेडिटेशन प्रोग्राम का नेतृत्व करेंगे, जिसमें वे ध्यान की परिवर्तनकारी शक्ति के बारे में अपने विशाल अनुभव और गहन अंतर्दृष्टि का उपयोग करेंगे।

प्रसाद के दूरदर्शी नेतृत्व में आर्ट ऑफ लिविंग एजुकेशनल ट्रस्ट अपने स्कूलों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से समग्र शिक्षा और कल्याण को बढ़ावा देने में सहायक रहा है। युवा दिमागों को पोषित करने और शिक्षा के प्रति संतुलित दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए ट्रस्ट की प्रतिबद्धता डलहौजी हिलटॉप स्कूल द्वारा बनाए गए मूल्यों के साथ पूरी तरह से मेल खाती है।



कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ मौजूद गणमान्य।

डलहौजी हिलटॉप स्कूल की अध्यक्ष पूनम धवन ने कहा कि हम इस विशेष कार्यक्रम के लिए शिव प्रसाद को अपने साथ पाकर रोमांचित हैं। डलहौजी हिलटॉप स्कूल के बारे में डलहौजी हिलटॉप स्कूल एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है जो समग्र शिक्षण वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। आर्ट ऑफ लिविंग एजुकेशनल ट्रस्ट एक गैर-लाभकारी संगठन है जो भारत भर में 1200 से अधिक स्कूलों के अपने नेटवर्क के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर द्वारा स्थापित, ट्रस्ट समग्र शिक्षा के महत्व और दैनिक जीवन में माइंडफुलनेस प्रथाओं के एकीकरण पर जोर देता है। (अनंत ज्ञान)

## लोगों ने की सफाई

**मंडी।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शुक्रवार को वार्ड नंबर 2 में सुबह 11 बजे एक आम नागरिकों के साथ स्वच्छता सभा का आयोजन किया गया। जिसमें आम जनमानस की भागीदारी के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को सार्थक बनाने के लिए अभियान की व्यापक जागरूकता की गई तथा लोगों को पैंप्लेट आदि बांटे गए ।

वहीं बरसात के कारण आए बरसाती पानी व फ्लड के साथ जो एक हॉटस्पॉट तैयार हो गया था और नाला पूर्ण रूप से बंद हो चुका था उसे साफ किया गया इस अभियान में वार्ड के स्वच्छता कर्मी व करीब 60 आम लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर वार्ड नंबर 2 के पार्षद नगर निगम एवं नगर निगम मंडी के मेयर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में इस स्वच्छता अभियान को पूर्ण किया गया।

## अंडर-19 गर्ल्स टूर्नामेंट में लिल्ह स्कूल बना ओवरआल कुश्ती चैंपियन

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल खणी में आयोजित अंडर-19 जोनल गर्ल्स टूर्नामेंट में कुश्ती में सीनियर सेकेंडरी स्कूल लिल्ह ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। 17 सितंबर से 20 सितंबर तक चलने वाले गर्ल्स टूर्नामेंट में 12 स्कूलों के 135 छात्राओं ने यहां पर भाग लिया। इस दौरान यहां पर कुश्ती, कबड्डी, खो-खो वॉलीबॉल, बैडमिंटन और मार्च पास्ट जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खंड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में पहले स्थान पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल लिल्ह तो दूसरे स्थान पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल गरोला रहा। खो-खो में गुंआ स्कूल ने चोबिया स्कूल को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस मौके पर अध्यापक चरण सिंह, विजय कुमार, अशोक कुमार, सरिता शर्मा, दीपशिखा, रचना देवी, इत्यादि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## सूडोकु 0063 (★★★★☆ मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0062 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

**अनंत ज्ञान**

## आज का पंचांग

21 सितंबर, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत भाद्रपद, **तिथि** चतुर्थी :(06:15): **नक्षत्र** भरणी (00:36), **पक्ष :** कृष्ण **योग:** व्याघात (11:35) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:49-12:38), **राहुकाल** (09:11 -10:42) ।

**विशेष दिन**

» 21 सितंबर 2024 : संकष्टी चतुर्थी आज।

» 21 सितंबर 2024 : विश्व शांति दिवस आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** आपकी आदतों के कारण आपने अपनों से दूरियां बना ली हैं। समय रहते अपने स्वभाव और व्यवहार को बदलें तो अच्छा होगा। आर्थिक हालत में पहले से सुधार होगा।

**वृषभः** पारिवारिक लोगों से संबंध मधुर होंगे। कार्यस्थल पर किसी से आकर्षित होंगे। जो भी काम करें, पुरे आत्मविश्वास के साथ और आनंद से करें। निश्चित सफल होंगे।

**मिथुनः** नए व्यापार की शुरुआत अनुकूल होगी। कान संबंधित पीड़ा हो सकती है। अनावश्यक विवादों में न बोलें, नुकसान हो सकता है।

**कर्कः** आर्थिक मामले सुलझने की उम्मीद है। जिन लोगों की आपने मदद की थी, वहीं आप का विरोध करेंगे। रुचि अनुसार काम मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंहः** वैचारिक मतभेद दूर होंगे। किसी को अपने मन की बात बताने का मोका मिलेगा। कारोबार में नए सौदे लाभप्रद रहेंगे। रुके कार्य पूरे होने में अभी समय लग सकता है।

**कन्याः** अपने रिश्तों की नई शुरुआत करें। आप की उन्नति से विरोधी को तकलीफ हो सकती है। शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

**तुलाः** सामाजिक वर्चस्व में वृद्धि होगी। मन में किसी बात को लेकर दुविधा है, उसी के कारण आप तनाव महसूस कर रहे है। उधार दिया पैसा आने में संदेह है।

**वृश्चिकः** कार्यस्थल पर सहकर्मी आप की सफलता से ईर्ष्या करेंगे। कार्यों में हो रही देरी से चिंतित होंगे। कारोबार में नई तकनीकी का प्रयोग लाभान्वित करेगा।

**धनु :** धार्मिक माहौल में समय व्यतीत होगा। धनार्जन के नए स्त्रोत स्थापित होंगे। पारिवारिक मांगलिक आयोजनों की रुपरेखा बनेगी।

**मकरः** रुके कार्य और योजनाओं को क्रियाशील करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। बीमारी के कारण तनाव पैदा होगा पर घबराएं नहीं अपने इष्ट पर भरोसा रखें।

**कुंभः** नई योजनाओं में पूंजी निवेश सोच-समझ कर करें। पुराने विवाद से युक्त जमीन जायदाद के मसले लंबित होंगे। शत्रु परास्त होंगे।

**मीनः** नया काम शुरू करने से पहले अनुभवियों और बड़ों से मार्गदर्शन की सलाह लें। पूंजी निवेश करने में सतर्क रहें। किसी की बातों में जल्द फंस जाते हैं, खुद को परिपक्व करें।

## आपदाओं बचाव के लिए परियोजनाओं की डीपीआर जरूरी : एडीएम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मंडी डॉ मदन कुमार ने कहा है कि प्राकृतिक आपदाओं को ध्यान में रखकर बनाई गई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट आपदा से निपटने में अहम होती है। इससे भूकंप, बाढ़, भूस्खलन आदि के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है।

डीपीआर तैयार करने वाले सभी विभाग प्राकृतिक खतरों को ध्यान में रखते हुए परियोजनाओं की डीपीआर तैयार करें। डॉ मदन कुमार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण डीडीएमए मंडी और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी मंडी के समन्वय से आईआईटी मंडी में आपदा न्यूनीकरण के दृष्टिगत डीपीआर बनाने की कार्यशाला के समापन अवसर पर बोल रहे थे।

कार्यशाला में जल शक्ति, लोक निर्माण, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, नगर एवं ग्राम नियोजन, वन संरक्षक, अग्निशमन विभागों के 53 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला विभिन्न आपदाओं, जैसे भूकंप, बाढ़, भूस्खलन आदि के प्रभाव को कम करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर तैयार करने में संबंधित विभागों के कर्मचारियों को जरूर मदद मिलेगी।

उन्होंने आईआईटी मंडी का धन्यवाद किया। उन्होंने भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया। आईआईटी मंडी में डीडीएमए मंडी ने 18-20 सितंबर तक विभिन्न खतरों के से बेहतर ढंग से निपटने के लिए डीपीआर तैयारी पर 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## बैडमिंटन मुकाबले में रायपुर स्कूल ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

आज बनीखेत में जिला स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन चंबा द्वारा जोनल लेवल गर्ल्स अंडर 19 टूर्नामेंट का समापन समारोह हुआ, जिसमें बतौर मुख्यातिथि उपमंडल अधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज ने शिरकत की । उनके पद्दर खेल मैदान में पहुंचने पर बनीखेत स्कूल प्रबंधन एवं जिला स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा बड़ा ही गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया इस आयोजन में सर्वप्रथम मुख्यातिथि अनिल भारद्वाज द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया।



मुख्य मेहमान को सम्मानित करते गणमान्य।

वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनीखेत के प्रधानाचार्य द्वारा आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत एवं धन्यवाद किया गया, साथ ही खेल प्रतियोगिताओं में उम्दा प्रदर्शन करने वाले स्कूलों खिलाड़ियों को उनकी शानदार जीत के लिए शुभकामनाएं भी दी।

इस आयोजन में मार्च पास्ट भी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें कि विभिन्न स्कूलों से आए हुए बच्चों ने मुख्यातिथि को सलामी देकर उनका अभिवादन किया।

वहीं बैडमिंटन के हुए मुकाबले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर ने चुवाड़ी को हराया, तो वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुनाड़ ने समलेउ को ककारी शिकस्त दी। इस टूर्नामेंट में कुश्ती प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुनाड़ की पहलवान लड़कियों ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए कुश्ती प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। इस आयोजन में पूर्व प्रधानाचार्य जेपी ठाकुर स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्य तथा स्कूल स्टाफ के इलावा गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पाइप लाइन टूटने से गहराया पेयजल संकट

**बनीखेत।** मेन लाइन के टूट जाने से पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पाई। इसके चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जलशक्ति विभाग के फील्ड स्टाफ ने पेयजल लाइन को दुरुस्त करने के लिए काम छेड़ दिया है। जलशक्ति विभाग का दावा है कि लाइन की मरम्मत करके शुक्रवार सवेरे पेयजल आपूर्ति को बहाल कर दिया जाएगा।


**व अदालत कार्यकारी दंडाधिकारी तहसील जोगिंद्रनगर जिला मंडी हि.प्र.**

| मिसल नं. | तारीख मरजुआ | तारीख पेशी |
|---|---|---|
| 38 | 08/04/2024 | 14/10/2024 |

सुदर्शन पुत्र स्व. भगवती उर्फ बंती देवी गांव कास, डाकघर भराडू, तहसील जोगिंद्रनगर जिला मंडी हि.प्र. ...प्रार्थी

1. सचिव ग्राम पंचायत मसौली
2. बनाम आम जनता ......याचिकाकर्ता

**अखबारी ईश्तहार**

**विषयः.....प्रार्थना पत्र जेर धारा 38 भू-राजस्व अधिनियम1954 के अंतर्गत नाम दरूस्ती करवाने बारे।**

सुदर्शन पुत्र स्व. भगवती उर्फ भंती देवी गांव कास, डाकघर भराडू, तहसील जोगिंद्रनगर जिला मंडी हि.प्र. ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र/शपथी पत्र गुजार कर यह अनुरोध किया है कि उनकी माता का वास्तविक नाम भगवती देवी है, जो उसके आधार कार्ड तथा अन्य कागजातों में भी दर्ज है। लेकिन राजस्व अभिलेख महाल कौंल/331 में भंती तथा मनोह/344 और भटबाड/347 में उनकी माता का नाम मती देवी दर्ज कागजात माल है। जोकि गलत दर्ज कागजात है।

अतः सर्व साधारण आम जनता को इस अखबारी ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त प्रार्थीगणों के दावे के बारे किसी प्रकार का उजर/एतराज है तो वह दिनांक 14/10/2024 को प्रातः 10:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष इसे असलातन व वकालतन प्रस्तुत कर सकता/सकते हैं। आम जनता की ओर से उपरोक्त दिनांक एवं समय तक कोई भी उजर/एतराज प्रस्तुत न होने की सूरत में उनके विरुद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 12/09/2024 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता**
**तहसील जोगिंद्रनगर**
**जिला मंडी हि.प्र.**

**व अदालत कार्यकारी दंडाधिकारी तहसील जोगिंद्रनगर जिला मंडी हि.प्र.**

| मिसल नं. | तारीख मरजुआ | तारीख पेशी |
|---|---|---|
| 39 | 08/04/2024 | 14/10/2024 |

गगन सिंह पुत्र स्व. सरोज देवी उर्फ ब्रह्मी और श्री कमल चंद डाकघर रजोत बुहला, तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा हि.प्र. ...प्रार्थी

1. सचिव ग्राम पंचायत मसौली
2. बनाम आम जनता ......याचिकाकर्ता

**अखबारी ईश्तहार**

**विषयः.....प्रार्थना पत्र जेर धारा 38 भू-राजस्व अधिनियम1954 के अंतर्गत नाम दरूस्ती करवाने बारे।**

गगन सिंह पुत्र स्व. सरोज देवी उर्फ ब्रह्मी और श्री कमल चंद डाकघर रजोत बुहला, तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र/शपथी पत्र गुजार कर यह अनुरोध किया है कि उनकी माता का वास्तविक नाम सरोज देवी है, जो उसके आधार कार्ड तथा अन्य कागजातों में भी दर्ज है। लेकिन राजस्व अभिलेख महाल कौंल/331 में भंती तथा मनोह/344 और भटबाड/347 में उनकी माता का नाम ब्रह्मी दर्ज कागजात माल है। जोकि गलत दर्ज कागजात है।

अतः सर्व साधारण आम जनता को इस अखबारी ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त प्रार्थीगणों के दावे के बारे किसी प्रकार का उजर/एतराज है तो वह दिनांक 14/10/2024 को प्रातः 10:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष इसे असलातन व वकालतन प्रस्तुत कर सकता/सकते हैं। आम जनता की ओर से उपरोक्त दिनांक एवं समय तक कोई भी उजर/एतराज प्रस्तुत न होने की सूरत में उनके विरुद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 12/09/2024 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता**
**तहसील जोगिंद्रनगर**
**जिला मंडी हि.प्र.**

आज हमें ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, जाति-पंथ के भेदभावों को समाप्त कर देना चाहिए तभी हम एक उन्नत देश की कल्पना कर सकते हैं। -सरदार वल्लभ भाई पटेल

## संपादकीय

# चिट्टे का चस्का

हिमाचल में चिट्टे के बढ़ते चलन से जहां खुफिया एजेंसियों और पुलिस के हाथ-पांव फूले हुए हैं वहीं, यह प्रदेश सरकार के लिए भी नासूर बन गया है। दोनों की परेशानी एक जैसी है, क्योंकि इस नामुराद खेप की पहुंच को रोकना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। जनमानस के सामने जवाब देते नहीं बनता कि आखिर हिमाचल में यह नशा प्रवेश कैसे कर गया? इसे लापरवाही कहें या मामलों की अनदेखी की करना इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। सवाल यह है कि इस पर रोक लगाएं तो कैसे? शिमला जिले के कोटखाई में करीब 469 ग्राम की चिट्टे की सबसे बड़ी खेप जेएंडके के तस्कर से मिलना अपने आप में कई सवाल छोड़ गया है। इसका सीधा सा मतलब है कि यहां इस नशे की डिमांड इतनी ज्यादा हो गई है कि अब दूसरे राज्यों के सप्लायर भी यहां चोरी-छिपे अपना माल ठिकाने लगाने लग पड़े हैं। इसके आदी युवा और युवतियां अपने मां-बाप के कहने से बाहर हो गए हैं और वह उनके लिए अलग तरह की परेशानी बने हुए हैं। लोक लाज के मारे मां-बाप को समाज में बैठना और सामाजिक समारोहों में शामिल होना मुश्किल हो गया है। इस चिट्टे के नशे की वजह से हिमाचल प्रदेश की छवि भी बाहरी राज्यों में मिट्टी में मिलती जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में नशीली दवाओं के साथ-साथ यहां चिट्टे की सप्लाई दोगुनी हो गई है

इन नशों पर लगाम लगाने में सरकार और संबंधित विभाग नाकाम साबित हो रहे हैं। पहले यहां सिर्फ भांग, हशीश, चरस का कालोबार चलता था, लेकिन जबसे पड़ोसी राज्य पंजाब ने हिमाचल के युवाओं को चिट्टे की नशे में झोंका है तबसे लोग अब हिमाचल को भी उड़ता पंजाब की भांति उड़ता हिमाचल बोलने लग पड़ पड़े हैं। हिमाचल प्रदेश पुलिस डाटा विश्लेषण से पता चलता है कि राज्य में नशाखोरी में लिप्त लगभग 60 प्रतिशत लोगों ने चिट्टा लेना शुरू कर दिया है। इसने राज्य में नशे के खतरे में एक नया आयाम जोड़ा है। हेरोइन को ही लोकल भाषा में यहां के लोग चिट्टा बोलते हैं। चिट्टा मतलब सफेद। हेरोइन सफेद रंग की एक ड्रग होती है जिसकी कीमत सोने की कीमत से भी ज्यादा होती है। हेरोइन की एक किलो की कीमत करीब पांच करोड़ रुपए आंकी गई है। इसका नशा भी बेहद खतरनाक होता है। इसका नशा सीधा दिमाग पर असर करता है। अगर डोज थोड़ा सा भी ज्यादा हो जाए तो जान भी जा सकती है। इसे लेने वाले को इसकी लत पड़ने लगती है। पहले चिट्टा या हेरोइन की तस्करी पाकिस्तान और अफगानिस्तान से पंजाब तक हो रही थी।

अब यही ड्रग डीलर्स इसे हिमाचल तक भी पहुंचा रहे हैं। ड्रग डीलर्स के लिए यह कमाई का सबसे बड़ा जरिया बन चुका है और ये स्कूल और कॉलेज के बच्चों को टारगेट कर रहे हैं। पहले शौक-शौक में बच्चे एक-दूसरे को देखकर इस ड्रग को यूज करते, लेकिन धीरे-धीरे कब उन्हें इस ड्रग की लत पड़ जाती है यह उन्हें भी पता नहीं चलता। इसके बाद वो कभी चोरी करके, तो घरवालों से पढ़ाई के नाम पर पैसा मांगकर ये ड्रग्स खरीदते हैं और बस इसी का इंतजार होता है इन ड्रग तस्करों को। चिट्टा या सिंथेटिक ड्रग्स की पहुंच हिमाचल ही नहीं, बल्कि विश्वभर में फैल गई है, खासकर युवाओं में इसका उपयोग बढ़ रहा है। यह नशा कई तरह का होता है। इनमें से सिंथेटिक कैनाबिनोइड्स, सिंथेटिक कैथिनोन्स, सिंथेटिक हैल्यूसिनोजेन्स और फेंटानिल मुख्य हैं। चिट्टे का सेवन करने वालों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं जैसे- अवसाद, चिंता, मतिभ्रम का खतरा बना रहता है। शारीरिक समस्याएं जैसे-दिल की समस्याएं, उच्च रक्तचाप, श्वसन समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। नींद न आना, याद्दाश्त कम होना तथा व्यक्तित्व में बदलाव आना इसके प्रमुख दुष्प्रभाव हैं। चिट्टे की रोकथाम के लिए हमें जितना ज्यादा हो सके उसकी बुराइयों को इंगित करते हुए लोगों में जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ानी होगी। नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना करनी होगी तथा कानूनी कार्रवाई को भी मुख्य हथियार बनाना होगा। इसके अलावा समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना तो सबसे अहम है, क्योंकि जब तक लोगों और खासकर समुदायों की शमूलियत नहीं होगी, कोई भी योजना सिरे नहीं चढ़ सकती है। अगर अब भी नहीं चेते तो खतरा बढ़ता ही जाएगा तथा युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जाएगा। हम सबको प्रदेश सरकार के साथ मिलकर एकजुट होकर इस चिट्टे के खिलाफ अलख जगानी होगी तभी यह प्रदेश से बाहर हो सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### एक भारतीय फिल्म अभिनेत्री

**करीना** कपूर बॉलीवुड फिल्मों में काम करने वाली एक भारतीय फिल्म अभिनेत्री हैं। कपूर फिल्म परिवार में जन्मी करीना ने अभिनय की शुरुआत साल 2000 में रिलीज हुई फिल्म रिफ्युजी के साथ की। इस फिल्म में अपने अभिनय के लिए उन्हें फिल्मफेयर बेस्ट फीमेल डेब्यू यानी उस साल अपने अभिनय जीवन की शुरुआत करने वाली अभिनेत्रियों में से सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार भी मिला। साल 2001 में, अपनी दूसरी फिल्म मुझे कुछ कहना है, रिलीज होने के साथ ही, कपूर को अपनी पहली व्यावसायिक सफलता मिली। इसके बाद इसी साल आई करन जौहर की नाटक से भरपूर फिल्म कभी खुशी कभी गम में भी करीना नजर आईं। यह फिल्म उस साल विदेशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई और साथ ही करीना के लिए यह तब तक की सबसे बड़ी व्यावसायिक सफलता थी। करीना का जन्म भारत के महाराष्ट्र प्रांत की राजधानी मुंबई में बसे पंजाबी मूल के कपूर फिल्म परिवार में हुआ। करीना, फिल्म अभिनेता रणधीर कपूर और अभिनेत्री बबिता (जिनका शादी से पहले का नाम शिवदासनी था) की सबसे छोटी बेटी हैं। करीना के अनुसार, उनका प्रथम नाम एन्ना करेनिना नामक पुस्तक से लिया गया है। वो अभिनेता और फिल्म निर्माता राज कपूर की पोती और पृथ्वीराज कपूर की परपोती हैं। प्यार से बेबो के नाम से पुकारी जाने वाली करीना, अभिनेत्री करिश्मा कपूर की बहन और अभिनेता ऋषि कपूर की भतीजी भी हैं। ■



करीना कपूर
जन्म : 21 सितंबर, 1973

## अपनी बात

**आवारा** पशु खेतों में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हम लोग रातभर जागकर खेतों की रखवाली कर रहे हैं, तब जाकर कुछ हद तक फसल बच रही है। जिनके खेतों में बाड़बंदी नहीं हुई है, उनकी फसलों को तो बहुत नुकसान हो रहा है। पिछले दो तीन-साल से यह समस्या है, जो धीरे-धीरे गंभीर होती जा रही है। इस समस्या के निदान के लिए सबसे जरूरी है कि जानवरों का बंध्याकरण किया जाए। इसके लिए पोलियो जैसा अभियान चलाने की जरूरत है। पहले के समय में जानवरों से खेती होती थी और अनुपयोगी होने पर उन्हें खुला नहीं छोड़ा जाता था। अब वक्त बदल चुका है। लोग अपने मां-बाप को ही नहीं खिला पाते, तो जानवरों को क्या खिलाएंगे। इसलिए उन्हें खुला छोड़ देते हैं। उनकी आबादी इतनी बढ़ गई है कि सड़कों पर उनका जमघट लगा रहता है। कई बार तो वाहन से उतरकर जानवरों को हटाना पड़ता है, ताकि वाहन निकल सके। 15-20 मिनट इसी काम में लग जाते हैं। पहले इक्का-दुक्का किसान ही खेतों के चारों तरफ कंटीले तार लगाते थे, लेकिन इस समस्या के मद्देनजर तार लगाने वाले किसानों की संख्या बहुत बढ़ गई है। मेरे गांव और पूरे क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या बड़ी गंभीर हो गई हैं **शिवानी, सदरपुर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# प्रत्येक व्यक्ति शांतिदूत और शांतियोद्धा बने

**अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस पर विशेष**

शांति केवल संघर्ष की अनुपस्थिति नहीं है और न ही कोई ऐसी चीज है, जिसे आप बाजार से खरीद लें या कोई उच्च नीति बनाकर प्राप्त लें। इसे अपने भीतर ही पोषित करना होता है। शांति आपका स्वभाव है। शांति की आवश्यकता तीन स्तरों पर होती है। पहला स्तर है- अपने भीतर की शांति; दूसरा स्तर है- हमारे आसपास के वातावरण जैसे हमारे परिवार, हमारे मित्रों और कार्यक्षेत्र में शांति; तीसरा स्तर है देशों के बीच शांति। दरअसल व्यक्तिगत शांति के बिना न ही हमारे वातावरण में शांति संभव है और न ही विश्व में। अब यहां शांति का अर्थ यह नहीं है कि आप निष्क्रिय रहें। शांतियोद्धा तो किसी भी गलत कार्य को रोकने की इच्छाशक्ति के साथ सक्रिय रहते हैं। वे समाज में गलत कार्यों और गलत करने वाले लोगों को उजागर करते हैं और उनके विरोध में खड़े रहते हैं। तो हममें से प्रत्येक व्यक्ति को एक शांतिदूत और शांतियोद्धा बनना चाहिए।

जब तक हमारे वैश्विक परिवार का एक-एक सदस्य शांतिपूर्ण नहीं रहता, तब तक हमारी शांति अधूरी है। हमारे सामने यह चुनौती है कि हम उन लोगों, देशों और विश्व के उन भागों में पहुंचें जहां शांति नहीं है; जहां संघर्ष हो रहे हैं। दुनिया के कोने-कोने में शांति लाने की जिम्मेदारी हमारी है। अधिकतर शांतिप्रेमी निष्क्रिय और मौन रहते हैं, लेकिन आज शांतिपूर्ण लोगों को सक्रिय होने की आवश्यकता है। एक बार 1940 के आसपास महात्मा गांधी दार्जिलिंग में रेल यात्रा कर रहे थे। उनके साथ पंडित सुधाकर चतुर्वेदी थे, जो दक्षिण भारतीय क्षेत्र के लिए उनके सचिव हुआ करते थे। हमने कई वर्ष बाद पंडित जी से शिक्षा ग्रहण की। यात्रा के बीच में ही कहीं, रेल का इंजन और रेल के डिब्बे एक-दूसरे से अलग हो गए। इंजन आगे चला गया और डिब्बे पीछे की तरफ जाने लगे।

ऐसा होते ही बाकी यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन उसी समय गांधी जी ने उनसे कहा कि वे कुछ आवश्यक बातें नोट करने पर ध्यान दें, जो गांधी जी उस समय उनसे कह रहे थे। पंडित जी को यह बात काफी अटपटी लगी और उन्होंने गांधी जी से कहा कि 'इस समय लोग अपने प्राण बचाने के लिए चिंतित हैं और आप नोट्स लेने के लिए कह रहे हैं।' गांधी जी ने अपने सचिव से कहा कि 'यदि इस समय कोई दुर्घटना घटी तो हममें से कोई नहीं रहेगा, लेकिन यदि हम बच गए, तो इस बात का पश्चाताप हमेशा रहेगा कि हमने इतना समय बेकार की चिंता करने में व्यर्थ कर दिया।' जीवन में निरंतर ऐसी परिस्थितियां आती रहती हैं, जो आपको विचलित करें पर जब हम भीतर से शांत और केंद्रित होते हैं, तो अपने चारों ओर शांति की तरंगे फैलाते हैं।



लेखक : श्री श्री रवि शंकर
आध्यात्मिक गुरु

लोग अक्सर संकट के समय एकजुट हो जाते हैं, लेकिन क्या हम शांति के प्रसार जैसी किसी सकारात्मक, रचनात्मक और सामंजस्यपूर्ण कार्य के लिए एकजुट हो सकते हैं? यदि हम मानसिक रूप से मजबूत रहें और गलत जानकारियों से प्रभावित न हों, तो हम ऐसा कर सकते हैं। आज के समय में सोशल मीडिया दो-धारी तलवार जैसी है। इससे सही जानकारी भी मिल सकती है और बहुत सी अफवाहें भी फैलाई जा सकती हैं, जो कहीं किसी अशांति का कारण बन सकती है, इसलिए इस परिदृश्य को बुद्धिमानी से उपयोग करने की जरूरत है। शांति का समर्थन करने वाली सामूहिक आवाजों में अपार शक्ति है। कोलंबिया 52 वर्ष से गृहयुद्ध से ग्रस्त था। हमने उनके मुख्य विद्रोही समूह से बातचीत की और वे युद्धविराम के लिए तैयार हो गए।

उन्होंने वर्षों से चल रहे सशस्त्र संघर्ष को त्यागकर अहिंसा का मार्ग ले लिया। सब लोग युद्ध का अंत होने पर बहुत खुश थे, उन्होंने शांति का समर्थन तो किया, लेकिन जनमत संग्रह में भाग नहीं लिया। परिणाम स्वरूप पहले जनमत संग्रह में शांति प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया गया। हालांकि बाद में देश की जनता जागी और उन्होंने शांति को ही चुना, पर इसमें और कई प्रयास लगे। इस तरह से इतिहास इसका प्रमाण है कि जनसंख्या का एक छोटा सा प्रतिशत भी एक बड़ा परिवर्तन ला सकता है। तो जो लोग शांति के समर्थन में खड़े हैं उन्हें अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। एक शांत मन प्रभावशाली संवाद कर सकता है। यह समझ देशों और समुदायों के बीच शांति स्थापित करने के लिए बहुत आवश्यक है। हम सभी को आज इस बात के प्रति सजग होने की आवश्यकता है कि सामुदायिक प्रयासों और आपसी समझ से हम एक सौहार्दपूर्ण और करुणामयी विश्व बना सकते हैं। आइए इसी भावना के साथ हम सब शांति का समर्थन करें, शांति के लिए खड़े हों!

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# अपने गुरु को श्रद्धा दीजिए

आज कल राजनीति में गुरु को भी घसीटा जा रहा है, जो निंदनीय है माता-पिता और गुरु को श्रद्धा दीजिए, आपकी श्रद्धा ही उनका आशीर्वाद बनकर आपके पास लौट आएगी। दूसरों को यश देने से आपको यश मिलेगा। 'सबहिं मानप्रद आपु अमानी।' मान देने से मान मिलेगा। स्वयं छोटा बनकर दूसरों को बड़प्पन देते हुए, व्यक्तिगत मान अपमान पर ध्यान न देते हुए, दूसरों को ही मान देते हुए आप अपने कर्मपथ को प्रशस्त कर लेंगे। क्षमा देने से क्षमा मिलेगी। समुद्र मेघ को खारा पानी देता है और मेघ उसे मीठा जल बनाकर लौटा देता है। जो देंगे वहीं मिलेगा। सभी प्रेम के भूखें हैं। समाज को प्रेम दीजिए, समाज आपको प्रेम देगा। जाड़े में शरीर पहले वस्त्र को अपनी गर्मी देकर उसे गर्म करता है, तब वह हमें गर्मी देकर हमारी रक्षा करता है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

दूसरों को सुख देने पर ही वे हमें सुख देंगे। यदि सुख चाहते हो, तो सुख दो। चींटी भी दु:ख नहीं चाहती है। सभी सुख चाहते हैं। दु:ख देकर हम सुख नहीं पा सकते हैं। यदि आपने प्रेमी स्वभाव को छोड़ दिया, तो आपने सुख और शांति को लात मार दी। यह मनोवृत्ति रखिए कि मैं किसे क्या दे रहा हूं। जिसे मैं कुछ नहीं दे सकता, उसे सद्भावना दूं, सांत्वना दूं, मधुर वाणी ही दूं। इस प्रकार, हमें अपने सोचने के तरीके बदलना आवश्यक है। इस परिवर्तनशील जगत में सभी कुछ तथा सभी का अपना महत्व है। कहीं धूप कहीं छाया, कहीं प्रकाश कहीं अंधकार, कहीं जन्म कहीं मृत्यु, कहीं उत्सव कहीं शोक, कहीं सुख कहीं दु:ख।

इसी से जीवन-चक्र भी पूर्ण होता है। छाया के बिना धूप की, अंधकार के बिना प्रकाश की, शोक के बिना उत्सव की, दु:ख के बिना सुख की, कल्पना नहीं हो सकती। वास्तव में मनुष्य जीवन विरोधों और विभिन्नताओं से ही गतिशील एवं स्फूर्त होता है अन्यथा वह गतिहीन एवं जड़ हो जाए। दु:ख संघर्ष का प्रेरक होता है। वास्तव में व्यक्तित्व के विकास के लिए दु:ख आवश्यक तत्व है तथा दु:ख की सहज अनुभूति द्वारा परिपक्वता आने पर मानव दु:ख से ऊपर उठ जाता है। दु:ख की निर्माणकारी भूमिका को समझने पर ही मानव में मानवता का उदय तथा सच्चे सुख का प्रादुर्भाव होता है। संत जन दु:ख से उद्वेलित नहीं होते। सुख सदा रहता नहीं और दु:ख का भी अंत है। यों जानकर निज चित्त में निश्चिंत रहता संत है।

सत्पुरुष की विनम्रताजंय दीनता उसकी महानता की परिचायक होती है। मन में अहंकार करना और उसका प्रदर्शन करना आपका हलकापन ही है। विनम्रता एक महान गुण है। सिद्धांत में दृढ़ रहकर भी व्यवहार में मृदु एवं विनम्र रहिए। विनम्रता गुणों को चमकाती है तथा दोषों को ढंक देती है। धनुष झुककर ही बाण को लक्ष्य-प्राप्ति करा सकता है। अनेक व्यक्ति अपने त्याग, तपस्या, दान, विद्वत्ता आदि के कारण परम पूज्य होते हुए भी अपने तीखे स्वभाव के कारण समाज में पीछे धकेल दिए जाते हैं। वे अपनी कटु वाणी एवं कटु व्यवहार से सभी को अकारण शत्रु बनाए रहते हैं। विनयभाव अभेद्य कवच होता है। प्रकृति ने जीभ में हड्डी (सख्ती) नहीं दी है। वाणी-प्रहार अप्राकृतिक है। जिह्वा रसवंती एवं मृदु होती है, वाणी भी रसीली एवं मधुर होनी चाहिए। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



### संघर्ष की उड़ान

मनीष

*चेहरे पर गर मुस्कान है,*
*तो जिंदगी बेहद आसान है।*
*मुश्किलें आएंगी रोड़ा बनकर,*
*पर डरना मत,*
*यह उनका काम है।*
*तुम डरे, समझो हारे*
*और अगर हारे तुम*
*तो कौन अगला कलाम होगा?*
*किसका शीर्ष पर नाम होगा?*
*वो और वो क्या सोचेंगे,*
*क्या यह भी अब हम सोचेंगे?*
*अचानक आई हुई मोहब्बत,*
*बिन परिश्रम मिली सफलता,*
*होती चंद दिनों की मेहमान है।*
*बात एक और गलत कि*
*अक्ल बढ़ाता बादाम है।*

*मनीष कहता*
*जिंदगी और नहीं,*
*बस संघर्ष का एक और नाम है।*
*तूफानों से खेलना सीखो,*
*समंदर भी तेरा गुलाम है।*
*रास्ते खुद बनेंगे तेरे,*
*जब इरादों में तूफान है।*
*बिना पसीने के*
*मिल जाए जो,*
*वो जीत भी क्या इनाम है?*
*जो तप कर सोना न बने,*
*वो किस काम का अरमान है?*
*आसमां छूने की चाह रखो,*
*पर जमीन का भी ध्यान है,*
*क्योंकि जड़ें मजबूत हों जहां,*
*वही असली उड़ान है।*

# विश्व शांति दिवस और स्काउट्स-गाइड्स की महत्वपूर्ण भूमिका

विश्व शांति दिवस हर साल 21 सितंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य सभी देशों और लोगों के बीच स्वतंत्रता, शांति और खुशी स्थापित करने का संदेश देना है। हालांकि शांति सभी को प्रिय होती है, लेकिन वर्तमान समय में मानव इससे दूर होता जा रहा है। चारों ओर आतंकवाद, हिंसा, युद्ध, और आपदाओं के कारण घोर अशांति फैली हुई है। स्वार्थ और घृणा ने मानव समाज को विभाजित कर दिया है। विश्व शांति का संदेश हर युग में दिया गया, लेकिन इसे अमल में लाने वालों की संख्या हमेशा सीमित रही है। शांति मानव जीवन की आधारशिला है। यह समाज के विकास और कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। शांति से ही देश और विश्व का सतत् विकास संभव हो सकता है, परंतु आज का व्यक्ति शांति की खोज में भटकता रहता है और भागदौड़ के इस युग में उससे दूर होता जा रहा है। वर्तमान समय में दुनिया अशांत है, जहां युद्ध, हिंसा और आतंकवाद का बोलवाला है।

व्यक्तिगत, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति को स्थापित करना एक चुनौती बन चुका है। युद्धों और हिंसक गतिविधियों के कारण मानव जीवन की सुरक्षा और स्वाभिमान खतरे में पड़ गए हैं। स्वार्थ और सत्ता की लालसा ने मानवता को तोड़ दिया है और यह संकट शांति के आदर्शों को कमजोर कर रहा है। इस दिवस का आरंभ संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1981 में किया गया था और इसे पहली बार 21 सितंबर 1982 को मनाया गया। इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर शांति और अहिंसा की स्थापना करना है। यह दिवस उन व्यक्तियों को भी याद करता है, जिन्होंने शांति और मानवता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। शांति दूतों की बात करें, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेल्सन मंडेला, मदर टेरेसा, महात्मा गांधी और गौतम बुद्ध का नाम प्रमुखता से लिया जाता है, जिन्होंने विश्व में शांति का संदेश फैलाया।



लेखक: रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी स्कूल

महासभा ने शांति के आदर्शों को मजबूत करने के लिए इस दिन को मनाने की घोषणा की थी। पहले यह दिवस सितंबर के तीसरे शनिवार को मनाया जाता था, लेकिन 2001 के बाद से इसे 21 सितंबर को स्थायी रूप से अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। आज विश्व शांति को कई गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें सबसे बड़ा खतरा साम्राज्यवादी आर्थिक और राजनीतिक चालों से है। विकसित देशों द्वारा अपने सैन्य उद्योग को बढ़ावा देने के लिए युद्ध और अशांति की स्थिति उत्पन्न की जाती है। ये देश हथियार बेचने के जरिए अकूत संपत्ति जमा कर रहे हैं और आतंकवाद को अलग-अलग स्तर पर फैलाकर इसका लाभ उठा रहे हैं। विश्व शांति की स्थापना के लिए सभी देशों को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। सबसे पहले, मानवता का आदर करना और दूसरों के अधिकारों की रक्षा करना आवश्यक है। युद्ध और हिंसा का स्थान संवाद और सहयोग को देना चाहिए।

शांति का मार्ग केवल प्रेम, सहानुभूति और समझदारी के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति समझौतों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए और शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक असमानताओं को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। समाज में शांति और स्थिरता के लिए स्काउट्स-गाइड्स जैसे संगठनों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। ये संगठन बच्चों और युवाओं में शांति, सहयोग, और मानवता के आदर्शों को विकसित करने का काम करते हैं। इसलिए हर स्कूल में स्काउट्स-गाइड्स के कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करना शांति स्थापना की दिशा में एक प्रभावी कदम हो सकता है। स्काउट्स और गाइड्स एक अंतरराष्ट्रीय युवा संगठन है, जिसकी स्थापना 1907 में लॉर्ड बैडेन पॉवेल ने की थी। इसका उद्देश्य बच्चों और युवाओं को समाज के जिम्मेदार, सेवाभावी और अनुशासित नागरिक बनाना है। यह संगठन 'सेवा' और 'नेतृत्व' के गुणों को बढ़ावा देता है, जिससे बच्चे छोटी उम्र से ही समाज और देश की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। स्काउट्स-गाइड्स का प्रमुख लक्ष्य युवाओं को समाज की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना, उनमें मानवता और शांति के आदर्शों को विकसित करना है। इस संगठन के माध्यम से बच्चों को साहस, सहयोग, और आत्मनिर्भरता सिखाई जाती है।

ये गुण उन्हें न केवल व्यक्तिगत रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि समाज में शांति और सद्भावना को भी बढ़ावा देने के साथ ही, ये कार्यक्रम छात्रों को शांति, अहिंसा और सामाजिक न्याय के महत्व को समझने में मदद करने के साथ ही उनमें समाज सेवा, आपसी सहयोग और सांस्कृतिक सहिष्णुता के गुण भी विकसित होते हैं। इसके माध्यम से वे यह समझ पाने में समर्थ होते हैं कि संघर्ष और विवादों को हल करने का सबसे अच्छा तरीका संवाद और सहयोग है, न कि हिंसा। इस प्रकार, वे शांति और अहिंसा के सिद्धांतों को अपनाकर एक बेहतर समाज के निर्माण में योगदान देते हैं। इसलिए हर स्कूल में स्काउट्स-गाइड्स को बढ़ावा देना इस दिशा में एक सशक्त कदम हो सकता है, जिससे विश्व में शांति स्थापित करने की दिशा में हम एक मजबूत नींव रख सकें।

अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस मानवता के कल्याण और शांति की स्थापना के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह हमें याद दिलाता है कि शांति किसी भी समाज की प्रगति और स्थायित्व के लिए आवश्यक है। हमें शांति के महत्व को समझना चाहिए और व्यक्तिगत, सामाजिक और वैश्विक स्तर पर इसके लिए प्रयासरत रहना चाहिए। मानवता, प्रेम, और करुणा से ही हम एक बेहतर और शांतिपूर्ण विश्व का निर्माण कर पाएंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# देश को स्वच्छ रखने में हम सभी को खुद से करनी होगी शुरुआत

जैसे कहां भी जाता है कि स्वच्छ शरीर में ही स्वच्छ आत्मा प्रवेश करतीं हैं। हमें इस बात को चरितार्थ करने की भी परम आवश्यकता है, क्योंकि जिस प्रकार देश के अलग-अलग कुछ राज्यों में स्वच्छता को लेकर अव्यवस्था एवं गंदगी का आलम देखने को मिलता है, जो बहुत ही चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। जिस स्वच्छता को लेकर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार विशेष अभियान एवं बजट का प्रावधान भी करतीं है। फिर भी अगर हम स्वच्छता की दृष्टि से आकलन करें, तो अभी भी इस दिशा में बहुत काम करने की आवश्यकता है। वहीं सबसे बड़ी बात यह भी है कि जब तक देश एवं प्रदेश का हरेक व्यक्ति स्वच्छता को लेकर खुद से शुरुआत नहीं करता है, तब तक संभव नहीं हो सकता कि हमारे प्रदेश एवं देश में स्वच्छता की स्थिति में बेहतर परिणाम सामने आएंगे। जिस प्रकार देश की जनसंख्या विश्व में प्रथम स्थान पर पहुंच चुकी है, यह एक चिंतनीय विषय है।

जनसंख्या सर्वाधिक होने के कारण भी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है, परंतु हम सभी को इस गंभीर मुद्दे को लेकर सरकार के साथ-साथ खुद भी अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए। गंदगी और अस्वच्छता का आलम गांव से लेकर शहरों में और भी गंभीर स्थिति को बयां करता है। जैसा कि अलग-अलग क्षेत्रों में सफाई कर्मचारी भी नियुक्त किए गए हैं, परंतु जब तक हम खुद जागरूक नहीं होते, तब तक बेहतर परिणाम आने बहुत कठिन है, क्योंकि हम अनेक क्षेत्रों में देखते हैं जहां पर लोग रात को अपने कुडे कचरे को डस्टबिन में न डालकर सड़क किनारे एवं खुलें में छोड़ते नजर आते हैं, जिसमें उनकी जागरूकता एवं मानसिकता भी कहीं न कहीं झलकती है। वहीं स्थानीय प्रशासन एवं सरकार को भी अब ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का प्रयास करना चाहिए।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

ताकि लोगों को स्वच्छता को लेकर एक डर एवं जिम्मेदारी का अहसास हो कि वह चिन्हित स्थान पर ही अपने कूड़े कचरे को डालें। तो वहीं अगर हम जानकारी अनुसार विदेशों में स्वच्छता की स्थिति को देखे तो बहुत बेहतर देखने को मिलती हैं, जिसमें कि अधिकांश देशों में गंदगी फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और हजारों रुपए का जुर्माना लगाया जाता है, जिसके कारण हर व्यक्ति इस प्रकार की हिमाकत नहीं कर सकता। वहीं हर व्यक्ति स्वच्छता को लेकर जागरूक एवं संवेदनशीलता भी दिखाता नजर आता है, जिसमें कि भूटान जैसे देश में तो गंदगी फैलाने वाले व्यक्ति को सजा-ए-मौत तक का भी प्रावधान माना जाता है, इतनी कड़ी सजा दी जाती है, जबकि इस प्रकार की कड़ी व्यवस्था हमारे देश में भी है।

इसको लागू करने की अभी तक सरकार, प्रशासन की और से सख्ती लागू नहीं किया गया है। जिस गंदगी और स्वच्छता के अभाव में हमारे देश को बहुत सा नुकसान उठाना पड़ता है, तो वहीं स्वच्छता के अभाव में एक बार मेंगो पर बेन भी लगाया गया था। वहीं हमारे देश में जब तक कानूनी रूप, से सामाजिक से, राजनीतिक रूप से और दंडात्मक रूप से स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य नहीं किया जाता तब तक संपूर्ण (स्वच्छ भारत) का सपना देखना बेमानी होगा, तो वहीं अगर हम अपने देवभूमि हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी एवं सुंदर प्रदेश में भी स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हैं। अनेक क्षेत्रों में गंदगी एवं कूड़े करकटों के ढेर नजर आते हैं।

हिमाचल प्रदेश की सुंदरता और प्राकृतिक छटाओं में कहीं न कहीं दाग सा लग जाता है। हिमाचल प्रदेश को ईश्वर ने विशेष अनूठी प्रकृति की धरोहर और वातानुकूलित वातावरण प्रदान किया है। जिस धरोहर को कायम रखने का प्रयास हम सभी को करना चाहिए। हिमाचल की सुंदरता के साथ-साथ स्वच्छता में भी हिमाचल प्रदेश हमेशा सुंदर बना रहे, बुद्धिजीवियों एवं शिक्षाविदों के जानकारी अनुसार विदेशों में सफाई को लेकर बहुत ही संवेदनशीलता देखने एवं सुनने को मिलती हैं। अधिकांश देशों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता के क्षेत्र में अव्वल मानें जाते हैं। वहीं हम भी अपने देश एवं प्रदेश को स्वच्छता को लेकर हमेशा सजगता दिखानें का प्रयास करें। वहीं जिस भी क्षेत्र में कूड़ा करकट इकठ्ठा हुआ, देखने को मिलें, हम खुद से पहल करके कूड़ेदान में ही डालें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का प्रयास करें। हम अपने गांव, क्षेत्र, समाज और देश को स्वच्छ रख पाएं, क्योंकि स्वच्छता के अभाव में ही अनेक बीमारियां घर कर जाती है। जिसके कारण हम अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ते हैं। वहीं हमें अपने बच्चों एवं युवाओं को भी इस गंभीर विषय पर जागरूक करने एवं मार्गदर्शन करने की परम् आवश्यकता है, तो वहीं स्थानीय प्रशासन एवं सामाजिक संस्थाओं के साथ अपने क्षेत्र को स्वच्छ एवं निर्मल रखने में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर की एनएसयूआई इकाई ने अध्यक्ष अभय ठाकुर की अध्यक्षता में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर कामेश्वर कुमार को ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई ने ज्ञापन में मुख्य रूप से महाविद्यालय की साफ सफाई का मुद्दा उठाया। एनएसयूआई ने मांग की कॉलेज प्रशासन महाविद्यालय कैंपस में सफाई का विशेष ध्यान रखें। एनएसयूआई ने कहा कि महाविद्यालय में शौचालय को जल्द से जल्द ठीक किया जाए और उनकी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। एनएसयूआई ने कहा कि महाविद्यालय में साफ सफाई एवं कूड़ा दान का प्रबंध किया जाए। एनएसयूआई ने कहा कि कक्षाओं की सफाई की उचित व्यवस्था की जाए।

### रामलीला के साथ चलेगा नशा निवारण अभियान



**अनंत ज्ञान, कोटली।** शारदीय नवरात्रों के पावन अवसर पर उप मंडल मुख्यालय पर आयोजित हो रहे रामलीला उत्सव के दौरान आयोजन समिति द्वारा इस बार नशा विरोधी मुहिम को एक थीम के रूप में अपनाया जाएगा। रामलीला कमेटी के प्रधान प्रशांत मोहन ने बताया कि आयोजन के दौरान रामायण के मनोरम मंचन के साथ साथ नशा विरोधी विषय पर आधारित हास्य नाटिकाएं प्रस्तुत करके बच्चों तथा युवा पीढ़ी को इसके विरोध में जागरूक किया जाएगा। महासचिव अश्विनी कुमार ने कहा कि सामुदायिक भवन में यह कार्यक्रम 3 से 12 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें स्थानीय महिला मंडलों को भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा।

### सुरक्षित यातायात में जागृति के प्रयास सराहनीय : चंद्रशेखर



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने ब्रह्माकुमारीज के मेरा भारत सुरक्षित भारत अभियान के अंतर्गत राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के यातायात एवं परिवहन प्रभाग द्वारा सुरक्षित हिमाचल-सड़क सुरक्षा जागृति रैली का शुभारंभ करते हुए कहा कि जैसा इस रैली का लक्ष्य है, सड़क सुरक्षा हेतु जागृति के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को नियमों का पालन करना चाहिए। विशेष तौर पर युवाओं को जीवन में सफलता के लिए ट्रेफिक नियमों का पालन करना चाहिए। इस दिशा में ब्रह्माकुमारी संस्था के प्रयास बहुत ही सराहनीय है। स्थानीय डीएसपी संजीव गौतम ने यातायात नियमों का महत्व स्पष्ट करके, उनका पालन के लिए पाबंद रहना जरूरी बताया। विशेष सीट बेल्ट के फायदों को जानकारी भी दी।

### 15 छात्राओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर की छात्राओं ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। यह प्रतियोगिता पीएम श्री राजकीय आदर्श पाठशाला चौंतरा में आयोजित की गई थी, जहां जोगिंद्रनगर जॉन की छात्राओं ने कबड्डी, वॉलीबॉल और खो-खो में विजेता बनकर ओवरऑल चैंपियन की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस प्रदर्शन के आधार पर कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर से 15 छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ है। कबड्डी में नैंसी, तनु, अक्षरा, दिया और मन्नत का चयन हुआ है। वॉलीबॉल में कनिका, पूर्वा, अनीशा, तनिषा और संजना ने जगह बनाई है, जबकि खो-खो में कशिश, शैलजा, लिजा, समृति और वर्षा का चयन हुआ है। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर ने इस उपलब्धि पर सभी छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

### सरकारी योजनाओं से पात्रों को करें लाभान्वित : मनीश



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से शिशुओं, बच्चों, किशोरियों एवं गर्भवती व धात्री महिलाओं के कल्याणार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा पात्रों को जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी व कर्मचारी जहां ग्रामीण स्तर पर लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाएं तो वहीं पात्रों को इनसे लाभान्वित करने पर भी विशेष प्रयास करें। एसडीएम समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) चौंतड़ा व द्रंग के अंतर्गत गठित खंड स्तरीय समन्वय समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ टास्क फोर्स तथा पोषण अभियान निगरानी समिति बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक का संचालन बाल विकास परियोजना अधिकारी चौंतड़ा बीआर वर्मा ने किया। सीडीपीओ द्रंग जितेंद्र सैनी भी मौजूद रहे।

### किसानों को रेशम कीट व्यवसाय पर किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** केंद्रीय रेशम बोर्ड के प्लेटिनम जुबली वर्ष के उपलक्ष्य में केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रसार केंद्र पालमपुर के सौजन्य से चौंतड़ा स्थित यूनिट फार्म में 17 से 20 सितंबर तक एक विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में किसानों और विद्यार्थियों को रेशम कीट पालन व्यवसाय से संबंधित अहम जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में अनुसंधान प्रसार केंद्र पालमपुर से सीमा जलाल, चौंतड़ा यूनिट के इंचार्ज पवन जांगरा, और सेवानिवृत्त अधिकारी विनोद जलाली, दुर्गादास एवं हरिश्चंद्र मौजूद रहे। प्रसार केंद्र की इंचार्ज सीमा जलानी ने बताया कि केंद्रीय रेशम बोर्ड के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 75 रुपये का विशेष सिक्का भी जारी किया गया है, जिसे लेकर सभी में हर्ष और गर्व की भावना है।

### भाषण प्रतियोगिता में हर्षा और चित्रकला में प्रियंका प्रथम



**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत प्रशिक्षुओं द्वारा हिंदी भाषा के प्रति जागरूक करने के संकल्पों के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला लोक संपर्क अधिकारी मंडी हेमंत शर्मा मुख्य अतिथि रहे। हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर संस्थान में हिंदी भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न व्यवसायों के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। मुख्यातिथि हेमंत शर्मा ने कहा कि हिंदी भाषा हमारी प्राचीन संस्कृति, जीवन मूल्यों और संस्कारों की संवाहक, संप्रेषक और परिचायक है। एनएसआईसी प्रमुख लोकेश भाटिया ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति और भाषा को संजोते हुए ही तरक्की संभव है। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में हर्षा ने प्रथम एवं नवनीत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रियंका ने प्रथम एवं दीक्षा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# पेंशनर्स का डीसी कार्यालय के बाहर धरना

## कहा-पेंशनरों के जख्मों पर मरहम लगाने के बजाए पेंशन की तारीख बदल दी

**पुष्पराज, मंडी**



उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करते हुए पेंशनर।

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य सरकार के पास अपनी मांगो को लेकर कई बार जा चुके है लेकिन सरकार द्वारा उन्हें आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिल पाया है। शुक्रवार को पेंशनर वेलफेयर के पेंशनरों ने मंडी जिला मुख्यालय में उपायुक्त के कार्यालय के बाहर सरकार के खिलाफ खूब नारेबाजी की और धरना-प्रदर्शन कर रैली भी निकाली।

पेंशनरों का कहना है कि यह बहुत ही शर्मनाक बात है कि बुढ़ापे में सरकार द्वारा बुजुर्गों को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया जा रहा है। एसोसिएशन के प्रधान हरीश शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शन में बिजली विभाग, ट्रांसपोर्ट और अन्य पेंशनर एक साथ मिलकर धरना प्रदर्शन कर रहे है। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से करीब 9 बार उनके कार्यालय में मिलने और अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रखने का प्रयास किया गया लेकिन दुख की बात तो यह है कि मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें मिलने और वार्ता के लिए बिलकुल भी समय नहीं दिया गया।

उन्होंने कहा कि 5 अक्टूबर 2023 को पेंशनरों की जेसीसी बनाने और इसकी बैठक शीघ्र बुलाने का आश्वासन दिया था, लेकिन पेंशनरों की सारी उम्मीदें तब धराशायी हो गईं, जब अभी तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकी और पेंशनरों के जख्मों पर मरहम लगाने की बजाय उन्हें महीने की पहली तारीख के बजाय 10 तारीख को अपनी पेंशन लेने के लिए मजबूर किया गया है।

उन्होंने कहा शिमला में भी प्रदेश कार्यकारिणी मुख्यमंत्री के समक्ष खड़ी रही लेकिन पेंशनरों की ओर मुख्यमंत्री की नजर तक नहीं गई। मंडी जिला में 15000 हजार पेंशनर है और हर एक पेंशनर से एक हजार वोट जुड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार यदि जेसीसी की बैठक नहीं बुलाती है तो यह आंदोलन का प्रथम चरण है इसके बाद अब उग्र से उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# जोगिंद्रनगर में आंगनबाड़ी कर्मियों ने किया प्रदर्शन



आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्परों बाजार में विरोध-प्रदर्शन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

सीटू से संबद्ध जोगिंद्रनगर आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन की महिलाओं ने मांगों को लेकर जोगिंद्रनगर बाजार में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। महिलाओं ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम जोगिंद्रनगर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

आंगनबाड़ी वर्करों ने ज्ञापन में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए उन्हें ग्रेच्युटी और अन्य जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने मांग की कि प्री-प्राइमरी कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाने के लिए सौ प्रतिशत नियुक्तियां आंगनबाड़ी वर्करों के बीच से ही की जाएं और इसके लिए एनटीटी डिप्लोमा की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए। कर्मियों ने मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्र का दर्जा देने और मिनी आंगनबाड़ी कर्मियों के वेतन में तत्काल वृद्धि की मांग की। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने यह भी कहा कि मिनी आंगनबाड़ी कर्मियों का लंबित वेतन जल्द से जल्द जारी किया जाए।

आंगनबाड़ी कर्मियों ने भारतीय श्रम सम्मेलन की 45 वीं सिफारिशों का हवाला देते हुए कहा कि उन्हें नियमित कर्मचारी घोषित किया जाए। हरियाणा और पंजाब की तर्ज पर आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्परों को मानदेय और अन्य आर्थिक लाभ दिए जाएं।

इस प्रदर्शन में सैकड़ों आंगनबाड़ी कर्मियों ने भाग लिया और अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया।

### जगदीश बने पटवारी व कानूनगो संघ के प्रधान

**अनंत ज्ञान, कोटली**



संयुक्त पटवारी व कानूनगो संघ की तहसील इकाई का गठन किया गया। इसमें जगदीश कुमार प्रधान, भारती सचिव, दिलीप सिंह उप प्रधान, देवेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष भाग सिंह जिला प्रतिनिधि और जितेंद्र कुमार प्रेस सचिव बनाए गए। इसके अलावा पुष्पराज, सुरेंद्र कुमार व रमेश कुमार को मुख्य सलाहकार बनाया गया।

### दी दुर्गा कृषि सेवा सहकारी सभा समिति भंगरोटू का साधारण अधिवेशन 29 को

**नेरचौक।** दी दुर्गा कृषि सेवा सहकारी सभा समिति भंगरोटू का साधारण अधिवेशन 29 सितंबर को रखा गया है। जिसमें समिति की नई कार्यकारिणी का चुनाव होना तय किया गया है। समिति के सचिव राजेंद्र सिंह ने मीडिया को इस बात की जानकारी देते हुए कहा है कि इस मौके पर समिति के सभी सदस्य सुबह 11 बजे जनरल हाऊस में पहुंच कर चुनावी प्रक्रिया में शामिल हों ताकि नई प्रबंधक कमेटी का चयन किया जा सके। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि इस प्रक्रिया में वही लोग शामिल हों जो वोट देने के अधिकारी हैं।

# डीसी ने की ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, मंडी**

उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में शुक्रवार को डीआरडीए सभागार में आयोजित बैठक में मंडी जिला में संचालित की जा रही ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई।

उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को इन योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए ताकि विकास योजनाओं का लोगों को समय पर लाभ प्राप्त हो सके। उपायुक्त ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मंडी जिला में मनरेगा के अंतर्गत अभी तक 216 करोड़ रुपए व्यय किए जा चुके हैं। लक्ष्य के मुकाबले 120 प्रतिशत श्रम दिवस अर्जित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस वित्त वर्ष में 99.51 प्रतिशत मनरेगा मजदूरी की समय पर अदायगी की गई।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 67 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया। उपायुक्त ने सभी विकास खण्ड अधिकारियों को ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बीडीओ की भूमिका रहती है। उन्होंने लंबित कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# आपराधिक घटनाओं पर संयुक्त व्यापार संगठन ने खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**


संयुक्त व्यापार संगठन के सदस्य डीएसपी को ज्ञापन सौंपते हुए।

शहर में बढ़ती चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओं पर रोकथाम के लिए संयुक्त व्यापार संगठन ने सुंदरनगर में बिना पंजीकरण रहने वाले बाहरी राज्य के लोगों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ऐसे लोगों का अब शहर में बिना पंजीकरण रहना आसान नहीं होगा।

व्यापार संगठन के दबाव के बाद पुलिस ने बाहरी राज्यों के लोगों को किराएदार के रूप में कमरा या दुकान पर किराए पर देने से पहले मकान मालिक को उसका पंजीकरण करना अनिवार्य कर दिया है। उपमंडल पुलिस ने बिना पंजीकरण यहां रहने वाले बाहरी राज्य के लोगों के पंजीकरण के

**प्रवासियों के पंजीकरण को लेकर डीएसपी को ज्ञापन सौंपा**

लिए अब एक प्रवासी पंजीकरण शिविर लगाने का निर्णय लिया है।

संयुक्त व्यापार संगठन के प्रदेश सचिव सुरेश कौशल की अगुवाई में सौंपे ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए डीएसपी भारतभूषण ने सुंदरनगर, धनोटू और कालोनी थाना पुलिस को निर्देश जारी किए हैं। सितंबर माह की 22 तारीख को यह प्रवासी पंजीकरण शिविर भोजपुर के मिडिल स्कूल के बाहर, धनोटू में पीआर और कालोनी में जीरो चौक पर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में आशिद सुलेमान, विकास पूरी, दीक्षित शर्मा, अक्षित शर्मा, गौरव धीमान, नीरज शर्मा, जूबीन अंसारी, रवि ठाकुर, शाहबाज और चिराग शर्मा उपस्थित रहे।

### स्ट्रीट लाइट की सुलझाई समस्या : नीरज हांडा

**मंडी।** स्ट्रीट लाइट लोगों के लिए एक समस्या बन गई थी जिससे शहर में चोरी और तेंदुए के डर से लोग भी काफी डरे और सहमे हुए थे। बीते वीरवार को मंडी हेल्प पोस्ट के माध्यम से सभी 15 वार्डों के विभिन्न क्षेत्रों में आ रही स्ट्रीट लाइट की समस्या को बताया और जिस समस्या को लेकर समाजसेवी नीरज हांडा द्वारा आयुक्त एचएस राणा से चर्चा की। नगर निगम आयुक्त और महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा द्वारा स्ट्रीट लाइट्स को जल्द ही दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है। मंडी हेल्प पोस्ट की ओर से समाजसेवी नीरज हांडा ने नगर निगम आयुक्त एवं महापौर का आभार प्रकट किया है।

### कनैड में आज से शुरू होगी प्रतियोगिताएं

**आदर्श यादव, नेरचौक।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कनैड में शनिवार 21 सितंबर से दो दिवसीय राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता शुरू हो रही है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ को ऑपरेटिव बैंक के निदेशक लाल सिंह कौशल करेंगे जबकि प्रतियोगिता के समापन अवसर पर 22 सितंबर को कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ब्रह्मदास चौहान समारोह की अध्यक्षता कर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित करेंगे। यह जानकारी पाठशाला के प्रधानाचार्य ने दी।

### द्रंग में पुलिस चौकी स्थापित करने के लिए महिलाओं का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, पधर**

उपमंडल पधर के अंतर्गत आने वाले द्रंग क्षेत्र में पुलिस चौकी भवन की नीलामी रोकने और चौकी को पुनः स्थापित करने की मांग को लेकर सोमवार को क्षेत्र की महिलाओं और स्थानीय युवाओं ने एकजुट होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

द्रंग में लंबे समय से पुलिस चौकी स्थापित थी, जिसे कुछ समय पहले अपग्रेड कर थाना बना दिया गया और पधर स्थानांतरित कर दिया गया। इससे द्रंग क्षेत्र में पुलिस चौकी बंद कर दी गई, जिसके बाद से स्थानीय लोग सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। लोगों का कहना है कि चौकी के बंद होने से छोटी-छोटी घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई में देरी हो रही है, जिससे आम नागरिकों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

इसको लेकर क्षेत्र के महिला मंडलों और स्थानीय युवाओं ने मिलकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से मांग की कि पुलिस चौकी की नीलामी को तुरंत रोका जाए और द्रंग में पुलिस चौकी को पुनः स्थापित किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गई, तो उन्हें अपने आंदोलन को और तेज करना पड़ेगा।

# युवा पीढ़ी नशे से रहे दूर : ब्रह्मदास

**अनंत ज्ञान, मंडी**


बैठक करने के उपरांत युवाओं के साथ सामूहिक चित्र में ब्रह्मदास चौहान।

प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडी जिला कांग्रेस प्रवक्ता ब्रह्मदास चौहान ने नाचन युवा कांग्रेस के आम कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान युवाओं की समस्याएं प्रभावी ढंग से उठाई गई।

साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर मिले इसके लिए भी चिंतन किया गया। वहीं इस बैठक में नशे जैसी कुरीतियों से युवाओं को दूर रखने के लिए भी मंथन किया गया। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित युवाओं ने प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार का कम संसाधनों के बावजूद युवाओं को हर क्षेत्र में रोजगार प्रदान करने के लिए प्रयास करने के लिए सराहना की।

इस अवसर पर ब्रह्मदास चौहान ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य है। युवा पीढ़ी ही नवभारत का निर्माण कर सकती है उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

ब्रह्मदास चौहान ने कहा कि नशा वह जहर है जो देश व प्रदेश को खोखला करता जा रहा है इसलिए युवाओं को इस पर मंथन करने की आवश्यकता है।

# 'जुग जिओ धारा रे ओ गुजरो' ने संध्या में मचाया धमाल

**सुनील शर्मा, गोहर**


संध्या में प्रस्तुति पेश करतीं गायक ममता भारद्वाज।

ख्योड़ नलवाड़ मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक ममता भारद्वाज ने दर्शकों को खूब नचाया। तीसरी संध्या में नाचन विस क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे नरेश चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

बासा पंचायत के उपप्रधान तरुण कुमार ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। संध्या का आगाज सूरजमणि की शहनाई से किया गया। जिसके बाद चमन लाल कलस ने अपने गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। शाला के जय कृष्ण ने अपने नॉन स्टॉप गीतों से धूम मचाई। नागेंद्र म्यूजिकल ग्रुप कनैड के कलाकारों ने अपनी दमदार प्रस्तुतियों से सबका मन मोहा।

सेमी स्टार में उपेंद्र कुमार ने हिंदी, पहाड़ी और पंजाबी गीतों से युवाओं को जमकर नचाया। खिमु चौहान ने अपनी कॉमेडी से तीसरी संध्या में दर्शकों को खूब गुदगुदाया। नरेंद्र पहाड़िया ने पहाड़ी और हिंदी गीतों से महफिल जमाई।

कलाकार ममता भारद्वाज ने जोगिया लग्न लागी से अपने कार्यक्रम का आगाज किया। ममता ने जुग जियो धारा रे हो गुजरो, दिल मेरा मुफ्त का, कुपडी मामा, लाल चिड़िये, म्हारे देसा रा दिल, तू मोहि अछरिये, पानी भी ब्रांडिड और मेले दा सीजन है समेत नॉन स्टॉप गीतों से धमाल मचाया।

### हटगढ़ में 600 खिलाड़ी छात्राएं दिखाएंगी दमखम

**नेरचौक।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ में अंडर-19 छात्राओं की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। सोमवार 23 सितंबर को प्रातः 11 बजे उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन प्रतियोगिता का विधिवत रूप से शुभारंभ करेंगे।

इस प्रतियोगिता में मंडी जिला के 18 जोन की करीब 600 खिलाड़ी छात्राएं दमखम दिखाएंगी। स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य रमेश कौशल ने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

# घर से विद्युत लाइन की दूरी का रखें ध्यान

**कविता, पधर।** घर की छतों पर झूलते बिजली के तार खतरे का सबब बन रहे हैं, जिस कारण कई लोग चपेट में आकर अपनी जान भी गंवा चुके हैं। बावजूद इसके लोग तारों के नीचे या बगल से अपने आशियाने बनाने से नहीं चूक रहे हैं। विद्युत विभाग ने केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण सुरक्षा और विद्युत आपूर्ति से संबंधित उपाय विनियमन संख्या 62 और 63 के अंतर्गत निर्धारित मानकों अनुसार उपभोक्ताओं को दिशा निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने कहा है कि नियमों का पालन न करने पर भविष्य में किसी भी प्रकार की अनहोनी होती है, उसके लिए उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होगा।

सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल पधर नितिन चंदेल ने बताया कि जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने विद्युत लाइनों के नजदीक घर पहले से बनाऐ हुए है या निर्माणाधीन है। इसके अलावा भविष्य में भवन निर्माण की योजना है। उन सभी उपभोक्ताओं के घरों की छतों के उपर से या घरों के आस पास से विद्युत लाइनों की दूरी इस प्रकार होनी चाहिए।

**कार्रवाई** — नगर निगम के समय में बने अवैध निर्माणों पर गिरेगी गाज

# निगम ने अवैध निर्माण पर 225 लोगों को भेजा नोटिस

**पुष्पराज, मंडी**




मंडी शहर में जहां मस्जिद के अवैध ढांचे का मुद्दा उठा और तो विभाग द्वारा अन्य अवैध निर्माणों पर भी कार्यवाही करने का कार्य शुरू कर दिया है। वहीं नगर निगम क्षेत्र में कोई भी ऐसा कोई भी वार्ड नहीं है जहां पर अवैध निर्माण या बिना नक्शा पास हुए निर्माण किया जा गया है। वहीं नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण कारियों को नोटिस भेजने का कार्य शुरू कर दिया है और बहुत से लोगों को नगर निगम द्वारा नोटिस भेज दिया गया है।

नगर निगम द्वारा पहले करीब 306 अवैध निर्माण और नक्शे के आधार पर निर्माण न होने पर नोटिस भेजा था लेकिन जो कैस नगर परिषद के समय के थे उन पर बाद में कार्रवाई की जाएगी और जो अवैध निर्माण नगर निगम के समय में हुए है उन्हें नगर निगम और टीसीपी एक्ट के आधार पर 225 लोगों को नोटिस जारी कर दिया गया है। नगर निगम आयुक्त एचएस राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन लोगों ने नगर निगम क्षेत्र में अवैध निर्माण किया है और जिनके घर नक्शे के आधार पर नहीं है उन्हें नोटिस जारी कर दिए गए है। उन्होंने बताया कि नगर

**इन्हें भेजे नोटिस**

**मंडी** में वार्ड के आधार पर तल्याहड़ में 33 को लोगों नोटिस भेजा गया, पैलेस द्वितीय में 26, मंगवाई में 22, पड्डल में 17, खलियार में 20, टारना में 17, बैहना में 16, दौंहदी में 15 नोटिस जारी हुए है।

निगम क्षेत्र में बहुत से घर ऐसे पाए गए है जिनमें कईयों का नक्शा पास नहीं है और जिनका नक्शा पास है उन्होंने नक्शे से बाहर अधिक निर्माण किया गया है।

उन्होंने बताया कि नोटिस के बाद इनकी सुनवाई एक सप्ताह में शुरू हो जाएगी और लगभग 2 महीने में इन मामलों का निपटारा एडिशनल कमिश्नर और कमिश्नर द्वारा कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**दी सी. डी. साख सहकारी सभा सीमित मुख्यालय गोहर स्थित दाड़ी**
डा. चैल चौक तह. चच्योट जिला मण्डी हि. प्र.।
फोन न. 01907-250937, Email. thecdsociety@yahoo.in

**हमारी उपलब्धियां दिनांक 31.03.2024**

| | |
|---|---|
| सदस्यता | 48185 |
| भागधन | 21.43 करोड़ |
| आरक्षित कोष | 7.48 करोड़ |
| अमानतें | 342.91 करोड़ |
| सदस्य ऋण | 214.52 करोड़ |
| कारोबार | 1861.06 करोड़ |
| लाभ | 2.77 करोड़ |

सभा अपनी 56 शाखाओं व 1 विस्तार पटटलों के माध्यम से समस्त सभा सदस्यों को सभी प्रकार की अमानतों पर आकर्षक व्याज दरें व आसान शर्तों पर ऋण प्रदान कर रही है।

**आपकी बचत सुरक्षित हाथों में।**
ख्योड़ मेले के शुभ अवसर पर समस्त सभा सदस्यों को हार्दिक बधाई।



श्री कमल चन्द राणा, अध्यक्ष, मो. 94182-63429
श्री कर्म सिंह सैनी, उपाध्यक्ष, मो. 94184-87212
श्री श्याम लाल कश्यप, उपाध्यक्ष, मो. 94180-50039
श्री देविन्द्र कुमार ठाकुर, महाप्रबन्धक, मो. 98160-70220

## न्यूज ब्रीफ

### पुनर्मूल्यांकन के बाद छात्रा मेरिट सूची में आई



विवेक शर्मा, अंब। वर्नम सीनियर सेकेंडरी स्कूल ठठल की छात्रा सानिया चौधरी ने बोर्ड की मेरिट लिस्ट में 10वीं पोजीशन हासिल कर ली है। सानिया चौधरी ठठल स्कूल की साइंस (नॉन मेडिकल) स्ट्रीम की छात्रा थी और अप्रैल 2024 में +2 के परिणाम में उसने 500 में से 480 अंक प्राप्त हुए, जिसकी वजह से वह मेरिट में नहीं आ सकी, लेकिन उसकी दोबारा पुनर्मूल्यांकन करवा दिया गया, जिसके बाद उसके अंग्रेजी विषय में 5 अंक बढ़ गए और उसके अंक 485/500 हो गए। इसके लिए प्रिंसिपल व्यास देव धीमान, लेक्चरर नेतेश कुमार, अनिल चौधरी, संजीव कुमार, शक्ति कुमार , अमित कुमार व सभी स्टाफ सदस्यों ने इस उपलब्धि के लिए खुशी जाहिर की है। सानिया इस समय सीयूईटी का एग्जाम क्वालिफाई करके सेंट्रल यूनिवर्सिटी शाहपुर से फिजिक्स ऑनर्स में बीएससी कर रही है। एक साधारण परिवार से आने वाली इस लड़की ने तमाम चुनौतियों से लड़ कर यह मुकाम हासिल किया है। सानिया का सपना फिजिक्स में रिसर्च साइंटिस्ट बनने का है।

### 30 सितंबर तक निविदाएं की आमंत्रित

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए खानपान सेवाएं, प्रशिक्षण सामग्री और सूचना व संचार संबंधी सामग्री खरीद को लेकर आपूर्तिकर्ता/एजेंसियों से निविदाएं आमंत्रित की हैं। यह जानकारी देते हुए एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति अपनी निविदाएं 30 सितंबर दोपहर ए बजे तक उपायुक्त कार्यालय ऊना के कमरा नंबर 422 में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि समिति के अध्यक्ष को बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार होगा। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं।

### हरोली में पोषण जागरूकता शिविर आयोजित



अनंत ज्ञान, ऊना। समेकित बाल विकास परियोजना हरोली में पोषण माह के तहत खंड स्तरीय पोषण जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस पोषण जागरूकता शिविर की अध्यक्षता एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर ने की। इस दौरान पोषण रैली भी निकाली जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और हरोली कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। जागरूकता शिविर में डीपीओ आईसीडीएस नरेंद्र कुमार ने बताया कि कुपोषण से लक्षित वर्गों को बचाने के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महिला एवं बाल विकास द्वारा आंगनबाड़ी स्तर, पर्यवेक्षक वृत्त स्तर तथा परियोजना स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान परियोजना अधिकारी शिव सिंह ने महिलाओं और छात्राओं को पोषण माह के महत्त्व के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात हरोली कॉलेज की प्रो. विंदिया चंदेल व शंकुतला राणा ने महिलाओं व छात्राओं को योगा करवाया। इस मौके पर पर्यवेक्षक नीलम सैनी, पुष्पा देवी, पोषण ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर ज्योति शर्मा, सेवानिवृत सीडीपीओ कुलदीप सिंह दयाल सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### योगराज बने भारतीय किसान संघ खंड बंगाणा के अध्यक्ष



राजेश ठाकुर, बंगाणा। भारतीय किसान संघ खंड बंगाणा की बैठक बंगाणा में हुई। इसकी शुरुआत भगवान बलराम और भारत माता का पूजन, दीप प्रज्वलित कर की गई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष दिलबाग सिंह ने की। उन्होंने संघ के कार्यों की जानकारी दी। भारतीय किसान संघ खंड बंगाणा का गठन भी किया गया, जिसमें अध्यक्ष योगराज शर्मा, मंत्री सुभाष शास्त्री, उपाध्यक्ष अमरचंद शर्मा, सह मंत्री प्रकाश चंद, बीरबल सुमन, युवा अध्यक्ष प्रेम सिंह, महिला प्रमुख पूनम शर्मा, प्रचार प्रमुख जोगिंद्र देव आर्य, बीज प्रमुख सुरेंद्र कुमार, जैविक प्रमुख योगराज भारद्वाज, सदस्य सुरेश कुमार, सर्वेश कुमार, सोनू को चुना गया। बैठक में प्रकाश चंद, सुरेंद्र कुमार, अमर चंद, बीरबल सुमन, रोहित ठाकुर, राजेंद्र मलांगड़, बलबंत, सुखदेव, राज लाल, योगराज, सुरेश कुमार, पूनम, सुभाष शास्त्री, प्रेम सिंह सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

### दिवांशी का विज्ञान प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन



अनंत ज्ञान, ऊना। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रायसरी की छात्र दिवांशी शर्मा ने राज्य स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में सरकारी स्कूलों में से प्रथम स्थान हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पोटेंशियल एंड कंसर्न का टॉपिक बच्चों को दिया गया था जिसका परिणाम आने पर स्कूल में खुशी की लहर थी थी। प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह ने इस बच्चे को गाइड करने वाली अध्यापक सुनैना शर्मा टीजीटी मेडिकल को तथा बच्चों के अभिभावकों को बधाई दी है। बच्चों की सफलता पर उसके अभिभावकों ने भी प्रधानाचार्य और स्कूल के अध्यापकों का आभार व्यक्त किया है। बच्चों का कहना है की यह जरूरी नहीं कि कोई पोजीशन किसी भी प्रतियोगिता में आए इसका लाभ आगे आने वाली प्रतियोगिताओं में हमें मिलेगा, इसलिए जो बच्चे कर सकते हैं, उन्हें भी ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए।

### बीटन में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित



अनंत ज्ञान ऊना। उपमंडल हरोली के तहत पड़ते संत ढांगू वाले राजकीय महाविद्यालय बीटन में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनीता गोयल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की एवं कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने वक्तव्य में प्राचार्या ने महाविद्यालय की सांस्कृतिक कार्यक्रम कमेटी का अभिवादन करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों को समय-समय पर महाविद्यालय में आयोजन किया जाना चाहिए जिससे युवाओं की छिपी प्रतिभा का आकलन किया जा सके। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें ऑन द स्पॉट पेंटिंग में समर ठाकुर, कोलाज मेकिंग में कुमारी नैना, मेहंदी प्रतिस्पर्धा में कुमारी हीना, रंगोली प्रतिस्पर्धा में अमनप्रीत कौर, पोस्टर मेकिंग में कुमारी संजना तथा ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी में कुमारी मुस्कान ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुआ।

### दलित कल्याण समिति करेगी विस्तार



विनोद शर्मा, लठियानी। उपमंडल बंगाणा में दलित कल्याण समिति कुटलैहड' का समारोह आशीर्वाद होटल में आयोजित हुआ, जिसमें वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में कुटलैहड़ के सभी गांवों से लोगों ने भाग लिया। समिति में अपना विश्वास व्यक्त किया और जोर-शोर से इस संस्था के विस्तार और संचालन हेतु अपना समर्थन दिया। इस मौके पर सेवानिवृत्ति डिप्टी डायरेक्टर विधि चंद्र वंगा, पूर्व जिला परिषद इंदु वाला, इंजीनियर एमआर दडोच, पूर्व पंचायत समिति के अध्यक्ष तरसेम लाल सहोता, रमेश वंगा, मुनीष भारती, सुषमा देवी, महिंद्र सिंह, सीताराम बंगा, लेख राज भारती अध्यक्ष, गुरपाल कलसी, शेर सिंह कोषाध्यक्ष, तिलक राज, राम रतन आजाद, गुलजारी लाल, दुर्गादास, राकेश, सुरेश, अंकित मान आदि उपस्थित रहे।

# स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को नगर पंचायत अध्यक्ष ने सफाई रखने के दिए निर्देश

## बोले-गंदगी फैलाने वालों को जागरूक करने के लिए सभी को संकल्प लेना होगा

विवेक शर्मा, अंब

नगर पंचायत अंब निदेशक शहरी विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही स्वच्छता ही सेवा 2024 (स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता) अभियान जो कि 17 सितंबर से एक अक्तूबर 2024 के तहत 20 सितंबर को पथ विक्रेताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में अध्यक्ष इंदु धीमान, सचिव हर्ष गुप्ता, सभी पार्षद, कनिष्ठ अभियंता प्रमोद सिंह, सामुदायिक प्रबंधक सुनीता, लिपिक सुनीता देवी, क्लर्क आकाश भाटिया, अंजू सोनी व निकिता ने भाग लिया। बैठक में नगर पंचायत अंब की अध्यक्ष इंदु धीमान ने पथ विक्रेताओं को बैठक में स्वच्छ स्ट्रीट फूड व कूड़ा पात्र रखने तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के लिए विक्रेताओं को प्रेरित किया।



स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को साफ-सफाई के निर्देश देतीं नगर पंचायत अध्यक्ष।

उन्होंने कहा कि शहर साफ सुथरा दिखे, ऐसी इच्छा प्रत्येक नागरिक की है। इस इच्छापूर्ति के लिए हर नागरिक को कदम उठाना होगा, क्योंकि सड़क किनारे, सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा एकत्र करने से व सड़क किनारे नालियों में डालने से पूरा नगर गंदा दिखता है। गंदगी फैलाने वालों को जागरूक करने के लिए सभी को संकल्प लेना होग, क्योंकि नगर में आने वाले मेहमानों पर शहर की छाप अच्छी नहीं पड़ती है। नगर से गंदगी का दाग मिटाने के लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आना होगा, तभी अंब नगर को स्वच्छ बनाने का सपना पूरा होगा और इस कड़ी में पथ विक्रेताओं को अहम भूमिका रहने वाली है। (अनंत ज्ञान)

# रोहतक के रवि ने जीता कुनेरन का महादंगल



विजेता पहलवानों के साथ कमेटी के सदस्य।

अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक

कुनेरन गांव में लखदाता पीर की बड़ी माली जतिंद्र पथरेड़ी ने जीती। बड़ी माली के लिए करीब 8 मिनट चले रोचक मुकाबले में पथरेड़ी के नामी पहलवान ने रोहतक के पहलवान रवि को हराकर कुनेरन दंगल की माली अपने नाम की।

दंगल में ऊना केसरी के हुए मुकाबले में राहुल ऊना विजेता व रिक्की भंजाल उपविजेता रहे व हिमाचल केसरी खिताब का मुकाबला रजत कांगड़ा व साहिल परागपुर के बीच हुआ जिसमें रजत कांगड़ा विजयी रहे। महादंगल की बड़ी माली रवि रोहतक व जतिंद्र पथरेडी के बीच हुई जिसमें जतिंद्र पथरेडी विजयी रहे।

कुनेरन महादंगल के फाइनल मुकावले में गगरेट के विधायक राकेश कालिया ने मुख्यातिथि के रूप में, जबकि भाजपा जिला उपाध्यक्ष एंव समाजसेवी विश्वजीत सिंह पटियाल व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजू ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया 7 माली के विजेता व उपविजेता पहलवानों को दंगल कमेटी ने 71 हजार रुपए व गुर्ज देकर सम्मानित किया।

## चलेट स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस कैंप शुरू

अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक

राजकीय कन्या माध्यमिक पाठशाला चलेट में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ किया गया, जिसमें बाबा राकेश शाह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कैंप में छात्राएं हिस्सा ले रही हैं और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी एनएसएस समन्वयक द्वारा किया जा रहा है।

इस तरह के कैंपों से छात्राओं को ग्रुप में काम करने के लिए प्रेरणा मिलती है। बाबा राकेश शाह ने एनएसएस वॉलिंटियर्स को कहा कि अच्छे संस्कारों में ही अच्छे मन का वास होता है और संस्कारों से ही पढ़ाई में अव्वल होते हैं। उन्होंने छात्रों को एकजुटता का पाठ पढ़ाते हुए अपने माता-पिता गुरुओं और बड़ों की इज्जत करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य बालक राम, एनएसएस कार्यक्रम के अधिकारी मीना कुमारी और इंदु वाला सहित स्कूल का स्टाफ उपस्थित रहा।



एनएसएस शिविर के शुभारंभ पर शपथ लेते कैडेट्स।

## डीसी ने पौधे किए वितरित




ऊना। ऊना के डीसी जतिन लाल ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे वितरित किए। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि आजकल के समय में पौधरोपण कार्यक्रम बहुत ही जरूरी हैं ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण स्वच्छ मिले और उन्हें किसी भी प्रकार के दूषित वातावरण का सामना न करना पड़े और हम भी पर्यावरण को स्वच्छ रखें। (छाया : राजेश शर्मा)

# ग्राम विकास को नए आयाम दें पंचायत प्रतिनिधि : उपायुक्त

राजेश शर्मा, ऊना

ऊना के डीसी जतिन लाल ने पंचायत प्रतिनिधियों से अपने क्षेत्र में विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की धुरी हैं, और उन्हें सरकार की योजनाओं और नीतियों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए पूरी जानकारी और तत्परता से काम करना चाहिए।

यह विचार उन्होंने गगरेट और हरोली ब्लॉक के पंचायत प्रतिनिधियों के लिए ऊना में आयोजित रिफ्रेशर ट्रेनिंग कार्यक्रम में व्यक्त किए। उपायुक्त ने आह्वान किया कि सभी पंचायत प्रतिनिधि योजनाओं की गहरी समझ विकसित करें ताकि अधिक से अधिक लोग इनसे लाभान्वित हो सकेंऔर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सके।



ऊना में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त।

उपायुक्त ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को राज्य सरकार और जिला प्रशासन की योजनाओं से अवगत कराना है, ताकि वे इन योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान, प्रतिनिधियों को विकास कार्यों में आने वाली समस्याओं के व्यावहारिक समाधान से अवगत कराया गया। इसके साथ ही, उन्हें पॉक्सो एक्ट और पोश अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई, ताकि वे अपने क्षेत्र में बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

**पंचायत प्रतिनिधियों को विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का दिया प्रशिक्षण**

कार्यक्रम में, उपायुक्त ने जिला प्रशासन की ओर से संचालित सामर्थ्य कार्यक्रम के बारे में भी पंचायत प्रतिनिधियों को जानकारी दी, जिससे गरीब परिवारों के बच्चे योजना का लाभ उठाकर अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकें। इसके अलावा, 'एक पौधा मां के नाम' मुहिम के तहत आंवला के पौधे वितरित किए गए। उपायुक्त ने ऊना जिले को कचरा मुक्त बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को जिला प्रशासन की 'उज्ज्वल ऊना' मुहिम की जानकारी भी दी और मिलकर काम करने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने पंचायत स्तर पर खेल आयोजनों को बढ़ावा देने पर जोर दिया, ताकि युवाओं को नशे से दूर रखते हुए उनकी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग किया जा सके।

कार्यशाला में जिला पंचायत अधिकारी नीलम कटोच, जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी जतिंद्र शर्मा, डॉ. बलदेव डोगरा, गगरेट व हरोली ब्लॉक के पंचायत प्रतिनिधि शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## मरवाड़ी-जोह पुल को मंजूरी के लिए केंद्र सरकार, पूर्व विधायक का किया धन्यवाद

अनंत ज्ञान, घनारी। गगरेट क्षेत्र के मरवाड़ी-जोह सलोह बैरी पुल की डीपीआर को केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने से कई गांवों के लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि बरसात के दिनों में आई बाढ़ से काजवे पूरी तरह ध्वस्त हो गया था जिससे अलग-थलग पड़े क्षेत्र की ग्रामीण जनता को भारी परेशानी से जूझना पड़ रहा था।



इसको लेकर तत्कालीन विधायक राजेश ठाकुर ने दौरा करके इस पुल की डीपीआर वर्तमान सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के माध्यम से 2021-22 में केंद्र सरकार को भिजवाई थी। पुल की मंजूरी के लिए बिंदू राणा, राजीव शर्मा, कर्ण सिंह, दीपक, अभिनव, अनिल, राकेश, सोनी, टोनी, निक्कू, रूवी, सुनील कुमार व अन्य लोगों ने केंद्र सरकार, सांसद अनुराग ठाकुर एवम पूर्व विधायक राजेश ठाकुर का आभार व्यक्त किया है।

## फ्रूट बाल से लीकेज जारी, जल शक्ति विभाग बना मूकदर्शक



दियोली के समीप फ्रूट बाल से लीक होता पानी।

अनंत ज्ञान, घनारी

जहां एक ओर जल शक्ति विभाग जल संरक्षण के बड़े-बड़े दावे करता नहीं थकता, वहीं धरातल पर सच्चाई की एक अलग ही तस्वीर नजर आती है। बता दें गगरेट उपमंडल की पंचायत दियोली में शनिदेव मंदिर के नजदीक विगत कुछ माह से फ्रूट बाल से लीकेज जारी है, लेकिन जल शक्ति विभाग पूरी तरह मूकदर्शक बना हुआ है।

स्वच्छ पीने का पानी व्यर्थ सड़क पर बहने से सड़क भी काफी कीचड़ नुमा हो जाती है, जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं 'जल है तो कल है' के स्लोगनों से पानी बचाओ के नारे लगाने वाला विभाग किस कदर इसको बचाने को लेकर उदासीन है, जिसकी व्यर्थ बह रहे पानी से पोल खुल कर सामने आ रही है। प्रबुद्ध वर्ग ने बताया कि इस तरह पहले भी पानी कई बार लीक होता था तथा विभाग को पहले भी कई बार इसके बारे में मौखिक रूप में अवगत करवाया गया है, लेकिन आज तक कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है।

लोगों ने जल शक्ति विभाग से अनुरोध है कि इस तरह रास्ते में बह रहा पानी को शीघ्र ठीक किया जाए। उधर, इस संबंध में जल शक्ति विभाग के जेई कुलबिंद्र ने कहा की शीघ्र ही इस तरह लीक हो रही पानी को ठीक करवाया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## कुछ दान देने से भ्रष्टाचार नहीं छुप सकता : बलबीर

अनंत ज्ञान, घनारी। चिंतपूर्णी विधानसभा के पूर्व विधायक व वर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह ने कांग्रेस विधायक पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि कांग्रेस विधायक 51,000 रुपए की आड़ में किया हुआ लाखों के भ्रष्टाचार को छुपा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक अभी तक श्वेत पत्र जारी नहीं कर पाए हैं। चिंतपूर्णी के विधायक जनता को गुमराह करने का काम कर रहे है।



लाखों रुपए मेला पर्ची के नाम से इकट्ठा किया जा चुका है और अभी भी जारी है। पिछले वर्ष भी विधायक द्वारा अपने गांव की रामलीला के लिए विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सरकारी स्कूलों से दबाव बनाकर हजारों एकत्रित किए थे, जिसका हिसाब अभी तक विधायक महोदय नहीं दे पा रहे है। लाखों के भ्रटाचार को कुछ हजारों के दान से छुपाया नहीं जा सकता। जल जीवन मिशन के अंतर्गत विधायक ने अपने ही परिवार को छह ट्यूबवेल आवंटित कर रखे है, जो कि सीधा भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है।

## चुनाव प्रभारी नियुक्त कर कांग्रेस नेतृत्व ने सौंपी चिंतपूर्णी के विधायक को बड़ी जिम्मेदारी



अंब। चिंतपूर्णी विधायक सुदर्शन सिंह बबलू को कांग्रेस सेवादल ने एक बार फिर से बड़ा दायित्व सौंपा है। अपनी कार्यशैली और युवाओं में पकड़ रखने की कार्यक्षमता के चलते बबलू को हरियाणा विस चुनाव के लिए कांग्रेस उन्हें फील्ड में उतारने जा रही है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में युवा कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करने एवं सक्रिय भागदारी सुनिश्चित करने के लिए बबलू को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। बड़ी बात है कि विधायक सुदर्शन सिंह बबलू कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष की दूसरी बार जिम्मेवारी संभाल रहे हैं और बड़े ही कम समय में उन्होंने स्वयं को साबित किया है। पहले स्वयं का चुनाव जीत कर दर्शाया कि वह युवाओं में काफी लोकप्रिय हैं। मात्र बीस दिन के समय में उन्होंने अपने चुनाव में युवाओं को चुनाव प्रचार की कमान सौंपी थी और उसके बाद परिणाम पार्टी के पक्ष में रहा। उसके बाद पार्टी ने जहां भी उनकी ड्यूटी लगाई, वहीं पर बबलू ने सकारात्मक भूमिका निभाई। हाल ही में हुए प्रदेश के विस उपचुनाव में भी बबलू सक्रियता के साथ गगरेट, देहरा और कुटलैहड़ क्षत्रों में डटे रहे। बबलू की इसी लोकप्रियता का फायदा कांग्रेस पार्टी हरियाणा के चुनाव में भी लेना चाहेगी। बबलू ने कहा कि पार्टी ने जो दायित्व सौंपा है, उसका बखूवी निर्वहन करेंगे और हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बने, इसके लिए वहां के स्थानीय नेतृत्व से मिलकर सामूहिक प्रयास किए जाएंगे।

**आयोजन** फल पौधशाला पंजीकरण और विनियमन की जानकारी देने को लगा प्रशिक्षण शिविर

## नर्सरी उत्पादक गुणवत्तायुक्त फलदार पौधों का करें उत्पादन : भारद्वाज

अनंत ज्ञान, ऊना

बागवानी विभाग ऊना ने नर्सरी उत्पादकों को पौधशाला पंजीकरण और विनियमन को लेकर गहन जानकारी देने के लिए शुक्रवार को पशुपालन विभाग के सभागार में एकदिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में ऊना जिले के सभी नर्सरी उत्पादकों ने भाग लिया और उन्हें फलदार पौधों के पंजीकरण और उच्च गुणवत्ता वाले पौधों के उत्पादन पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान उपनिदेशक बागवानी डॉ. केके भारद्वाज ने बताया कि जिले की विभिन्न पंजीकृत फल पौधशालाओं में लगभग सभी प्रकार के फलदार पौधे तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने नर्सरी उत्पादकों से आग्रह किया कि वे उन्नत किस्म के और उच्च गुणवत्ता वाले फलदार पौधों का उत्पादन करें, ताकि किसानों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले पौधे मिल सकें। उन्होंने यह भी सलाह दी कि किसान केवल पंजीकृत पौधशालाओं से ही पौधे खरीदें ताकि उन्हें प्रमाणित और स्वस्थ पौधे मिलें।



फल पौधशाला पंजीकरण और विनियमन की जानकारी देते अधिकारी।

डॉ. भारद्वाज ने कहा कि जिले में कोई भी नर्सरी उत्पादक बिना पंजीकरण के फल पौध उत्पादन और बिक्री का कार्य न करे। ऐसा करने पर हिमाचल प्रदेश फल पौधशाला अधिनियम के तहत एक वर्ष का कारावास और 50,000 रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

इस अवसर पर बागवानी निदेशालय शिमला से वरिष्ठ पौध संरक्षण अधिकारी डॉ. कीर्ति सिन्हा ने हिमाचल प्रदेश फल पौधशाला पंजीकरण और विनियमन अधिनियम, 2015 और नियम 2020 की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को दी। उन्होंने नर्सरी पंजीकरण प्रक्रिया और उच्च गुणवत्ता की नर्सरी का उत्पादन सुनिश्चित करने पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में उपनिदेशक पशुपालन डॉ. विनय शर्मा, विषय विशेषज्ञ डॉ. शिवभूषण, डॉ. संजय कुमार, उद्यान विकास अधिकारी डॉ. नेहा, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. कविता और योगेश कालिया भी उपस्थित रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत छातर**
**विकास खंड धनोटू, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत छातर के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में होने वाले विकास कार्यों के लिए मटीरियल की सप्लाई हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 25-09-2024 को प्रातः 11 बजे तक ग्राम पंचायत छातर में डाक द्वारा पहुंच जानी चाहिए।

1. रेता कन्सा खड्ड व रेत क्रशर (प्रति क्यूबिक मीटर)
2. बजरी कन्सा खड्ड व क्रशर 20,40 MM (प्रति क्यूबिक मीटर)
3. कट स्टोन (प्रति क्यूबिक मीटर)
4. बोल्डर स्टोन (प्रति क्यूबिक मीटर)
5. ईंट (प्रति ईंट)
6. पीवीसी पाइप (110 MM, 160 MM,200 MM)
7. सरिया (प्रति किलोग्राम)
8. लकड़ी (प्रति क्यूबिक मीटर)
9. सीमेंट कंकरीट (HUME PIPE-300 MM, 450 MM, 600 MM, 900 MM)
10. इंटरलॉक पेवर टाइल्स (40 MM, 60 MM,80 MM)
11. टाइल्स (SQ. MT)
12. साइन बोर्ड (प्रति बोर्ड/प्रति SQ मीटर)
13. सीमेंट ढुलाई व लोड़िग अनलोड़िंग प्रति बैग

**शर्तें:-** प्रार्थी के पास एम फार्म होना चाहिए 2. पंचायत द्वारा सामग्री मांग करने पर समय पर सामग्री न देने तथा गुणवत्ता सही न होने पर स्वीकृत निविदा रद्द की जाएगी। 3. पारित निविदादाता की मुबलिक 20000 रुपए की राशि एफडी (सुरक्षित राशि) के रूप में जिस दिन निविदा पास होगी उसी दिन पंचायत के पास जमा करनी होगी। यदि समय पूर्ण हो जाता है और कुटेशन धारक सामग्री समय पर देता रहता है तो वर्ष समाप्त होने पर उसे वापस कर दी जाएगी।

**नोट:** उपरोक्त शर्तों को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है तो उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत छातर
विकास खंड धनोटू, मंडी हि.प्र.

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रा वर्ग की फुटबाल चैंपियनशिप 25 से

**कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय, कुल्लू में छात्रा वर्ग के लिए इंटर कॉलेज फुटबाल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी कॉलेज प्रशासन ने शुरू कर दी है। चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सुविधा के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया जा चुका है। प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने बताया कि चैंपियनशिप का शुभारंभ 25 को होगा, जिसमें दर्जन भर से अधिक कॉलेजों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। समापन समारोह 27 सितंबर को होगा।

### एनएचपीसी ने साफ-सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश



**कुल्लू।** एनएचपीसी की पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-दो में स्वच्छता ही सेवा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत पार्बती परियोजना के नगवाईं कार्यालय परिसर के आसपास साफ-सफाई की गई। इस कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह की अध्यक्षता में साफ-सफाई अभियान किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों, संविदा कार्मिकों ने भाग लिया।

### परिणिता की ड्राइंग सबसे अच्छी



**बंजार।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार के वार्ड-5 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी चंपा शर्मा ने पोषण अभियान का उद्देश्य जो किशोरियों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान करवाने वाली माताओं और 0-6 वर्ष की आयु के बच्चों की पोषण स्थिति पर जोर देना है तथा बच्चों का संपूर्ण मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास करना है। इसके अंतर्गत बच्चों के जन्म से पूर्व उनकी माता को तथा जन्म के पश्चात उन्हें स्वास्थ्य संबंधी एवं जन्मोपरांत शिशु के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करना व कुपोषण को जड़मूल से खत्म करना है। पोषण माह के इस आयोजन में ड्राइंग प्रतियोगिता की गई, जिसमें प्रथम पुरस्कार परिणीता व द्वितीय पुरस्कार श्रेया और तृतीया पुरस्कार ट्विंकल को दिया गया। इस मौके पर ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर बंदना शर्मा, पर्यवेक्षक इंद्रा ठाकुर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशि किरण, हीरा देवी खाड़ागाड़ प्रधान, नीलिमा देवी, देव कला, ममता देवी, धना देवी, चंद्रा देवी, निशा देवी, उषा देवी, पूजा देवी, गीता देवी, प्रीतमु देवी, भियानवी देवी, ज्योति देवी, दिया देवी व 52 महिलाओं ने भाग लिया।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मीनाक्षी प्रथम



**कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में विश्व स्वच्छ हवा नीला आसमान दिवस मनाया गया, जिसका थीम इंवेस्ट इन क्लीन एयर नाउ रहा। इस मौके पर क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर समाज को दूषित हवा से होने वाली बीमारियों से बचाने एवं समाज को सशक्त बनाने बारे जागरूक कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्व स्वच्छ हवा नीला आसमान दिवस समारोह का आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा किया गया। विश्व स्वच्छ हवा नीला आसमान दिवस सबसे पहले सन् 2020 में मनाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य आम जन मानस को दूषित हवा से होने वाली बीमारी से अवगत करवाना तथा उसके उपाय के बारे में बताया। भाषण प्रतियोगिता में डिंपल प्रथम और शीतल तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग में मीनाक्षी द्वितीय और मनीषा चौथे स्थान पर रही। सभी विजयी प्रतिभागियों को समारोह के समापन अवसर पर हेल्थ सुपरवाइजर द्वारा सम्मानित किया गया।

### संतुलित आहार स्वस्थ जीवन का आधार

**कुल्लू।** संतुलित व नियोजित आहार स्वस्थ जीवन का आधार है क्योंकि इनमें



कार्बोहाइड्रेड, प्रोटीन, वसा, विटामिन, मिनिरल्स, कैल्शियम, आयरन आदि अपेक्षित मात्रा में होते हैं। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पद्मदेव शर्मा ने भुट्टि सर्कल में आयोजित ब्लाक स्तरीय पोषण माह जागरूकता शिविर में दी। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे, जबकि बाल विकास परियोजना अधिकारी कुल्लू गजेंद्र ठाकुर विशेषातिथि उपस्थित रहे। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने शिविर में उपस्थित महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गर्भवती महिलाओं के लिए फोलिक एसिड का उपयोग व बच्चों के लिए मां के दूध की उपयोगिता के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सरकार की ओर से शुरू की जा रही सुख शिक्षा योजना के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी गजेंद्र ने पोषण माह के दौरान एक पेड़ मां के नाम के बारे में बताया। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने जीवन में एक पेड़ जरूर लगाएं व उसकी देखरेख का जिम्मा भी स्वयं उठाएं। वहीं जिला पोषण सहायक प्रियंका राजपूत ने शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक व सामाजिक स्वास्थ्य के बारे में बताया। इस दौरान बेटियों के जन्म पर उपस्थित माताओं को बधाई पत्र बांटे।

### ऑक्सीजन कंसंट्रेटर पुलिस चेक पोस्ट पर रहेंगे उपलब्ध

**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के उच्च ऊंचाई वाले व संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात पुलिस कर्मियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीपीआर देने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है व ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध करवाए गए हैं, ताकि विपरीत परिस्थितियों में फंसे हुए पर्यटकों को ऑक्सीजन की कमी के चलते त्वरित कार्रवाई करते हुए राहत व बचाव प्रदान किया जा सके। लाहौल-स्पीति के पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने बताया कि जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आपातकालीन स्थिति में पर्यटकों, ट्रैक्टर्स एवं वाहन चालकों के फंसने के कारण उन्हें तुरंत राहत व बचाव की जरूरत को मध्यनजर रखते हुए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की आवश्यकता रहती है। लिहाजा जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्थित पुलिस चेक पोस्ट सरजू, दारचा, कोकसर लोसर व चंद्रताल पुलिस चेक पोस्ट में तैनात पुलिस जवानों के पास दो-दो ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध करवाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस कर्मियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीपीआर देने का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, ताकि विपरीत हालात में किसी भी सूरत में लाइफ थ्रेट को कम किया जा सके।

# पेंशनर्स ने मांगों को लेकर खोला मोर्चा




कुल्लू जिला मुख्यालय में पेंशनर्स अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए और शास्त्रीनगर से ढालपुर तक रैली निकालते हुए।

**अनंत ज्ञान टीम, कुल्लू**

कुल्लू जिला मुख्यालय में पेंशनर्स ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। पेंशनर्स ने शास्त्रीनगर से ढालपुर तक रैली निकाली। इसमें प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

वहीं, पेंशनर्स ने एक मांग पत्र भी सरकार को प्रेषित किया। सिविल पेंशनर एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सेस राम ठाकुर ने कहा कि उम्र के इस पड़ाव पर सरकार ने उन्हें मजबूर किया है। आने वाले समय में आंदोलन और तेज किया जाएगा। हिमाचल में सेवानिवृत्त पेंशनर्स की पेंशन का समय, अब हर महीने की 10 तारीख कर दिया गया है, जो कि गलत निर्णय है। पेंशनर्स सरकार के इस फैसले से खुश नहीं है। संगठन ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि निकट भविष्य में बिना बिलंब किए पेंशनर्स की सभी देनदारियों का एकमुश्त भुगतान नहीं किया जाता है, तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर प्रदर्शन में मौजूद पेंशनर्स ने सरकार पर उनकी मांगों को अनसुना करने का आरोप लगाया। इस दौरान पेंशनर्स राम सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार की ओर से उनकी मांगों को दरकिनार किया जा रहा है इसलिए कुल्लू के सभी छह खंडों में सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया तथा एक रोष रैली भी निकाली गई। पेंशनर संघ के द्वारा डीसी के माध्यम से एक मांग पत्र प्रदेश सरकार को भेजा गया तथा सरकार से मांग रखी गई कि जल्द उनकी मांगों पर गौर किया जाए। नहीं तो आने वाले दिनों में सभी पेंशनर्स सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे। उधर, मनाली, पतलीकूहल, बंजार, आनी व निरमंड में भी पेंशनर्स ने प्रदर्शन किया।

### एसडीएम के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

**सिविल** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन संघ आनी ने शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली, जिसमें पुलिस पेंशनर एसोसिएशन ने भी समर्थन किया। संघ के अध्यक्ष दुनी चंद ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन आनी ने प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। संघ ने धरने के बाद अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम आनी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा। संघ के अध्यक्ष दुनी चंद ने कहा कि पेंशनर संघ ने हिमाचल प्रदेश सरकार को 15 सितंबर तक अपनी मांगें मानने के लिए समय दिया था, जिसे सरकार पूरा नहीं कर सकी, जिसके परिणामस्वरूप पेंशनरों के सब्र का बांध टूट चुका है और पेंशनर संघ ने सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल बजा दिया है। इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि पेंशनरों को पेंशन एक को न मिल कर 10 को मिल रही है, यह सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन की पराकाष्ठा है।

# रमना के गीत 'मुखे आणे सुटकू लाल रंगा रा' पर लगे खूब ठुमके

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कुल्लू जिले के बंदरोल पंचायत के ब्यासर गांव में आयोजित दो दिवसीय शौयरी मेला का विधिवत रूप से समापन हुआ। मेले में पधारे देवी-देवताओं ने देव खेल और देवनाटी लगाकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।

मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल के प्रसिद्ध लोक गायक संतोष तोशी और लोक गायिका रमना भारती ने एक से बढ़कर हिट पहाड़ी, फिल्मी, पंजाबी गीत लगाकर व्यासर मेले में युवाओं को नचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस सांस्कृतिक संध्या में पंचायत समिति सदस्य गणेश ठाकुर अपनी टीम के साथ मुख्यातिथि पधारे। मेले में पहुंचने पर देव युवक मंडल व्यसर के प्रधान दविंदर और उनकी टीम ने उनका ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। इस मेले में वॉलीबाल, कबड्डी, रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें वॉलीबाल में जगत सुख और कबड्डी में बिलासपुर की टीम ने खिताब अपने नाम किया व रस्साकशी में महिला मंडल व्यसर ने बाजी मारी। उसके बाद मुख्यातिथि ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत हिमाचली लोक गायिका रमना भारती ने अपने हिट गानों से की। मुबे आने सूट लाला रंगा रा, मेरे जुटू रा झलारा, हाहूं मजनू तू लैला हो, प्यारी इंदिरा जाना घूमते जाखू आदि गीत गाकर युवाओं को नचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वही, जैसे ही लोकगायक संतोष तोशी ने मंच संभाला, तो युवाओं ने उनका सिटी और तालियों से स्वागत किया। संतोष तोशी ने मंच पर आते ही फिल्मी गीतों की झड़ी लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत ये दिल दीवाना, सारा जमाना हसीनों का दीवाना , तुम से मिलने की तमन्ना है आदि गीत गाकर प्रस्तुति दी।

## साइकिल पर कन्याकुमारी से सियाचिन होकर केलांग पहुंची आशा मालवीय

**कमलेश वर्मा, केलांग**



मध्य प्रदेश की एकल महिला साइकिल चालक आशा मालवीय का शुक्रवार को केलांग पहुंचने पर डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार व एसपी मयंक चौधरी से मिली। इस दौरान उन्हें महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए उनके उत्कृष्ट समर्पण के लिए सम्मानित किया। मध्य प्रदेश की यह बेटी साइकल पर देश नापने निकली है।

25 वर्षीय आशा मालवीय सियाचिन जैसे दुर्गम इलाकों से साइकिल करती हुई केलांग पहुंची है। मालवीय ने कन्याकुमारी से अपनी साइकिल यात्रा शुरू की थी। मालवीय अब तक करीब 7500 किमी का सफर कर चुकी है। इस पूरे अभियान में उनको भारतीय सेना की तरफ से भरपूर मदद मिल रही है। पिछले वर्ष, उन्होंने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए समर्पित भारत भर में 26,000 किलोमीटर की एकल साइकिल यात्रा की थी। केलांग में डीसी और एसपी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। एसपी ने कहा कि आशा मालवीय, एक उल्लेखनीय ट्रैक एथलीट, पर्वतारोही और साइकिल चालक हैं। महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए उनके उत्कृष्ट समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। आशा मालवीय ने कहा कि कन्याकुमारी से लद्दाख तक फैली आशा की एकल साइकिल यात्रा न केवल उनके अविश्वसनीय धीरज और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है, बल्कि भारतीय सेना द्वारा किए गए बलिदानों की एक शक्तिशाली याद भी दिलाती है।

## कल अटल सदन में जुटेंगे प्रदेशभर के रंगकर्मी

**कुल्लू।** हिमाचल के रंगमंच के आंदोलन को और अधिक आंदोलित करने के उद्देश्य से चिंतन व विचार-विमर्श करने के लिए 22 सितंबर को कुल्लू के अटल सदन के सेमिनार हॉल में प्रदेशभर के रंगकर्मी जुटेंगे। स्थानीय रंगमंच संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन द्वारा 'हिमाचल का रंगमंच, दशा और दिशा' विषय पर आधारित एक रंगमंच सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी केहर सिंह ठाकुर ने बताया कि हिमाचल के रंगमंच को देश-विदेश तक के मंचों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश के रंगकर्मी विचार-विमर्श करने के लिए एकत्र हो रहे हैं। हिमाचल के रंगमंच को और अधिक गति प्रदान करने तथा हिमाचली नाटकों में और अधिक गुणवत्ता लाने के लिए क्या-क्या किया जा सकता है।

## साहब! क्षतिग्रस्त प्रोजेक्ट को एमपीपीसीएल ने बिना अनुमति के शुरू किया बिजली उत्पादन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी स्थित मलाणा में आपदा के कारण क्षतिग्रस्त प्रोजेक्ट को एमपीपीसीएल ने बिना अनुमति के बिजली उत्पादन शुरू कर दिया है। प्रोजेक्ट का डैम गत एक अगस्त सुबह 4 बजे फट गया था।

उसके बावजूद भी प्रोजेक्ट ने बिना सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रोजेक्ट में बिजली उष्पादन शुरू कर दिया है, जबकि डैम अभी तक क्षतिग्रस्त है और यहां पर अभी खतरा बरकरार है। स्थानीय पंचायत के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल समस्या को लेकर एडीएम कुल्लू अश्विनी कुमार से मिला और जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजकर इसकी जांच करवाने की मांग रखी। इस अवसर पर महादेव युवक मंडल के प्रधान भगत सिंह ठाकुर, सचिव खुशहाल ठाकुर ने कहा कि प्रोजेक्ट के पास क्षतिग्रस्त प्रोजेक्ट की चलाने की अनुमति नहीं है। इसलिए जल्द एमपीपीसीएल चरण-एक के टरबाइन बंद किए जाएं। अगर प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं गई और फिर से फटे हुए डैम से लोगों को कोई नुकसान होता है, तो उसकी जिम्मेदार कंपनी और प्रशासन होगा। कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के मलाणा में डैम फटने के बाद ग्रामीणों के नुकसान तक का आकलन न होने से ग्रामीणों में सरकार व जिला प्रशासन के प्रति भारी रोष है। ग्रामीण इस मांग को लेकर जरी-मलाणा सड़क पर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को जहां आज चौथे दिन भी धरना-प्रदर्शन जारी रहा। वहीं, ग्रामीणों ने मलाणा वन प्रोजेक्ट प्रबंधन पर फिर से टरबाइन शुरू करने का आरोप लगाया है। इसी मुद्दे को लेकर महादेव युवक मंडल के सदस्यों ने ढालपुर में एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार से मुलाकात की और मांग रखी कि जल्द से जल्द इस टरबाइन को बंद किया जाए। युवकों ने यह आरोप भी लगाया कि मलाणा वन के पास अब टरबाइन चलाने की अनुमति नहीं है, क्योंकि मलाणा वन का डैम बादल फटने के चलते एक क्षतिग्रस्त हो गया है।



एडीएम कुल्लू अश्विनी कुमार को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे बेहतरीन कार्य : सुंदर ठाकुर

**अनंत ज्ञान आनी**

मुख्य संसदीय सचिव ऊर्जा ,वन, परिवहन एवं पर्यटन सुंदर सिंह ठाकुर ने आनी खुन्न स्कूल में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया। उन्होंने 96 लाख रुपए की लागत से निर्मित विज्ञान प्रयोगशाला भवन का भी उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि विज्ञान पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को इस भवन के बन जाने से लाभ मिलेगा क्योंकि इस विद्यालय में आसपास की पांच पंचायतों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि हमें खेलों को अपने जीवन का एक अंग बनाते हुए खेलकूद की भावना से ही खेलना चाहिए तथा यही बड़ी बात है कि हम इस तरह प्रतियोगिताओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में विकास को अधिक महत्व दे रही है तथा भविष्य में शिक्षा के ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए कई बेहतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने इस आयोजन के लिए अपनी ओर से 21 हजार की नकद सहायता राशि प्रदान की।



सीपीएस सुंदर ठाकुर विज्ञान प्रयोगशाला भवन का उद्घाटन करते हुए।

### चेस में स्नोर वैली स्कूल बजौरा प्रथम

**खेलकूद** के फाइनल मुकाबलों में वॉलीबाल में मनाली जोन तथा कुल्लू जोन की टीमें प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रही। कबड्डी के मुकाबले में कटराई स्कूल तथा कुल्लू की टीम क्रमशः प्रथम एव द्वितीय रही। वहीं, खो-खो में खराहल स्कूल तथा आनी स्कूल क्रमश प्रथम तथा द्वितीय रहे। बैडमिंटन में दलाश स्कूल तथा आनी प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे। चेस के मुकाबले में स्नोर वैली स्कूल बजौरा तथा वरिष्ठ माध्यमिक नगर स्कूल प्रथम तथा द्वितीय रहे। सीपीएस ने सभी विजेता टीम तथा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया तथा कहा कि खेलकूद हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा आज के बाद दौड़ भरी जीवन शैली में खेलकूद का महत्व हमारे स्वास्थ्य के दृष्टि से ही और अधिक बढ़ जाता है।

## कुल्लू अस्पताल में 18 स्वयंसेवी दे रहे सेवाएं

**कुल्लू।** माय भारत कार्यक्रम के अंतर्गत अनुभव से सीखें पहल में कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में 18 स्वयंसेवियों ने अपनी सेवाएं देना शुरू कर दी हैं। ये स्वयंसेवी आगामी 30 दिनों तक प्रतिदिन 4 घंटे सुबह और शाम अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेवियों को स्वास्थ्य सेवाओं के विभिन्न पहलुओं में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। इन स्वयंसेवियों को पंजीकरण प्रक्रिया, प्राथमिक चिकित्सा तथा हिमकेयर और आयुष्मान भारत योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है। स्वयंसेवी प्रतिदिन अस्पताल में आने वाले रोगियों को सहायता देने के साथ-साथ स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने का काम भी कर रहे हैं, जिससे आम जनता को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। अस्पताल प्रबंधन ने स्वयंसेवियों की इस पहल की सराहना की।

## प्रदेश सरकार ने लाहौल-स्पीति पुलिस को प्रदान की मजबूती : मयंक चौधरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में भी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान फर्स्ट रिस्पांडर यानी प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता के तौर पर किसी आपात स्थिति में सबसे पहले पहुंचने और सहायता देने के मकसद से प्रदेश सरकार द्वारा जिला लाहौल-स्पीति पुलिस विभाग को सशक्त किया गया है।

लाहौल-स्पीति की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को मध्य नजर रखते हुए विशेष कर सर्दियों के मौसम में आपातकालीन स्थिति में पुलिस कर्मियों को फर्स्ट रिस्पांडर के तौर पर हर वक्त मुस्तैद रहना पड़ता है, लिहाजा प्रदेश सरकार की ओर से लाहौल-स्पीति पुलिस विभाग को जरूरी उपकरण व सेफगार्ड मुहैया करवाने के लिए 25 लाख की धनराशि उपलब्ध करवाई गई। पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी का कहना है कि प्रदेश सरकार की ओर से प्रदान की गई 25 लाख की धनराशि से जरूरी सेफगार्ड व उपकरण खरीद कर पुलिस कर्मियों को उपलब्ध करवाए गए हैं अब लाहौल-स्पीति पुलिस महकमा सर्दियों के मौसम में किसी भी विपरीत परिस्थिति से जूझने के लिए और अधिक सशक्त हुआ है। चाहे वह प्राकृतिक आपदा हो यह सर्दियों में बढ़ते पर्यटकों की आवाजाही के दौरान कुशल ट्रैफिक प्रबंधन का संचालन करना हो, यह रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान राहत व बचाव कार्यों को अंजाम देना हो। रोड क्लीयरेंस के लिए सीमा सड़क संगठन व जिला प्रशासन की मदद से रिकवरी वाहन भी तैनात किए जाएंगे, ताकि पर्यटकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## हमारी समृद्ध संस्कृति को दर्शाते हैं त्योहार : रोशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

होटल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं समजसेवी रोशन ठाकुर ने कहा कि हमारे त्योहार, पर्व, मेले हमारी समृद्ध संस्कृति को दर्शाते हैं और आपस में प्रेम, प्यार, खुशी, भाईचारे का संदेश देकर हमारे बीच में एक आनंद व उल्लास का वातावरण पैदा करते हैं।

शायरी मेले में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे रोशन ने कहा कि इन आयोजनों से संस्कृति का विकास होता है। मनाली घाटी के हर मेले में जहां देवी-देवताओं का आशीर्वाद मिलता है। वहीं, वालीबाल जैसी रौचक खेल प्रतियोगिता भी आयोजित होती हैं। उन्होंने विजेताओं को सम्मनित किया और युवाओं को नशे से दूरी बनाए रखने की बात कही। शौयर उत्सव के दिन शुरू हुआ ऐतिहासिक गांव का शौयरी मेला धूमधाम से संपन्न हो गया। ग्रामीणों ने दिन भर अपने आराध्य देवों के समक्ष माथा टेक सुख व समृद्धि का आशीर्वाद लिया। देवताओं ने अपने देवालयों का रुख किया। लगभग चार दिन एतिहासिक गांव गोशाल देवताओं सहित कारकूनों की उपस्थिति में देव वाद्ययंत्रों से गूंजता रहा। मुख्यातिथि ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मेले में आराध्यदेव कंचन नाग, ब्यास ऋषि, गौतम ऋषि, पराशर ऋषि, फाईया नाग, संख नारायण ने लोगों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। ऐतिहासिक गांव गोशाल में देव समागम व वॉलीबाल प्रतियोगिता मेले का आकर्षण रहा। मेले के दौरान खेल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। वॉलीबाल सहित घड़ा फोड़, दौड़, लंगड़ा घोड़ा दौड़, कुर्सी दौड़ जैसे मनोरंजक खेलों ने ग्रामीणों का मनोरंजन किया। वॉलीबाल में एक दर्जन टीमों ने भाग लिया। कड़े मुकाबले के बीच मनाली गांव एक ने अपने ही गांव की टीम दो को हराकर वॉलीबाल ट्राफी पर कब्जा किया।



**प्रशिक्षण** शुक्पा एवं औषधीय पौधों की नर्सरी और पौधरोपण तकनीक को उगाने के लिए स्पीति ताबो में दिया गया प्रशिक्षण

# औषधीय पौधों की रक्षा और संरक्षण का एकमात्र तरीका उनका कृषिकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद व हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान शिमला ने शुक्पा एवं औषधीय पौधों की नर्सरी और पौधरोपण तकनीक विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन स्पीति ताबो में किया।

इस अवसर पर डॉ. जगदीश सिंह, ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शुष्क औषधीय पौधों की खेती की जानकारी वन विभाग के कर्मचारियों तथा हितधारकों तक पहुंचाना है, ताकि वो पौधे उगा सकें तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं। उन्होंने किसानों को औषधीय पौधे उगाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कड़ी में आगे उन्होंने कहा कि जंगलों में औषधीय पौधों का संरक्षण जरूरी है और हिमालयी क्षेत्र में औषधीय पौधों के संरक्षण के लिए वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से वैज्ञानिक खेती करने की आवश्यकता है। उच्च मूल्य वाले औषधीय पौधों की व्यावसायिक खेती कर इसे एक स्थायी आय सृजन गतिविधि के रूप में बनाने की बहुत संभावना है। इन मूल्यवान औषधीय पौधों की रक्षा और संरक्षण का एकमात्र तरीका उनका कृषिकरण है। औषधीय पौधों की खेती विविधिकरण एवं अतिरिक्त आय के लिए अच्छा विकल्प है।

उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा बागवानी पौधों के साथ-साथ औषधीय पौधों जैसे कि निहानी, चोरा, सलाम मिश्री, कड़ को अंतरवर्तीय फसल उगाने के मॉडल विकसित किए हैं, जिससे किसान बागवानी फसल के मध्य बचे भाग का उपयोग औषधीय पौधों को उगाने के लिए कर सकते हैं और इन्हें उगाकर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं।



औषधीय पौधों की नर्सरी और पौधरोपण तकनीक पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान।

### शक्या शीत रेगिस्तान की पारिस्थितिकी के लिए बहु उपयोगी पौधा

इस दौरान डॉ. पीतांबर सिंह नेगी, वैज्ञानिक-डी, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने शुक्पा की नर्सरी और पौधरोपण तकनीक के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शक्या शीत रेगिस्तान की पारिस्थितिकी के लिए बहु उपयोगी पौधा है, लेकिन इस प्रजाति को उगाना मुश्किल है। संस्थान ने पिछले दस वर्षों में गहन शोध किया, इसकी नर्सरी तथा तकनीक पहली बार विकसित की है तथा प्रशिक्षण के माध्यम से हितधारकों तक पहुंचाई। संस्थान ने लेह×लद्दाख तथा स्पीति में जूनीपर पर प्रशिक्षण दिया तथा इस दौरान जूनिपर के पौधे विकसित किए। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि लोग शुक्या के पौधे जरूर लगाएं क्योंकि इस क्षेत्र के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण प्रजाति है।



# सोलन पुलिस ने एक साल में 251 बड़े नशा तस्करों को पहुंचाया सलाखों के पीछे

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नशा मुक्त समाज की स्थापना के लिए जिला सोलन पुलिस प्रतिबद्ध है। समाज के युवा वर्ग विशेषत: छात्रों को नशे के चंगुल से बचाने के लिए जिला पुलिस की ओर से विशेष प्रयास किए गए हैं, जो लगातार जारी हैं, जिनके सार्थक परिणाम सामने आए हैं।

इनमें मादक पदार्थों के खात्मे के लिए इनकी सप्लाई साइड और डिमांड साइड दोनों तरफ प्रभावी कार्रवाई की गई है। एसपी सोलन गौरव सिंह के कुशल नेतृत्व में जुलाई 2023 से जिला पुलिस की ओर से नशा तस्करों के खिलाफ मिशन मोड में काम किया गया, जिसमें मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत 105 अभियोग पंजीकृत किए गए, जिनमें लगभग सभी मुकदमे नशे की बड़ी मात्रा के यानी इंटरमीडिएट और कमर्शियल क्वांटिटी के हैं, जिनमें

- 36 से ज्यादा बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्कों को किया ध्वस्त
- रुस्तम वॉलंटियर्स युवाओं को कर रहे जागरूक

कुल 251 बड़े नशा तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा चुका है।

उपरोक्त अभियोगों के संदर्भ में भी अन्वेषण करते हुए नशे के सामान की सप्लाई करने वाले बाहरी राज्यों के 106 से ज्यादा आरोपियों, जिनमें चिट्टे/नशे के 96 बड़े सप्लायर हैं, जो दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, असम, महाराष्ट्र आदि राज्यों से हैं, उनको गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें 8 अफ्रीकी मूल के नाइजीरियन नागरिक भी शामिल हैं, जिनको दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। इन बाहरी राज्यों के तस्करों की ओर से हिमाचल में चलाए जा रहे चिट्टा तस्करी के 36 से ज्यादा बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्कों को ध्वस्त कर दिया गया है, जिससे हजारों युवाओं को चिट्टा की आपूर्ति रोकने में जिला पुलिस कामयाब रही है। सोलन पुलिस के युवा साथी 'रुस्तम वॉलंटियर्स' स्कूल, कॉलेज, मेला-त्योहारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों में लगातार नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहे हैं। इनके साथ लगातार अन्य युवा भी वॉलंटियर्स की तरह जुड़ रहे हैं।

### 12000 से ज्यादा टेबलेट्स बरामद की



**इसके** अतिरिक्त जिला सोलन पुलिस द्वारा नशा के कारोबार में संलिप्त आरोपियों द्वारा नशा तस्करी से अर्जित की गई संपतियों के संदर्भ में वित्तीय अंवेषण (फाइनेंसियल इंवेस्टीगेशन) की प्रक्रिया भी अमल में लाई गई। सोलन पुलिस द्वारा आज तक कभी भी नशा तस्करों की संपत्ति की जब्ती की प्रक्रिया को अंजाम नहीं दिया गया था, जिस चुनौती पर काम करते हुए जिला पुलिस सोलन द्वारा इस बार 2 अभियोगों में संलिप्त 5 आरोपियों की कुल सवा करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। इनमें से एक अभियोग, जिसमें करीब 37 किलो हाई क्वालिटी चरस थी और दूसरा चिट्टा तस्करी का अभियोग शामिल है, जिसमें हरियाणा के सिरसा जिले के आरोपी गुरप्रीत सिंह की संपत्ति जब्त की गई है, जबकि कुछ अन्य मामलों में भी आरोपियों द्वारा नशे के कारोबार की कमाई से अर्जित करोड़ों रुपए की संपत्ति की जब्ती की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा चिट्टा छोड़कर सिंथेटिक टेबलेट्स की तस्करी करने वाले 29 आरोपियों के खिलाफ ड्रग्स एंड कास्मेटिक्स एक्ट के अंतर्गत सख्त कार्रवाई कर 11 मामले, जिनमें 12000 से ज्यादा टेबलेट्स बरामद किए गए थे, आगामी जांच के लिए ड्रग इंस्पेक्टर के हवाले किए गए हैं।

### युवाओं में नशे के सेवन के प्रति दिख रही कमी

**एसपी** सोलन गौरव सिंह ने बताया कि थाना प्रभारियों द्वारा प्रमुख यूनिवर्सिटी और कॉलेज में युवा छात्र-छात्राओं को भी जागरूक किया जा रहा है। लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न सरकारी/गैर सरकारी संगठनों की सहायता से उपमंडल, थाना तथा मुख्यालय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इन सभी अनुप्रयोगों से युवाओं में नशे के सेवन के प्रति कमी दिखाई दे रही है, जिसको लगातार जारी रखा जाएगा।

## 68 पीड़ितों को 77 लाख राहत राशि की वितरित

**नाहन।** अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत सिरमौर में अब तक 57 मामलों के 68 पीड़ितों को 77 लाख 20 हजार रुपए की राहत राशि वितरित की गई है। यह जानकारी डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन, स्थानीय स्तरीय तथा जिला स्तरीय दिव्यांगता समितियों की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत वर्ष-2021 से 2024 तक कुल 67 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें से 38 मामले न्यायालय में लंबित हैं, 2 मामलों में दोषी पाए गए, 3 मामले न्यायालय से बरी हुए तथा 11 मामले खारिज किए गए हैं, जबकि 5 मामले पुलिस छानबीन में लंबित हैं व 8 मामलों को इन धाराओं से मुक्त किया गया। डीसी ने कहा कि राहत राशि पीड़ित व्यक्ति को नियमानुसार जल्द प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले के विद्यालय व आंगनबाड़ी में किसी भी प्रकार के भेदभाव व छुआछूत के मामलों पर विशेष निगाह रखने की आवश्यकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मॉडलिंग प्रतियोगिता रही आकर्षण का केंद्र



**नाहन।** नाहन में आयोजित सिरमौर उत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में बेबी शो और मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मॉडलिंग प्रतियोगिता में जज के रूप में रजित सिंह कंवर, अमित अत्रि और राजीव सोढ़ा ने विशेष भाग लिया। प्रतिभागियों के प्रदर्शन ने यह उत्सव सिरमौर की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और नई प्रतिभाओं को उजागर करने का एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि इंडस्ट्रियलिस्ट सुखविंद्र सिंह थे।

### बच्चों को गुड टच और बैड टच की दी जानकारी



**सोलन।** यूरो किड्स प्ले स्कूल कोटला नाला में गुड टच-बैड टच की वर्कशॉप का आयोजन हुआ, जिसके तहत स्कूल के सभी बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी दी। आजकल के माहौल में विषम परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए बच्चों की सुरक्षा के तहत यह कार्यक्रम किया गया कि बच्चों को अपनी सुरक्षा किस प्रकार करनी है। इस तरह की वर्कशॉप करने वाला यूरोकिड्स (कोटला नाला) सोलन का प्रथम स्कूल है, जो शिक्षा, खेलकूद आदि के साथ-साथ इस तरह की वर्कशॉप करता है। ऐसा स्कूल की प्रिंसिपल मिसेज सीमा बाहल ने पत्रकार वार्ता में बताया और साथ ही कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूकता आती है।

### स्वच्छता के प्रति किया जाएगा जागरूक



**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना ने स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रुचि रमेश ने कॉलेज परिसर में समस्त स्वयं सेवियों, विद्यार्थियों, प्राध्यापकों व कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। देश के प्रधानमंत्री के 74वें जन्मदिन के अवसर पर शुरू हुए इस स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस के अवसर पर आगामी 2 अक्टूबर को होगा। इस दौरान हर रोज स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जागरूकता रैलियां, आस पास के क्षेत्र की सफाई आदि गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस अभियान का सबसे महत्त्वपूर्ण घटक प्लास्टिक के कचरे का एकत्रीकरण व उसका उचित निपटान रहेगा। इसी अभियान में इकाई के स्वयंसेवियों की ओर से आगामी दिनों में कॉलेज परिसर व पंचायत दाड़लाघाट के अंतर्गत गोद लिए गए गांव कोटला में भी ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### डॉ. शांडिल आज होंगे कंडाघाट के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 21 सितंबर को सोलन के कंडाघाट के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल सायं 3 बजे कंडाघाट स्थित होटल फॉल्कन क्रेस्ट में सर्व शिक्षा अभियान के तहत सोलन तथा कंडाघाट शिक्षा खंड के शिक्षकों को टेबलेट वितरित करेंगे।

### तूफान और बारिश से मक्की की फसल नष्ट

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब की पंचायत राजपुर के तहत आने वाले गांव रामनगर में बीते दिन अचानक आए भारी तूफान और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश ने न केवल सामान्य जनजीवन को अस्त-व्यस्त किया, बल्कि किसानों की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसान चिंतित हैं। जानकारी के अनुसार रामनगर में बीते दिन हवाओं के साथ भारी बारिश शुरू हुई, जिससे मक्की के खेत तेज हवाओं के चलते जमीन पर गिर गए और किसानों को इस बार भी मक्की की फसल से हाथ धोने पड़ेंगे। इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई है कि प्रशासन समय रहते हुए उनकी सहायता करें। मक्की की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इस मौसम में मक्की की फसलें लगभग तैयार थीं और किसानों को जल्द ही उनकी कटाई शुरू करनी थी, लेकिन तूफान ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। गांव के किसान हरिराम जिनके पास 5 बीघा जमीन है उन्होंने बताया कि हमारी मक्की की फसल कटने के लिए तैयार थी, लेकिन इस तूफान ने सब कुछ तबाह कर दिया, अब हमें समझ नहीं आ रहा कि क्या करें। पहले ही लागत बढ़ी हुई थी और अब यह नुकसान हमें कर्ज के जाल में फंसा सकता है।

### हैंडबॉल में कोटडी स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**पांवटा साहिब।** शहीद सोहन सिंह मेमोरियल मानपुर देवड़ा स्कूल में चल रही अंडर-19 गर्ल्स जिला लेवल प्रतियोगिता में इस साल फिर कोटडी व्यास की हैंडबॉल टीम ने फाइनल एक तरफा खेलते हुए पूरे टाइम में विपक्ष टीम को ग्राउंड छोड़ने पर मजबूर कर दिया। बता दें कि बिना कोई गोल खाये कफोटा टीम को 21-0 से हाफ टाइम तक मैच छोड़ने पर मजबूर कर दिया व एक तरफा जीत हासिल की। वहीं, सेमी फाइनल मैच में बनोर की टीम को भी एक तरफा हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया था। पिछले कई वर्षों से कोटडी व्यास की टीम हैंडबॉल में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। टीम के कोच कमान स्नेहा, उपकमान महक ने कहा कि हमारी टीम ने लगातार बहुत बढ़िया प्रदर्शन किया है।

### कॉलेज में किया नवनिर्मित खेल मैदान का उद्घाटन



**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में नवनिर्मित खेल मैदान, क्रिकेट पिच, बास्केटबॉल कोर्ट, वॉलीबाल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट और जिमनेजियम का उद्घाटन किया गया। ये सभी कार्य कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रीटा शर्मा के मार्गदर्शन में संपूर्ण हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शारीरिक शिक्षक विभाग के प्रो. रविराम ने की। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रीटा शर्मा के नेतृत्व में कॉलेज में पिछले दो वर्षों में कॉलेज परिसर में काफी विकास किया गया है।

### हुताशन ने उत्तीर्ण की राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा



**सोलन।** गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज सोलन के एमए अंग्रेजी तृतीय सेमेस्टर के छात्र हुताशन शर्मा ने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा (एसएलईटी) 2024 उत्तीर्ण की है। प्रिंसिपल गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज सोलन डॉ. रीटा शर्मा ने हुताशन शर्मा को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### यमुना के सौंदर्यीकरण होने से नगरी को लगेंगे चार चांद



**पांवटा साहिब।** उपमंडल पांवटा साहिब में यमुना नदी के तट पर सौंदर्यीकरण होने से नगरी को चार चांद लगने जा रहे हैं। पांवटा साहिब यमुना नदी पर जल्द हरिद्वार की तरह सुंदर घाटों का निर्माण होने जा रहा है, जिसको लेकर भारत सरकार द्वारा टेंडर कर दिया गया है। यमुना नदी के सौंदर्यीकरण का काम जल्द ही शुरू हो जाएगा, जिसको लेकर नमामि गंगे व वाप्कोस लिमिटेड कंपनी के पदाधिकारी पांवटा यमुना घाट पहुंचे व घाट का जायजा लिया। इस दौरान इस काम को करने वाली वाप्कोस लिमिटेड कंपनी के अधिकारी दीपेंद्र लांबा ने बताया कि पांवटा यमुना घाट के सौंदर्यीकरण करने व हरिद्वार की पौड़ी की तरह सुंदर घाट बनाने के लिए भारत सरकार ने 30 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है व इसका टेंडर संजय अग्रवाल को दिया है, इस घाट का काम दो हफ्ते में शुरू हो जाएगा तथा लगभग दो साल में यमुना नदी पर हरिद्वार की तर्ज पर दो घाट तैयार किए जाएंगे।

## नए मतदान केंद्र खोलने का रखा प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान, सोलन**



नाहन में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण संबंधी बैठक की अध्यक्षता करते डीसी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान केंद्रों के युक्तिकरण संबंधी बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में सिरमौर के नाहन, पांवटा साहिब, शिलाई तथा श्री रेणुका जी आदि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत पड़ने वाले कुछ मतदान केंद्रों को अलग करने तथा नया मतदान केंद्र बनाए जाने के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। बैठक के दौरान, 56-नाहन विधानसभा क्षेत्र के 56/30-जाबल का बाग मतदान केंद्र के अंतर्गत आने वाले गदपेला अनुभाग के मतदाताओं के लिए नए मतदान केंद्र की मांग की गई क्योंकि उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए तीन किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। इस समस्या के समाधान के लिए गदपेला अनुभाग को 56/60 मतदान केंद्र में समायोजित करने का प्रस्ताव रखा गया। इसी प्रकार 57-श्री रेणुका जी के 23-मैथली के बूथ संख्या 23-मैथली के तहत राजस्व ग्राम निहोग के मतदाताओं को मतदान के लिए चार किलोमीटर का रास्ता तय करना पड़ता था। इसलिए इस गांव के मतदाताओं की सुविधा के लिए 18-(क) निहोग स्कूल में नया मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव रखा गया। इसी निर्वाचन क्षेत्र के अर्न्तगत 78-जामू के तहत राजस्व ग्राम हयुनाड के मतदाताओं को मतदान के लिए चार किलोमीटर आना पड़ता था, उसको भी 78-(क) हयुनाड स्कूल में नया मतदान केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा गया।

इसी प्रकार 81-बडोन में बूथ संख्या 81-बडोन के अंतर्गत आने वाले राजस्व गांव धार टारन (ब्लॉक न. 34) के मतदाताओं की सुविधा के लिए 81-(क) चुलडीया स्कूल धार में नया मतदान खोलने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ।

## हिमाचल उत्सव की संध्या मातृ शक्ति को समर्पित

**सोलन।** ठोडो मैदान में चल रहे 20वें हिमाचल उत्सव की पांचवी संध्या मातृ शक्ति को समर्पित रही। पांचवी संध्या में मुख्यातिथि के रूप में संस्थापक सदस्यों की माताओं ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। संस्थापक अध्यक्ष पंकज सूद की माता संतोष सूद, संस्थापक उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा की माता कमला शर्मा और संस्थापक महासचिव कीर्ति कौशल की माता स्नेह लता मुख्यातिथि के तौर पर आमंत्रित थी। संध्या में पीटीसी पंजाब की आवाज के विजेता गौरव कौंडल के हिंदी पंजाबी नगमों से खूब माहौल जमाया। वहीं, पहाड़ी गायक सुरेश शर्मा की नाटियों पर मुख्यातिथि सहित पूरा पंडाल झूम उठा। संध्या में दीपक चौहान का कार्यक्रम भी खूब सराहा गया। वहीं, सोलन के गायक अजय भारद्वाज ने भी अच्छा रंग जमाया।

## प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षण आवश्यक : मनमोहन शर्मा



दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता करते डीसी मनमोहन शर्मा।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षित व्यक्ति आपदा के समय जीवन और संपत्ति के नुकसान को न्यून करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

मनमोहन शर्मा ने आपदा से बचाव और जोखिम को कम करने के विषय में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता की। मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन एक पहाड़ी क्षेत्र है और यहां प्राकृतिक आपदाओं का हमेशा खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा को रोका नहीं जा सकता, लेकिन जागरूक व्यक्ति जीवन और संपत्ति के नुकसान को न्यून करने में सहायक बन सकता है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा जैसे भूकंप व भूस्खलन से निपटने के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है, ताकि जान-माल के कम से कम नुकसान हो। लगातार बढ़ते शहरीकरण के कारण बाढ़, खराब जल प्रबंधन, तेजी से ढांचागत विकास और हिमालय क्षेत्र जैसे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों मे भूकंप और भूस्खलन की समस्या आम हो रही है।

## सीआईआई ने सीएम के समक्ष उठाया बिजली की कीमतों में वृद्धि का मामला

**अनंत ज्ञान, सोलन**



भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक प्रतिनिधिमंडल ने हिमाचल प्रदेश के सीआईआई उपाध्यक्ष दीपन गर्ग के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की।

इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान स्थानीय उद्योगों को प्रभावित करने वाली आवश्यक चिंताओं को उठाया, विशेष रूप से बिजली की कीमतों में वृद्धि का मामला उठाया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह इन मुद्दों का अध्ययन कर प्रभावी समाधान खोजने के आवश्यक कदम उठाएंगे। परिसंघ ने उम्मीद जताई कि सक्रिय बातचीत औद्योगिक क्षेत्र का समर्थन करने और हिमाचल प्रदेश में अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का संकेत है।

## पेंशनर्स ने निकाली आक्रोश रैली

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**




किन्नौर पेंशनर्स ने लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर रिकांगपिओ बाजार में सरकार के प्रति आक्रोश रैली निकाली। रैली के बाद पेंशनर्स की लंबित मांगों को लेकर प्रदेश सरकार को डीसी किन्नौर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्ष जिला पेंशनर्स मोहन नेगी ने कहा कि पेंशनर्स कल्याण संघ लंबे समय से अपनी लंबित मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। पेंशनर्स के जख्मों पर मरहम लगाने की बजाय उन्हें महीने की पहली तारीख के बजाय 10 को पेंशन लेने के लिए मजबूर किया गया है। इस अवसर पर जिले के तीनों खंडों से आए पेंशनर्स के पदाधिकारी व पेंशनर्स ने भाग लिया। नेगी ने कहा कि पेंशनर्स की लंबित मांगों पर शीघ्र विचार कर अनुकूल समाधान निकालें, अन्यथा पेंशनर्स राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होंगें। (अनंत ज्ञान)

## पूर्व थाना प्रभारी समेत एसआई और एएसआई को न्यायिक हिरासत में भेजा

**बीबीएन।** थाना नालागढ़ में दंपत्ति के साथ मारपीट व प्रताड़ित करने के मामले में गिरफ्तार पूर्व थाना प्रभारी समेत एसआई व एएसआई को शुक्रवार कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है जिन्हें दोबारा एक अक्तूबर को दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहीं, एसआईटी फरार चल रहे डीएसपी एलआर लखवीर सिंह व कांस्टेबल सुनील को जल्द गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। डीआईजी क्राइम डीके चौधरी ने बताया कि तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जिन्हें एक को दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। जल्द ही बाकी दो पुलिसकर्मियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। नालागढ़ थाना में दंपत्ति के साथ मारपीट व प्रताड़ित करने का मामला दर्ज है, जिसमें डीएसपी समेत छह पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज है, जिसमें पुलिसकर्मियों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आरोप है कि उन्होंने पुलिस रिमांड के दौरान पति-पत्नी को प्रताड़ित किया।

## फुलैच उत्सव में ग्रामीणों में दिख रहा उत्साह

**रिकांगपिओ।** जिला मे इन दिनों फूलों का त्योहार फूल्याच मेला धूमधाम से मनाया जा रहा है। हालांकि जिले के हर गांव में अपने स्तर पर फूल्याच मेला मनाया जा रहा है। ठंगी गांव में भी यह मेला मनाया जा रहा है। यह इस क्षेत्र का मुख्य उत्सव है। इष्ट देवता द्वारा नामित व्यक्तियों द्वारा घाटी से फूल चुनने तथा गांव में एकत्रित हो कर इष्ट देवता रपुक शंकर की पूजा- अर्चना द्वारा अर्पित करने की परंपरा है तथा प्रसाद के रूप में भी फूल ही वितरित किए जाते हैं। फुलैच उत्सव के मौके पर संगीत, नृत्य एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियों के साथ ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बनता है। उत्सव के दौरान स्थानीय लोग अपने पारंपरिक वेश भूषा में सज धज कर इष्ट देव के प्रांगण में एकत्रित होते हैं।

## 7 मतदान केंद्रों के भवन परिवर्तन करने पर सहमति

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में 52-दून विधानसभा क्षेत्र में तीन नए मतदान केंद्र समाणु, ठिंबर तथा बेली खोल, 53-सोलन विधानसभा क्षेत्र में एक नया मतदान केंद्र लखड़ांजी तथा 54-कसौली विधानसभा क्षेत्र में तीन नए मतदान केंद्र भेड़े का खेच, शड़ियाना व बड़ोग (नारायणी) को बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में 7 मतदान केंद्रों के भवन परिवर्तन करने पर सहमति जताई गई। इनमें 50-अर्की विधानसभा क्षेत्र के 89-जलाणा, 51-नालागढ़ विधानसभा के ऊंटपुर-3, 79-वार्ड नंबर-5 (जैनियांवाला) तथा 81-वार्ड नंबर-3 (हरिजन कालोनी), 52-दून विधानसभा के 38-कुठाड़-1 तथा 95-मंधाला-1 और 53-सोलन विधानसभा क्षेत्र के 113-रबौन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त बैठक में 4 युक्तिकरण प्रस्तावों को भी सहमति दी गई।

## हनुमान चालीसा का किया पाठ

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**




हिंदू समाज को जागरूक करने के उद्देश्य व बाहरी लोगों के क्षेत्र में प्रवेश पर हिंदू जागरण मंच दाड़लाघाट के कार्यकर्ताओं ने दाड़लाघाट में शांतिप्रिय प्रदर्शन किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान बिना पंजीकरण रह रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर सरकार व स्थानीय प्रशासन से सहयोग की अपील की।

हिंदू जागरण मंच के संयोजक संजीव शर्मा, सह संयोजक महेंद्र शर्मा, राकेश गौतम, जगदीश्वर शुक्ला व पंचायत उपप्रधान हेमराज ठाकुर, भगत राम सहित अन्य वक्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान सरकार से मांग की है कि बाहरी लोगों की जांच की जाए। वहीं, इन लोगों की वजह से स्थानीय लोगों को व्यापार में घाटा उठाना पड़ रहा है। मंच ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि बाहरी क्षेत्रों से बिना पंजीकरण रह रहे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। मंच के कार्यकर्ताओं ने मांग उठाई कि बाहरी राज्यों से आने वाले प्रवासियों की उनके गृह क्षेत्र के थाने से सत्यापन किया जाए, ताकि पता चल सके की कहीं कोई आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति हमारे क्षेत्र में तो नहीं आ रहा है।

## परिवहन एडीकेएम सभा के भवन का निर्माण कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



अंबुजा दाड़ला कशलोग मांगू परिवहन एडीकेएम सभा में सरकार और विभाग के प्रयास से कमेटी का गठन हुआ है तब से सभा के सदस्यों के हित में कई कार्य हो रहे हैं।

यह बात अंबुजा दाड़ला कशलोग मांगू परिवहन सहकारी सभा के प्रधान वेद प्रकाश शुक्ला ने कही। सभा के प्रधान वेद प्रकाश शुक्ला ने सरकार व सहकारिता विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एडीकेएम सभा में सरकार व विभाग के अथक प्रयासों से सभा के कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए पिछले वर्ष एक मनोनीत कमेटी का गठन किया गया है। शुक्ला ने कहा कि जब से सभा में मनोनीत कमेटी ने कार्यभार संभाला है, तब से सभा में सदस्यों के हित के लिए कई प्रकार के कार्य, जैसे कि फास्ट टैग आदि के लिए ऋण उपलब्ध करवाने, जैसी सुविधाएं शुरू की गई हैं। सभा का निर्माणधीन भवन, जिसका कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा था उसको कमेटी द्वारा शुरू कर दिया गया है।

**रोष** मांजू-पलोग-राहु जन कल्याण समिति ने सड़कों की खस्ता हालत पर जताया रोष, दुर्घटनाओं का बढ़ रहा खतरा

# बागी स्टेशन सड़क ने तालाब का रूप किया धारण

**अनंत ज्ञान, अर्की**



अर्की के मांजू क्षेत्र की सड़क की खस्ताहाल स्थिति को लेकर मांजू-पलोग-राहु जन कल्याण समिति ने कड़ा रोष प्रकट किया।

समिति के महासचिव केसी शर्मा ने इस सड़क की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क के दोनों ओर झाड़ियों की भरमार है, जिन्हें लंबे समय से नहीं काटा गया है। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है और दुर्घटना का खतरा बढ़ रहा है। इस समस्या को लेकर कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से निवेदन किया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग कुंभकर्ण की नींद सोया हुआ है। शर्मा ने बताया कि शालाघाट सेक्शन के मांजू से धारड़ूधार तक की सड़क की झाड़ियां काटी जा चुकी हैं और उसका मेंटेनेंस भी नियमित रूप से किया जा रहा है, जबकि अर्की से मांजू तक की सड़क की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। उन्होंने विशेष रूप से बागी स्टेशन का जिक्र करते हुए कहा कि यहां सड़क पर इतना पानी जमा हो गया है कि यह तालाब जैसी दिखने लगी है, जिससे गाड़ियों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। इस स्थिति के फोटो भी विभाग को भेजे जा चुके हैं, लेकिन कोई सुधार अब तक नहीं हुआ है। बागी से मांजू स्कूल की तरफ जाने वाली सड़क की हालत भी बेहद खराब हो चुकी है।

सड़क जगह-जगह से टूट गई है और यह पहचानना मुश्किल हो गया है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क बन चुकी है। इससे बच्चों और आम नागरिकों को भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि उक्त सड़कों की तुरंत मरम्मत और झाड़ियों की सफाई की जाए। लोक निर्माण विभाग अर्की के अधिशाषी अभियंता शशिपाल धीमान ने कहा कि जल्द ही सड़क के दोनों ओर की झाड़ियों की कटाई का कार्य शुरू किया जाएगा। बरसात के कारण सड़क की मरम्मत का कार्य रुका हुआ था, लेकिन अब मौसम साफ होते ही सड़कों को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सड़क की स्थिति बेहतर होगी और जनता को राहत मिलेगी।

## 800 पौधों का किया रोपण

**नाहन।** पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता का सराहनीय प्रदर्शन करते हुए, 1 एचपी (आई) कंपनी एनसीसी नाहन ने सेना छावनी, नाहन में बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान सफलतापूर्वक चलाया।

इस कार्यक्रम में सिरमौर के विभिन्न स्कलों और कॉलेजों के 250 एनसीसी कैडेटों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। पौधरोपण अभियान को 800 पौधों के समर्थन से बल मिला, जो देहरादून स्थित 127 इकोलॉजिकल टीए बटालियन और कुफरी की 133 इकोलॉजिकल टीए बटालियन द्वारा उदारतापूर्वक प्रदान किए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### काव्या 'वाउंड्स एंड वंडर्स' का विमोचन किया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** दुबई में रहने वाली व चंडीगढ़ की एक कवयित्री और उत्साही




अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक अधिवक्ता डॉ. सजीना खान ने आज अपने नवीनतम काव्य संग्रह, वाउंड्स एंड वंडर्स का यहां सेक्टर 27 स्थित चंडीगढ़ प्रेस क्लब में विमोचन किया। वाउंड्स एंड वंडर्स काव्य संग्रह एक डायस्टोपियन दुनिया की जटिल परस्पर क्रिया और भावनाओं, रिश्तों और हमारी स्वयं की भावना पर इसके गहरे प्रभाव को उजागर करता है। यह काव्य संग्रह पाठकों को मानवीय अनुभव की जटिल परतों को समझने के लिए आमंत्रित करता है, और एक ऐसा लेंस प्रदान करता है जिसके माध्यम से वे एक पुनर्कल्पित वास्तविकता के परिवर्तनकारी प्रभावों पर विचार कर सकते हैं। छंदों को एक शक्तिशाली और सोचने पर विचार करने प्रतिक्रिया उत्पन्न करने, आत्मनिरीक्षण और संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए गढ़े गए हैं।

### एनजीटी के आदेश पर न्यायालय की रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें



राज्य में सालों से पड़े कचरे और अशोधित जलमल का प्रबंधन नहीं कर पाने पर पंजाब पर पर्यावरण मुआवजे के रूप में 1,000 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया गया था। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनजीटी के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा दायर अपील पर केंद्र और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को नोटिस जारी किया। राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी पेश हुए। एनजीटी ने 25 जुलाई के अपने आदेश में पंजाब को उसके मुख्य सचिव के माध्यम से एक महीने के भीतर सीपीसीबी के पास पर्यावरण मुआवजे के रूप में 10,261,908,000 रुपए जमा करने का निर्देश दिया था।

### होशियारपुर में बस-ट्रक की टक्कर में 13 यात्री घायल

**होशियारपुर।** पंजाब में होशियारपुर से 44 किलोमीटर दूर जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस और ट्रक के बीच हुई टक्कर में 13 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बस चालक सहित घायलों को इलाज के लिए दसुआ के सिविल अस्पताल और टांडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। टांडा पुलिस थाने के प्रभारी गुरिंदरजीत सिंह नागरा ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है।

### पैसे ऐंठने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में 'हनीट्रैप' में फंसाकर लोगों से पैसे ऐंठने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने गिरोह के पांच कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सानिया (23) , रेशमा (45) , रहीश (48), इरफान (27), तथा फरीद (27) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सानिया एवं इरफान फतेहपुरतगा गांव के रहने वाले हैं जबकि रहीश एवं फरीद कुरेशीपुर और रेशमा धौज गांव की रहने वाली है। पुलिस ने बताया कि रहीश लकड़ी का काम करता है, फरीद की मीट की दुकान है, इरफान मजदूरी करता है तथा दोनों महिलाएं गृहिणी हैं। पुलिस के अनुसार, 10 से 12 आरोपी मिलकर 'हनीट्रैप' गिरोह चलाते हैं। पुलिस ने बताया कि गिरोह में शामिल सदस्य, लोगों को अपनी चिकनी चुपड़ी बातों में उलझाकर उन्हें शारीरिक संबंध बनाने के लिए उकसाते थे और बाद में सभी आरोपी मिलकर ब्लैकमेल कर उनसे रुपए ऐंठते थे। पुलिस ने 11 सितंबर को धौज थाने में साजिश, फिरौती, अपहरण से संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

### आदि कैलाश यात्रा का दूसरा चरण 23 सितंबर से

**पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)।** आदि कैलाश यात्रा का दूसरा चरण 23 सितंबर से शुरू होगा। तीर्थयात्रा की नोडल एजेंसी कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) ने



शुक्रवार को यह जानकारी दी। धारचूला में आधार शिविर के प्रभारी एवं विकास निगम के एक अधिकारी धन सिंह बिष्ट ने बताया कि मई और जून में यात्रा के पहले चरण के दौरान 20,000 तीर्थयात्री आदि कैलाश चोटी के दर्शन के लिए पहुंचे। यात्रा को मानसून की शुरुआत में निलंबित कर दिया गया था। मानसून में प्राकृतिक आपदाओं का खतरा अधिक होने के कारण यह मार्ग असुरक्षित हो जाता है। बिष्ट ने कहा, ''यात्रा के दूसरे चरण के लिए 25 तीर्थयात्रियों का एक जत्था 25 सितंबर को धारचूला पहुंचेगा। आधार शिविर से जत्थे को आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शनार्थ तीन दिनों के लिए गूंजी भेजा जाएगा।''

### शॉपिंग मॉल में शौच करने पर भारतीय को लगा जुर्माना

**सिंगापुर।** सिंगापुर के मरीना बे सैंड्स स्थित 'द शॉप्स' मॉल के प्रवेश द्वार पर शौच करने वाले भारतीय निर्माण श्रमिक पर 400 सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया गया। यह घटना 30 अक्तूबर 2023 की है। समाचारपत्र 'टुडे' में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार निर्माण श्रमिक रामू चिन्नारसा (37) ने पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्य (सार्वजनिक सफाई) विनियमों के तहत जुर्म कबूल कर लिया है।

### बठिंडा में शिअद कार्यकर्ता के घर एनआईए की छापेमारी

**बठिंडा।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने करीब 20 दिन बाद रामपुराफूल में फिर से छापामारी की। इस दौरान टीम ने रामपुराफूल में मौड़ रोड पर एक ही




परिवार के दो लोगों से पूछताछ करने के साथ उनके घर की तलाशी ली व मोबाइल फोन अपने साथ लेकर चले गए। इतना ही नहीं बाप और बेटे को 30 सितंबर को चंडीगढ़ स्थित एनआईए के दफ्तर में जांच के लिए बुलाया गया है। इससे पहले टीम ने पिछले माह 30 अगस्त को प्रतिबंधित संगठन के नेताओं से जुड़े नक्सली भर्ती मामले के सिलसिले में छापेमारी की थी। इस दौरान एजेंसी ने चार राज्यों में छापेमारी की थी, जिसमें पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली शामिल थे।

### ऑनलाइन वैक्सीन प्रबंधन पोर्टल 'यू-विन' होगा शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्तूबर में ऑनलाइन वैक्सीन प्रबंधन पोर्टल 'यू-विन' की शुरुआत करेंगे, जिसका फिलहाल प्रायोगिक आधार पर संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ जन्म से लेकर 17 वर्ष की आयु तक के बच्चों के टीकाकरण और दवाओं का स्थायी डिजिटल रिकॉर्ड रखने के लिए बनाया गया है। नड्डा ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि विस्तारित आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी लोगों को शामिल किया जाएगा, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। उन्होंने कहा कि अक्तूबर में शुरू की जाने वाली इस विस्तारित योजना से लगभग 4.5 करोड़ परिवारों के लगभग छह करोड़ नागरिकों को लाभ मिलेगा।

### फ्लाइट्स में वॉकी-टॉकी व पेजर पर लगा बैन

**दोहा।** लेबनान ने बेरूत एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली फ्लाइट्स में वॉकी-टॉकी और पेजर ले जाने पर बैन लगा दिया है। यह कदम लेबनान में लगातार दो दिनों तक देश



भर में पेजर और वॉकी-टॉकी में हुए विस्फोटों के बाद उठाया गया। इन धमाकों की वजह से कई लोगों की मौत हो गई, जबकि हजारों की संख्या में लोग घायल हुए। लेबनान के इस फैसले के बाद कतर एयरवेज ने भी बेरूत-राफिक हरीरी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले पैसेंजर्स के लिए फ्लाइट में पेजर और वॉकी-टॉकी लाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। एयरलाइन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि ये नियम अगले आदेश तक लागू रहेंगे। कतर एयरवेज ने कहा कि यह बैन चेक किए गए कैरी-ऑन लगेज और कार्गो दोनों पर लागू होगा। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री फिरास अबियाद ने बताया कि मंगलवार और बुधवार को कई पेजर और हैंडहेल्ड रेडियो में हुए धमाकों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हो गई, जबकि 2,931 लोग घायल हुए। हिजबुल्लाह ने इन विस्फोटों के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं इजरायल ने धमाकों की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ की नारेबाजी, पुतला भी जलाया

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया और उनका पुतला भी फूंका। राहुल गांधी के विदेश में दिए एक बयान को लेकर शुक्रवार को चंडीगढ़ भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया।

भाजपा की तरफ विरोध जताने के लिए सेक्टर-35 स्थित कांग्रेस कार्यालय तक जाने की घोषणा की थी। वहीं, प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए यूटी पुलिस की तरफ से सुरक्षा के लिहाज से पूरी व्यवस्था की गई थी हाथ में राहुल गांधी के



खिलाफ लिखे स्लोगन वाले पोस्टर लेकर भाजपाई ने विरोध दर्ज कराया। पोस्टरों में लिखा था कांग्रेस सिखों की दुश्मन, राहुल गांधी माफी मांगे, राहुल गांधी देश का गद्दार आदि स्लोगन लिखे हुए थे। भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं ने दोपहर में सेक्टर-33 व 34 की लाइट प्वाइंट से सेक्टर-35 के कांग्रेस कार्यालय की तरफ कूच किया, लेकिन पुलिस ने रास्ते में बैरिकेडिंग करके उन्हें वहीं रोक दिया। इसके बाद भाजपा के नेता व कार्यकर्ताओं ने वहीं राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की और उनका पुतला भी जलाया गया।

इस प्रदर्शन में भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय टंडन व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी विदेशी धरती पर विवादित बयान दे रहे हैं। उन्होंने सिख समुदाय पर जो टिप्पणी की है, वो गलत है इसलिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए और उन पर सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के काफिले पर हमला

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कालका सीट से कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप चौधरी के काफिले पर हमला हुआ है। रायपुररानी के गांव भरौली में बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग कर दी। हमले में एक कार्यकर्ता को तीन गोलियां लगी है। बताया जा रहा है कि कुछ शरारती तत्वों ने उनके काफिले पर फायरिंग कर दी।



इस घटना में पार्टी के कांग्रेस कार्यकर्ता को गोली लगी है। घटना में घायल कार्यकर्ता गोल्डी को तीन गोलियां लगी हैं। उसे पंचकुला के सेक्टर-6 सिविल अस्पताल लाया गया है। घटना शुक्रवार दोपहर बाद की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक पंचकूला के रायपुररानी में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रचार के लिए गए थे। रायपुररानी के गांव भरौली में यह घटना हुई है। यहां बाइक सवार तीन हमलावरों ने उनके काफिले पर फायरिंग की है। प्रदीप चौधरी गांव भरौली से ही हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची है और मामले की जांच की जा रही है। वहीं, बाइक सवार हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। (अनंत ज्ञान)

## विकास नगर में स्तनपान के महत्व पर एक व्यापक व्याख्यान आयोजित



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

मातृ और बाल स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए, विभिन्न स्थानीय समुदायों में कई प्रभावशाली स्वास्थ्य शिक्षा पहलों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें गर्भवती और स्तनपान करने वाली माताओं, युवाओं और परिवारों का एक बड़ा दर्शक वर्ग शामिल हुआ।

विकास नगर में स्तनपान के महत्व पर एक व्यापक व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें गर्भवती और स्तनपान करने वाली माताओं को सर्वोत्तम प्रथाओं और लाभों के बारे में जानकारी दी गई। डडूमाजरा में आयोजित सामुदायिक कार्यक्रम ने अन्नप्राशन परंपरा का जश्न मनाने के साथ-साथ पोष्टिक आहार (पोषणयुक्त भोजन) पर एक जानकारीपूर्ण सत्र भी शामिल किया, जो एचएफवी और क्षेत्रीय पर्यवेक्षक द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें प्रारंभिक बचपन के दौरान उचित पोषण के महत्व को उजागर किया गया। (अनंत ज्ञान)

## 'एक देश, एक चुनाव' की प्रमुख सिफारिशें 'त्रुटिपूर्ण': कुरैशी

**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी ने 'एक देश, एक चुनाव' की व्यावहारिकता और इसके संभावित प्रभावों पर चिंता जताते हुए इसकी कुछ प्रमुख सिफारिशों को 'त्रुटिपूर्ण' करार दिया और इन मुद्दों पर संसद में बहस की जरूरत पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिश के अनुरूप 'एक देश, एक चुनाव' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। समिति ने पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने और उसके बाद 100 दिन के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराने की सिफारिश की है। विपक्षी दलों ने कहा कि असल मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा का) ने एक देश एक चुनाव का शिगूफा छोड़ा है।

## धामी सरकार में पिछले तीन सालों में प्रदान की गई 17 हजार से अधिक नौकरियां

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की वर्चुअल उपस्थिति में उत्तराखंड सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियन्ता सेवा परीक्षा, 2023 के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में चयनित 1094 कनिष्ठ अभियन्ताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। नींबूवाला, गढ़ी कैंट स्थित संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल एवं विधायक सविता कपूर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर कनिष्ठ अभियन्ता पद के लिए चयनित हुए अभ्यर्थियों से वर्चुअल संवाद भी किया। योगेश कड़ाकोटी ने कहा कि राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता आयी है। यह भर्ती प्रक्रिया काफी कम समय में पूर्ण हुई है। उन्होंने



विभिन्न भर्ती परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को संदेश दिया कि कड़ी मेहनत और खुद पर विश्वास रखें।

राज्य सरकार द्वारा जिस तेजी से भर्ती प्रक्रियाएं पूर्ण की जा रही हैं, इससे युवाओं में नई आशा जगी है। संदीप उनियाल ने कहा कि उन्होंने 2014 में डिप्लोमा किया था और वे 2019 से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य में नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद और भर्ती परीक्षाओं में तेजी आने से युवाओं का सरकारी नौकरियों के प्रति रूझान और बढ़ा है।

रूड़की की महजबी ने कहा कि यह पूरी भर्ती प्रक्रिया एक साल से कम समय में पूरी हुई, अभी जिस तेजी से राज्य में भर्तियां आ रही हैं, सभी लोग तैयारी करने के लिए उत्साहित हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में पिछले तीन सालों में राज्य में सरकारी विभागों में 17 हजार से अधिक नौकरियां प्रदान की गई हैं। (अनंत ज्ञान)

## कॉलेजियम की सिफारिश पर नियुक्ति न करने पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से जानकारी मांगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र से यह जानकारी देने को कहा कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने किन नामों की दोबारा सिफारिश की और उनकी संख्या कितनी है।



न्यायालय ने केंद्र से इस बात का कारण भी बताने को कहा है कि इन नामों पर अब तक विचार क्यों नहीं किया गया और यह स्वीकृति किस स्तर पर लंबित है। यह निर्देश प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। याचिका में यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित न्यायाधीशों की नियुक्ति को अधिसूचित करने के लिए केंद्र के लिए एक समय सीमा तय की जाए। पीठ ने कहा, ''उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम (न्यायाधीशों के लिए) कोई खोजबीन समिति नहीं है जिसकी सिफारिशों को रोका जा सके।''

पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा कि वह उसे कॉलेजियम द्वारा दोबारा अनुशंसित किए गए नामों की एक सूची मुहैया कराएं और बताएं कि इन पर स्वीकृति ''क्यों और किस स्तर पर लंबित'' है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''कृपया, आप दोबारा अनुशंसित नामों की एक सूची बनाएं और बताएं कि ये क्यों और किस स्तर पर लंबित हैं।''

## देश-विदेश

### व्हाइट हाउस में जेलेंस्की बाइडेन की मुलाकात 26 को

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बीच में राष्ट्रपति जो बाइडेन यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात करेंगे। बताया जा रहा है कि दोनों समकक्ष नेताओं की मुलाकात 26 सितंबर को व्हाइट हाउस में होगी। वहीं, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी व्हाइट हाउस में जेलेंस्की के साथ अलग से बैठक करेंगी। दोनों पक्षों के नेता इस दौरान रूस और यूक्रेन युद्ध की मौजूदा स्थिति पर चर्चा करेंगे। बैठक के दौरान यूक्रेन की रणनीतिक योजना और रूसी आक्रामकता के खिलाफ कीव की रक्षा में अमेरिका के समर्थन पर भी चर्चा होगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन-पियरे ने एक बयान में इसकी जानकारी दी।

## भारत में पहली बार कम रेट पर बिक रहे आईफोन-16

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कीमत**

| | |
|---|---|
| आईफोन-16प्रो | 1,19,900 |
| आईफोन-16प्रो मैक्स | 1,44,900 |



आईफोन लवर्स के लिए इंतजाम की खड़ी समाप्त हो गई है। आखिरकार एप्पल ने देश में आईफोन 16 सीरीज की बिक्री आज यानी 20 सितंबर से शुरू कर दी है। भारत में नए आईफोन शुक्रवार सुबह 8 बजे से रिटेल और ऑनलाइन दोनों स्टोर्स पर उपलब्ध हैं, इसमें एप्पल बीकेसी (मुंबई) और एप्पल साकेत (नई दिल्ली) के स्टोर्स के साथ कंपनी के ऑथराइज्ड सेलर्स शामिल हैं। यह पहली बार है जब कंपनी आईफोन प्रो सीरीज को पिछले मॉडल की तुलना में कम कीमत पर बेच रही है, जिसका मुख्य कारण हालिया बजट में आयात शुल्क में कटौती है। कंपनी के अनुसार, आईफोन-16प्रो की शुरुआती कीमत 1,19,900 रुपए और आईफोन 16प्रो मैक्स की शुरुआती कीमत 1,44,900 रुपए है। हालांकि, भारत में असेंबल आईफोन-16 और आईफोन-16 प्लस की कीमतों में कोई अंतर नहीं आया है।

एप्पल आईफोन 16 में मिलने वाले फीचर्स की बात करें तो इसमें एप्पल इंटेलिजेंस, बड़ी डिस्प्ले और कैमरा कंट्रोल के साथ कई नए फीचर हैं। आईफोन-16प्रो और आईफोन-16प्रो मैक्स 128जीबी, 256जीबी, 512जीबी और एक टीबी स्टोरेज क्षमता में उपलब्ध होंगे। इनमें आईफोन सीरीज में अबतक का सबसे बड़ा डिस्प्ले आकार 6.3 इंच और 6.9 इंच होगा।

## राजस्थान में सामने आया तीन तलाक का मामला

**एजेंसी, रांची**

राजस्थान के टॉक इलाके से तीन तलाक का मामला सामने आया, जब पीड़िता ने अपने पति के खिलाफ कोतवाली इलाके में मामला दर्ज कराया।

मिली जानकारी अनुसार कुछ महीने पहले भी इसी जिले से तीन तलाक का एक और मामला सामने आया था। पुलिस के मुताबिक पीड़ित महिला गुजरात के अहमदाबाद की रहने वाली है और उसकी शादी 10 जून 2003 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार टोंक शहर के कैसर उर्फ फुरकान से हुई थी। पीड़िता ने शिकायत में

**पत्नी ने शिकायत करवाई दर्ज**




बताया कि शादी के बाद से ही उसका पति और ससुराल वाले छोटी-छोटी बातों को लेकर उसे परेशान करने लगे, जिससे वह मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान रहने लगी थी। 16 सितंबर की रात करीब 10 बजे उसके पति ने छोटी-छोटी बात पर उसके साथ मारपीट की। उसने लगातार तीन बार तलाक बोलकर तलाक देने का ऐलान भी कर दिया। उसने यह भी कहा कि अब वह उसकी पत्नी नहीं रही।

पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि मारपीट के बाद उसे जबरदस्ती घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला ने अपने पति के अलावा ससुराल वालों पर भी मारपीट और मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

## ब्रिटेन में कीर्तन 'सिख पवित्र संगीत' को मंजूरी

**लंदन।** ब्रिटेन में पहली बार कीर्तन को संगीत शिक्षा की ग्रेड प्रणाली में शामिल किया गया है, यानी छात्र 'सिख पवित्र संगीत' से जुड़े पाठ्यक्रम का औपचारिक रूप से अध्ययन कर सकेंगे। बर्मिंघम में संगीतकार और शिक्षाविद् हरजिंद्र लाली ने पश्चिमी शास्त्रीय संगीत के समान कीर्तन को भी उचित स्थान दिलाने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए वर्षों समर्पित किए हैं कि यह पारंपरिक संगीत विधा भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित रहें। 'गुरु ग्रंथ साहिब' में मौजूद 'शबदों' का गायन कीर्तन कहा जाता है और सिख धर्म में यह भक्ति भाव प्रकट करने का तरीका है।

**यौन उत्पीड़न का मामला**

## टॉलीवुड कोरियोग्राफर जानी मास्टर से पुलिस कर रही पूछताछ

**हैदराबाद।** सेलिब्रिटी कोरियोग्राफर जानी मास्टर पर टॉलीवुड की एक जूनियर महिला कोरियोग्राफर ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। गिरफ्तार करने के बाद साइबराबाद पुलिस शुक्रवार को एक अज्ञात स्थान पर जानी से पूछताछ कर रही है।



बता दें कि जानी मास्टर उर्फ शेख जानी बाशा को वीरवार को गोवा में गिरफ्तार कर पेश किया गया। स्थानीय अदालत से ट्रांजिट वारंट हासिल करने के बाद पुलिस उसे हैदराबाद ले गई। पूछताछ और मेडिकल जांच के बाद राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कोरियोग्राफर को न्यायिक हिरासत के लिए अदालत में पेश किया जाएगा।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जानी मास्टर ने 2020 में मुंबई ट्रिप के दौरान उसका यौन उत्पीड़न किया था और किसी को न बताने की धमकी भी दी थी। साइबराबाद की रायदुर्गम पुलिस ने 15 सितंबर को जीरो एफआईआर दर्ज की। इसके बाद, नरसिंगी पुलिस स्टेशन में मामला फिर से दर्ज किया गया।

**पलटवार** राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेताओं के विवादास्पद बयानों के बाद मचा सियासी घमासान

# खड़गे की चिट्ठी पर नड्डा के जवाब पर भड़की प्रियंका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेताओं के विवादास्पद बयानों के बाद मचा सियासी घमासान जारी है। एक तरफ जहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की चिट्ठी पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पलटवार किया। वहीं, अब कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने खड़गे की चिट्ठी पर नड्डा के जवाब पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष नड्डा पर तंज कसते हुए कहा कि एक वरिष्ठ जननेता का निरादर करने की क्या जरूरत थी?

लोकतंत्र की परंपरा और संस्कृति, प्रश्न पूछने और संवाद करने की होती है। धर्म में भी गरिमा और शिष्टाचार जैसे मूल्यों से ऊपर कोई नहीं

**कहा- 82 साल के नेता का किया निरादर**



होता। आज की राजनीति में बहुत जहर घुल चुका है। आखिर 82 साल के एक वरिष्ठ नेता का निरादर करने की क्या जरूरत थी? प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कुछेक भाजपा नेताओं और मंत्रियों की अनर्गल और हिंसक बयानबाजी के मद्देनजर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जीवन की सुरक्षा के लिए चिंतित होकर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा। प्रधानमंत्री की आस्था अगर लोकतांत्रिक मूल्यों, बराबरी के संवाद और बुजुर्गों के सम्मान में होती तो इस पत्र का जवाब वह खुद देते। इसकी बजाय उन्होंने जेपी नड्डा की ओर से एक हीनतर और आक्रामक किस्म का जवाब लिखवाकर भिजवा दिया।

उन्होंने आगे लिखा कि अपने एक वरिष्ठ सहकर्मी राजनेता के पत्र का आदरपूर्वक जवाब दे देते तो जनता की नजर में उन्हीं की छवि और गरिमा बढ़ती। यह अफसोस की बात है कि सरकार के ऊंचे से ऊंचे पदों पर आसीन हमारे नेताओं ने इन महान परंपराओं को नकार दिया है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### अदिति की क्रोगर क्वीन सिटी चैंपियनशिप में खराब शुरुआत



**मेनविले (अमेरिका)।** भारत की अनुभवी गोल्फर अदिति अशोक क्रोगर क्वीन सिटी चैंपियनशिप के शुरुआती दौर में दो ओवर 74 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 103वें स्थान पर बनी हुई हैं। इस प्रतियोगिता में कट एक अंडर रहने का अनुमान है। ऐसे में कट में प्रवेश पाने के लिए विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज इस खिलाड़ी को दूसरे दौर में अपने खेल के स्तर को ऊंचा करना होगा। अदिति ने इस दौरान दो बर्डी लगायी और चार बोगी कर बैठीं। दक्षिण अफ्रीका की एशले बुहाई 65 के स्कोर के साथ बढ़त बनाने में सफल रही।

### शुभंकर ने तीन ओवर 75 का कार्ड खेला

**वेंटवर्थ (इंग्लैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने वेंटवर्थ क्लब में बीएमडब्ल्यू पीजीए चैम्पियनशिप में तीन ओवर 75 का कार्ड खेलकर खराब शुरूआत की जिससे उनका कट हासिल करना मुश्किल होगा। शुभंकर ने एक ईगल, एक बर्डी और छह बोगी लगाई जिससे वह संयुक्त 114वें स्थान पर बने हुए हैं। मैथ्यू बाल्डविन ने सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेलकर एक शॉट की बढ़त बनाई हुई है।

### बोल्ड पर्सनेलिटी के लिए मशहूर सारा टेलर

**नई दिल्ली ।** 1989 में जन्मी सारा टेलर इंग्लिश प्लेयर हैं। वह दुनिया की बेस्ट बैटर और विकेटकीपर्स में से एक गिनी जाती हैं। क्रिकेट खेलने के अलावा सारा टेलर अपने फैंस के बीच अपनी खूबसूरत और बोल्ड पर्सनेलिटी के लिए भी मशहूर हैं। सारा टेस्ट मैचों के मध्य क्रम में बल्लेबाजी के साथ-साथ फ्री-फ्लो स्ट्रोक गेमिंग स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। सारा 2017 में आईसीसी महिला वनडे टीम की बेस्ट क्रिकेटरों में से एक थीं।



### महिला टी-20 विश्व कप के लिए श्रीलंकाई टीम में रनावीरा की वापसी

**कोलंबो ।** श्रीलंका ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले आगामी महिला टी-20 विश्व कप के लिए हाथ की स्पिनर इनोका



रनावीरा को कप्तान चमारी अट्टापट्टू की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में वापस बुलाया है। रनावीरा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 12 साल से अधिक का अनुभव है। उन्होंने श्रीलंका के लिए अपना पिछला मैच विश्व कप क्वालीफायर के दौरान खेला था। यूएई में स्पिन गेंदबाजों की मददगार परिस्थियों में टीम को उनके अनुभव से फायदा होने की उम्मीद है। श्रीलंका ने अट्टापट्टू की अगुवाई में पिछले डेढ़ साल में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने इस दौरान किसी भी प्रारूप की सीरीज में पहली बार इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका को शिकस्त दी। टीम हाल ही में एशिया कप का ऐतिहासिक खिताब जीतने में भी सफल रहीं। श्रीलंका इस टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ शारजाह में तीन अक्तूबर को अपने अभियान का आगाज करेगा।

### राजस्थान रॉयल्स ने विक्रम राठौड़ को नियुक्त किया बल्लेबाजी कोच

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल-2025 से पहले भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज विक्रम राठौड़ को अपना बल्लेबाजी कोच



नियुक्त करने की घोषणा की। राहुल द्रविड़ को मुख्य कोच के रूप में नियुक्त करने के बाद 55 साल के राठौड़ आगामी सत्र के लिए फ्रेंचाइजी की दूसरी बड़ी नियुक्ति है। राठौड़ ने द्रविड़ के मुख्य कोच रहते भारत के बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया है। उनका कार्यकाल इस साल टी-20 विश्व कप के बाद खत्म हुआ, जिसमें रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम चैंपियन बनी थी। राजस्थान रॉयल्स से जारी बयान के मुताबिक, '' राहुल द्रविड़ की मुख्य कोच के तौर पर वापसी के बाद अनुभवी क्रिकेट पेशेवर राठौड़ रॉयल्स की कोचिंग टीम से जुड़ रहे हैं।'' राठौड़ ने भारत के लिए छह टेस्ट और सात एकदिवसीय मैच खेले हैं। उनके नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 33 शतक हैं।

## भारत vs बांग्लादेश

### बांग्लादेश पहली पारी में 149 रन पर ऑलआउट, बुमराह ने झटके 4 विकेट

# टीम इंडिया की बढ़त 300 पार

**एजेंसी, चेन्नई**

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने दो मैचों की सीरीज के शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां बांग्लादेश की पहली पारी को सस्ते में समेटने के बाद दूसरी पारी में तीन विकेट पर 81 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 308 रन कर ली।

बुमराह की शानदार गेंदबाजी का बांग्लादेश के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। उन्होंने 50 रन देकर चार विकेट चटकाए। बुमराह को मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और रवींद्र जडेजा का अच्छा साथ मिला।

भारत की पहली पारी में 376 रन के जवाब में बांग्लादेश की पहली पारी महज 149 रन पर सिमट गई। भारत ने पहली पारी 227 रन की बड़ी हासिल की।

भारत की दूसरी पारी में भी हालांकि शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान रोहित शर्मा (पांच) और यशस्वी जायसवाल (10) टीम के 28 रन तक पवेलियन लौट गये।

रोहित तस्कीन अहमद की ऑफ स्टंप से बाहर की गेंद पर बल्ला अड़ाकर गली क्षेत्र में जाकिर हसन को कैच थमा बैठे। जायसवाल को नाहिद राणा की गेंद पर ऑफ ड्राइव लगाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। गिल और विराट कोहली (17) ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए तीसरे विकेट के लिए 39 रन जोड़े।




पहले टेस्ट के दूसरे दिन बांग्लादेश के बल्लेबाज को आउट करने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को बधाई देते साथी खिलाड़ी।

### दास-शाकिब ने किया बांग्लादेश को निराश

**बांग्लादेश** को सबसे ज्यादा निराशा लिट्टन दास और शाकिब अल हसन से हुई। इन दोनों अनुभवी बल्लेबाजों ने क्रीज पर समय बिताने के बाद अपने विकेट आक्रामक शॉट खेलकर गंवा दिए। दोनों ने छठे विकेट के लिए 94 गेंद में 51 रन की साझेदारी की। लिट्टन ने जडेजा के खिलाफ स्वीप शॉट खेलने का प्रयास किया और स्थानापन्न खिलाड़ी ध्रुव जुरेल द्वारा लपके गए। शाकिब ने इस वामहस्त गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेला लेकिन उन्हें किस्मत का साथ नहीं मिला। गेंद उनके बल्ले के निचले किनारे से टकराकर जूते पर टप्पा खाने के बाद हवा में उछली और विकेटकीपर ऋषभ पंत ने दौड़कर कैच पकड़ लिया।

युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप ने दिन की शुरुआत सत्र में लगातार गेंदों पर जाकिर और मोमिनुल हक को बोल्ड कर पारी की शुरुआत में ही बांग्लादेश पर दबाव बना दिया।

### जसप्रीत बुमराह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 400 विकेट पूरे

जसप्रीत बुमराह (टेस्ट : 162 , वनडे : 149, टी-20 : 89 ) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी 227वीं पारी में 400वां विकेट हासिल किया। ऐसा कर वह कपिल देव, जहीर खान, ईशांत शर्मा और मोहम्मद शमी की लिस्ट में शामिल हो गए हैं।

### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी)** 376/10

| बांग्लादेश (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| इस्लाम ब. बुमराह | 02 | 06 | 0/0 |
| जाकिर ब. आकाश दीप | 03 | 22 | 0/0 |
| शांटो क. कोहली ब. सिराज | 20 | 30 | 3/0 |
| हक ब. आकाश दीप | 00 | 01 | 0/0 |
| रहीम क. राहुल ब. बुमराह | 08 | 14 | 2/0 |
| शाकिब क. पंत ब. जडेजा | 32 | 64 | 5/0 |
| दास क. (स्थानापन्न) ब. जडेजा | 22 | 42 | 3/0 |
| मिराज (नाबाद) | 27 | 52 | 2/1 |
| महमूद क. कोहली ब. बुमराह | 09 | 22 | 2/0 |
| अहमद ब. बुमराह | 11 | 21 | 1/0 |
| राणा ब. सिराज | 11 | 11 | 2/0 |
| **अतिरिक्त** | 04 | | |
| **कुल : (47.1 ओवर)** | 149/10 | | |

**विकेट पतन** : 1-2, 2-22, 3-22, 4-36, 5-40, 6-91, 7-72, 8-112, 9-130, 10-149.

**गेंदबाजी :** बुमराह 11-1-50-4, सिराज 10.1-1-30-2, आकाश दीप 5-0-19-2, अश्विन 13-4-29-0, जडेजा8-1-19-2.

| भारत (दूसरी पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल क. दास ब. राणा | 10 | 17 | 2/0 |
| रोहित क. जाकिर ब. अहमद | 05 | 07 | 1/0 |
| गिल (नाबाद) | 33 | 64 | 4/0 |
| कोहली पगबाधा ब. मिराज | 17 | 37 | 2/0 |
| पंत (नाबाद) | 12 | 13 | 1/1 |
| **अतिरिक्त** | 04 | | |
| **कुल : (23 ओवर)** | 81/3 | | |

**विकेट पतन** : 1-15, 2-28, 3-67

**गेंदबाजी :** अहमद 3-0-17-1, महमूद 5-1-12-0, राणा 3-0-12-0, शाकिब 6-0-20-0, मिराज 6-0-16-1.

### चहल के लगातार दूसरे मैच में पांच विकेट से नॉर्थम्पटनशर की शानदार जीत

**एजेंसी, नॉर्थम्प्टन ( इंग्लैंड )**

भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने लगातार दूसरे मैच में पांच विकेट चटकाए, जिससे नॉर्थम्पटनशर ने इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में लीसेस्टरशर पर 9 विकेट से जीत दर्ज की। पहली पारी में 82 रन पर चार विकेट लेने वाले चहल ने दूसरी पारी में 134 रन पर पांच विकेट लिए।



युजवेंद्र चहल

प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने 9वीं बार पांच विकेट लिए। नॉर्थम्पटनशर ने गुरुवार को यहां काउंटी मैच में लीसेस्टरशर की दूसरी पारी को 316 रन पर समेट दिया। नॉर्थम्पटनशर को इसके बाद जीत के लिए 137 रन की जरूरत थी और टीम ने 30.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर इसे हासिल कर लिया। कप्तान ल्यूक प्रॉक्टर (नाबाद 68) और जॉर्ज बार्टलेट (नाबाद 54) को लक्ष्य का पीछा करने में कोई परेशानी नहीं हुई।

### चीन ओपन के क्वार्टर फाइनल में यामागुची से हारी मालविका बंसोड़

**एजेंसी, चांग्झू ( चीन )**

प्रतिभाशाली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मालविका बंसोड़ चीन ओपन के क्वार्टर फाइनल में दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची की चुनौती से पार पाने में नाकाम रही। जापान की चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज मालविका को सीधे गेमों में 10-21, 16-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

मालविका की हार के साथ ही इस सुपर-1000 टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। इस 22 साल की खिलाड़ी ने इससे पहले अंतिम-16 दौर में दो बार की राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक विजेता और स्कॉटलैंड की 25वीं रैंकिंग वाली क्रिस्टी गिलमोर को शिकस्त दी थी। उन्होंने अंतिम-32 दौर में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का पर यादगार जीत दर्ज की थी। विश्व की पूर्व नंबर-1 खिलाड़ी यामागुची के खिलाफ मालविका की यह लगातार तीसरी हार थी।



### कुल्लू के दो वुशू खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित



चयनित खिलाड़ी वुशू संघ के महासचिव लुदर चंद के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के दो वुशू खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन है। यह जानकारी जिला वूशु संघ के महासचिव लुदर चंद ने दी। उन्होंने बताया कि 33वीं राष्ट्रीय स्तरीय सीनियर वुशू प्रतियोगिता के लिए जिला कुल्लू के 2 राष्ट्रीय वुशू खिलाड़ी अक्षित और मिनेश ठाकुर दोनों का चयन राष्ट्रीय स्तर की वुशू प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दोनों खिलाड़ी पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता भी रह चुके हैं।

इस अवसर पर जिला कुल्लू के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, झाबे राम चेयरमैन, नीलम शर्मा कोषाध्यक्ष, रमा शर्मा सहसचिव के अलावा चेतन लाल, राकेश कुमार, चंद्रेश्वरी, बीना देवी, प्रवीण कुमार, ज्ञान ठाकुर, शेर सिंह ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### धनुष ने जूनियर भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

**एजेंसी, लियोन ( स्पेन )**

भारतीय भारोत्तोलक लोगानाथन धनुष ने आईडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप के 55 किग्रा वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता। यह जूनियर भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप में किसी भारतीय पुरुष एथलीट का पहला पदक है।

इस 17 वर्षीय भारोत्तोलक ने कुल 231 किग्रा का वजन उठाया और स्नैच स्पर्धा में 107 किग्रा का वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। धनुष ने ग्रुप-बी में हिस्सा लिया। ज्यादा वजन उठाने वाले भारोत्तोलकों को ग्रुप-ए में रखा जाता है। इसके बाद ग्रुप-बी और अन्य ग्रुप होते हैं। वियतनाम केडुओंग ने 253 किग्रा से स्वर्ण जबकि जापान के तोमारी कोटारो ने 247 किग्रा से रजत पदक जीता। महिलाओं की स्पर्धा में पायल 45 किग्रा वजन वर्ग में कुल 150 किग्रा के वजन से छठे स्थान पर रही।



लोगानाथन धनुष

### लगातार तीसरी बार काउंटी चैंपियन बना सरे

**लंदन।** सरे अपने करीबी प्रतिद्वंदी समरसेट की हार के बाद इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप क्रिकेट में लगातार तीसरा खिताब जीतने में सफल रहा। यह 1968 के बाद पहला अवसर है जब किसी टीम ने लगातार तीसरी बार काउंटी चैंपियनशिप जीती।

समरसेट की टीम लंकाशर से 168 रन से हार गई थी जिससे सरे ने चैंपियनशिप के एक दौर पहले ही खिताब अपने नाम कर दिया। वह 23वीं बार काउंटी चैंपियन बना है जो यार्कशर के रिकॉर्ड 33 खिताब से 10 कम है।

इससे पहले यार्कशर लगातार तीन काउंटी चैंपियनशिप जीतने वाली आखिरी टीम थी। उसने 1966 से लेकर 1968 तक यह कारनामा किया था।

### पाकिस्तान दौरे पर मुल्तान और रावलपिंडी में टेस्ट मैच खेलेगा इंग्लैंड

**एजेंसी, कराची**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला की मेजबानी मुल्तान और रावलपिंडी करेंगे।

मुल्तान सीरीज के पहले दो टेस्ट की मेजबानी करेगा जिसे सात से 11 अक्टूबर और 15 से 19 अक्टूबर तक खेला जाएगा। अंतिम मुकाबला 24 से 28 अक्टूबर तक रावलपिंडी में होगा।

पीसीबी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट विभाग ने पुष्टि की कि कराची स्टेडियम में निर्माण कार्य के कारण टेस्ट की मेजबानी नहीं कर पाएगा। इंग्लैंड की टीम इस श्रृंखला के लिए दो अक्टूबर को मुल्तान पहुंचेगी।



## शतरंज ओलंपियाड

### महिला टीम को मिली पहली हार, लेकिन संयुक्त बढ़त पर

# भारतीय पुरुष टीम ने ईरान को दी पटकनी

**एजेंसी, बुडापेस्ट**

भारतीय पुरुष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के 8वें दौर में यहां ईरान के खिलाफ 3.5-0.5 से शानदार जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक पर अपना दावे को और मजबूत कर लिया, लेकिन महिलाओं को पोलैंड के हाथों 1.5-2.5 से चौकाने वाली हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय महिला टीम की यह प्रतियोगिता में पहली हार है। ओपन वर्ग में लगातार 8वीं जीत से पुरुष टीम ने कुल 16 अंकों के साथ एकल बढ़त बरकरार रखी है। मेजबान हंगरी, उज्बेकिस्तान तालिका में उससे दो अंक पीछे हैं।

विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन एरिगैसी ने काले मोहरों से आक्रामक शुरुआत कर बर्दिया दानेश्वर को पराजित किया। आगामी विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने शुरुआती टाइम कंट्रोल में ही ईरान के परम मघसूदलू को हरा दिया। आर प्रज्ञानानंद ने अमीन तबाताबेई से ड्रॉ खेला जबकि विदित गुजराती ने इदानी पूया को मात देकर टीम की जीत में अंकों का इजाफा किया। अपने आठ मुकाबलों में व्यक्तिगत 7.5 अंकों के साथ अर्जुन की क्लासिकल लाइव रेटिंग 2792.7 पहुंच गई तो वहीं गुकेश के भी 2784.6 रेटिंग अंक हो चुके हैं। ऐसा पहली बार है कि विश्व रैंकिंग में शीर्ष पांच में दो भारतीय खिलाड़ी हैं।



डी गुकेश

### भारतीय महिला टीम के 14 अंक

**महिला** वर्ग में भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा जब ग्रैंडमास्टर डी हरिका, आर वैशाली क्रमशः पोलैंड की एलिना काशलिंस्काया और मोनिका सोको से अपनी अपनी बाजियां हार गई। दिव्या देशमुख ने एलेक्जेंड्रा माल्टसेव्स्काया को हराकर मुकाबले में भारत की वापसी कराई। वंतिका अग्रवाल बेहतर स्थिति में होने के बावजूद एलिक्जा स्लिविका के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम रही।



यह मुकाबला ड्रा पर छूटा जिससे टीम को टूर्नामेंट में पहली हार का सामना करना पटड़ा। भारतीय महिला टीम के नाम 14 अंक है। टीम पोलैंड और कजाखस्तान के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। 9वें दौर में भारतीय पुरुष उज्बेकिस्तान से और महिला टीम अमेरिका से भिड़ेंगी।

### ट्रेविस की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराया

**एजेंसी, नॉटिंघम**

ट्रेविस हेड (नाबाद 154) की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को शुरुआती एकदिवसीय को 36 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज बढ़त कायम की। इंग्लैंड की टीम गुरुवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए 50वें ओवर में 315 रन पर आउट हो गई, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट गंवा कर 44वें ओवर की आखिरी गेंद पर लक्ष्य हासिल कर इस प्रारूप में लगातार 13वां मैच जीता।

हेड के वनडे करियर का यह छठा शतक था। उन्होंने 10 महीने पहले विश्व कप फाइनल में भारत पर ऑस्ट्रेलिया की जीत में 137 रनों की ऐसी ही आक्रामक पारी खेली थी। इससे पहले बेन डकेट (95 रन) और विल जैक्स (62 रन) के अर्धशतक की बदौलत इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 316 रन का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड की टीम ने 32 ओवर में दो विकेट पर 211 रन बना लिए थे, लेकिन टीम 49.4 ओवर में 315 रन पर सिमट गई।

